# समवेत शिखर

36 वां स्थापना वर्ष

वर्ष-36 अंक-212 | रायपुर, शनिवार 20 दिसंबर 2025 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com









## फर्स्ट कालम



### यूपीएससी और राज्य लोक सेवा आयोग भविष्य के लिए तैयार सिविल सेवाओं के निर्माण की कुंजी है : राष्ट्रपति

**हैदराबाद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को भारत के प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और राज्य लोक सेवा आयोगों (पीएससी) की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए सिविल सेवा भर्ती प्रकिया में ईमानदारी, पारदर्शिता और तकनीकी तैयारी पर अधिक जोर देने का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने यहां रामोजी फिल्म सिटी में लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि एक ऐसे मंच में भाग लेना सौभाग्य की बात है जो देश भर से यूपीएससी और राज्य लोक सेवा आयोगों के प्रमुखों को एक साथ लाता है।

### अनिल अंबानी के बेटे अनमोल से ईडी ने पूछताछ की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अंबानी से दिल्ली में पूछताछ की है। यह पूछताछ बैंक लोन फ्रॉड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की गई है। पीटीआई के मुताबिक ईडी ने 34 वर्षीय जय अनमोल का बयान प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। पूछताछ की प्रक्रिया शनिवार को भी जारी रहने की संभावना है। ईडी की यह जांच यस बैंक से जुड़े एक मामले से संबंधित है।

### बांग्लादेश में फिर हिंसा भड़की छात्र नेता का शव पहुंचने के बाद ढाका में आगजनी

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना के विरोधी नेता उस्मान हादी का शव शुक्रवार शाम सिंगापुर से ढाका पहुंचा। इस बीच ढाका में आंदोलनकारी फिर हिंसक हो गए और उदिची संस्था के कार्यालय को जला दिया। ये संस्था कट्टरपंथियों के विरोध में काम करती है। बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक, हत्यारों को ट्रांसपोर्टेशन में सपोर्ट करने वाले आरोपियों ने अदालत में हत्या के मुख्य आरोपी फैसल करीम के भारत भागने का दावा किया है। इधर भारतीय सेना भी एक्टिव हो गई है और बांग्लादेश के हालात पर नजर बनाए हुए है। ईस्टर्न कमांड प्रमुख ले. जनरल आरसी तिवारी ने गुरुवार शाम भारत-बांग्लादेश सीमा का दौरा किया है।

### यूक्रेन नाटो में शामिल होने की जिद छोड़े, तभी शांति आएगी : पुतिन

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शुक्रवार दोपहर सालाना ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस कर



रहे हैं। इस दौरान पुतिन ने यूक्रेन युद्ध पर अपनी पुरानी दलीलें दोहराईं। उन्होंने कहा, रूस शांति के रास्ते से युद्ध खत्म करने को तैयार है, लेकिन यूक्रेन को नाटो में शामिल होने की जिद छोड़नी होगी। तभी शांति आएगी। वहीं, यूरोपीय संघ के रूस की संपत्ति जब्त करने के सवाल पर पुतिन ने कहा कि यूरोपीय संघ चोरी नहीं, डकैती कर रहा है। चोरी तो छिपकर होती है, ये सब खुलेआम हो रहा है, लेकिन रूस अपनी संपत्ति वापस लेकर रहेगा। यह पुतिन का 22वां सालाना संवाद है। इस दौरान वह आम लोगों और मीडिया के सवालों के जवाब दे रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परंपरागत चिकित्सा पर आयोजित दूसरे डब्ल्यूएचओ के वैश्विक सम्मेलन के समापन में शामिल हुए

# योग ने पूरी दुनिया को स्वास्थ्य, संतुलन और सामंजस्य का मार्ग दिखाया : पीएम मोदी

**नई दिल्ली (ए)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन के साथ शुक्रवार को परंपरागत चिकित्सा पर आयोजित दूसरे विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लयूएचओ) के वैश्विक सम्मेलन का समापन हुआ।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में तीन दिनों तक चले इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में दुनिया भर से आए पारंपरिक चिकित्सा से जुड़े विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं और स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने गहन और सार्थक विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस घेब्रेयेसस, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव भी मौजूद थे।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें खुशी है कि भारत पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में दुनिया के लिए एक मजबूत और भरोसेमंद मंच के रूप में उभर रहा है। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए डब्लयूएचओ, भारत सरकार के आयुष मंत्रालय और सम्मेलन में शामिल सभी प्रतिभागियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह भारत के लिए सौभाग्य और गर्व की बात है कि डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन की स्थापना गुजरात के जामनगर में हुई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में पहले वैश्विक सम्मेलन के दौरान दुनिया ने भारत पर भरोसा जताते हुए यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी थी। श्री मोदी ने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली का एक अहम हिस्सा योग है। योग ने पूरी दुनिया को स्वास्थ्य, संतुलन और सामंजस्य का मार्ग दिखाया है। उन्होंने बताया कि भारत के प्रयासों और 175 से अधिक देशों के सहयोग से संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया। आज योग दुनिया के कोने-कोने तक पहुंच चुका है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने योग के प्रचार-प्रसार में योगदान देने वाले लोगों को प्रधानमंत्री पुरस्कार भी प्रदान किये। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी बताया कि आज दिल्ली में डब्ल्यूएचओ के दक्षिण-पूर्व (साउथ-ईस्ट) क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया गया है। उन्होंने इसे भारत की ओर से दुनिया को दिया गया एक विनम्र उपहार बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय शोध, नियम निर्धारण और क्षमता निर्माण के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में कार्य करेगा। श्री मोदी ने आयुर्वेद पर बात करते हुए कहा कि इसमें संतुलन को ही स्वास्थ्य माना गया है। उन्होंने कहा कि आज संतुलन बहाल करना (रिस्टोरिंग बैलेंस) आज वैश्विक आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली, कम शारीरिक श्रम और आधुनिक सुविधाओं के कारण मानव शरीर के सामने नई स्वास्थ्य चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। ऐसे में पारंपरिक चिकित्सा की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने पारंपरिक चिकित्सा की सुरक्षा और प्रमाणिकता के मुद्दे पर चर्चा करते हुये अश्वगंधा का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि औषधि सदियों से भारत की पारंपरिक चिकित्सा का हिस्सा रही है। श्री मोदी ने कहा कि कोविड-19 के दौरान इसकी वैश्विक मांग बढ़ी। उन्होंने कहा कि भारत अब शोध और साक्ष्य आधारित प्रमाणों के माध्यम से अश्वगंधा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ा रहा है। इस अवसर पर अश्वगंधा पर डाक टिकट भी जारी किया गया। सम्मेलन में पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के मेल, डिजिटल तकनीक, एआई टूल्स और अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर भी चर्चा हुई। साथ ही दिल्ली डिक्लेरेशन को सम्मेलन की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया। श्री मोदी ने सम्मेलन के समापन के साथ यह संदेश दिया गया कि पारंपरिक चिकित्सा अब लोकल से ग्लोबल (स्थानीय से वैश्विक) की दिशा में आगे बढ़ रही है और भारत इस वैश्विक प्रयास में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### पीएम मोदी ने गोवा मुक्ति दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गोवा मुक्ति दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की और इसे भारत की राष्ट्रीय यात्रा का एक महत्वपूर्ण अध्याय बताया। श्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ÷गोवा मुक्ति दिवस हमें हमारी राष्ट्रीय यात्रा के एक महत्वपूर्ण अध्याय की याद दिलाता है। हम उन लोगों के अदम्य साहस को याद करते हैं जिन्होंने अन्याय को स्वीकार करने से इनकार कर दिया और साहस और दृढ़ विश्वास के साथ स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने आगे कहा, उनके बलिदान हमें गोवा की चौतरफा प्रगति की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन का नाम लोक भवन किए जाने की घोषणा की। उन्होंने उन स्वतंत्रता सेनानियों और गुमनाम नायकों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने औपनिवेशिक शासन का विरोध किया और ऑपरेशन विजय के माध्यम से 19 दिसंबर 1961 को गोवा को आजादी दिलायी और 450 से अधिक वर्षों के पुर्तगाली प्रभुत्व को समाप्त किया। राज्यपाल ने गोवा की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए शत प्रतिशत साक्षरता, 'गोवा बियॉन्ड बीचेज' पहल के तहत स्थायी और समावेशी पर्यटन, और खेल और सांस्कृतिक विकास में प्रगति जैसी उपलब्धियों का उल्लेख किया।

# रायपुर समेत देशभर के 30 ठिकानों पर ईडी के छापे

- रायपुर में बिल्डर के ठिकाने पर ईडी की रेड
- मुंबई-बेंगलुरु समेत जयकॉर्प के 30 ठिकानों पर दबिश
- 2,434 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग केस में जांच

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर/मुंबई/नागपुर/बेंगलुरु।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को रायपुर, मुंबई, नागपुर समेत देशभर में 30 से अधिक ठिकानों पर दबिश दी। ईडी ने देशभर में यह कार्रवाई जय कॉर्प लिमिटेड के निदेशक आनंद जयकुमार जैन से जुड़े 2434 करोड़ की धोखाधड़ी, मनी लॉन्ड्रिंग केस में की है। जांच एजेंसी दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड की तलाशी ले रही है।

जानकारी के मुताबिक रायपुर के एक बिल्डर के ठिकानों पर ईडी ने छापा मारा है। 2 गाड़ियों में पहुंची ईडी की टीम में 5 अधिकारी और 5 सुरक्षाकर्मी शामिल हैं, जो ऑफिस में जांच के साथ-साथ कर्मचारियों से पूछताछ कर रहे हैं। एजेंसी को शक है कि रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट के नाम पर जुटाया गया पैसा विदेशी कंपनियों को ट्रांसफर किया गया था। एजेंसी संदिग्ध ट्रांजेक्शन, ऑफशोर अकाउंट्स और शेल कंपनियों की कड़ियों को जोड़ने की कोशिश कर रही है। कई कंपनियों और बड़े कारोबारी समूह भी जांच के दायरे में आ सकते हैं। जानकारी के मुताबिक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी कार्रवाई का दायरा कई राज्यों तक फैलाया है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर, महाराष्ट्र के नासिक, कर्नाटक के बेंगलुरु और मुंबई के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। मुंबई में ईडी की टीम करीब 20 ठिकानों पर जांच कर रही है, जबकि रायपुर, नासिक और बेंगलुरु में लगभग 10 ठिकानों पर दबिश दी है। बताया जा रहा है कि जांच का मुख्य फोकस जय कॉर्प लिमिटेड के निदेशक और उद्योगपति आनंद जयकुमार जैन, उनकी सहयोगी कंपनियों और उनके व्यापारिक साझेदारों पर है।

**क्या है पूरा मामला :** दरअसल, सीबीआई ने आनंद जयकुमार जैन, उनकी कंपनी जय कॉर्प लिमिटेड, कारोबारी पराग शांतिलाल पारेख और कई अन्य कंपनियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आनंद जैन मशहूर गेमिंग कंपनी ड्रीम11 के को-फाउंडर हर्ष जैन के पिता हैं, जिससे यह मामला और भी हाई-प्रोफाइल हो गया है। बॉम्बे हाईकोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ने इस केस में एफआईआर दर्ज की। जांच के लिए एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) का गठन किया। इससे पहले मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को दिसंबर 2021 और अप्रैल 2023 में इस मामले से जुड़ी शिकायतें मिली थीं। एफआईआर के अनुसार, मई 2006 से जून 2008 के बीच आनंद जैन और अन्य आरोपियों ने दो कंपनियां बनाईं। इन कंपनियों के जरिए मुंबई और अन्य शहरों में रियल एस्टेट डेवलपमेंट के नाम पर निवेशकों से करीब 2,434 करोड़ की राशि जुटाई गई।

## शीत सत्र : लोकसभा व राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

### सत्र में वीबी- जी राम जी समेत कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए

**नई दिल्ली (ए)।** संसद के शीतकालीन सत्र का शुक्रवार को अवसान हो गया। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चतकाल के लिए स्थगित कर दी गई। 18वीं लोकसभा के छठे सत्र में सदन की उत्पादकता 111 प्रतिशत रही और इस दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सदस्यों को सूचित करते हुए कहा कि अब हम 18वीं लोकसभा के छठे सत्र की समाप्ति की ओर आ गये हैं। इस सत्र में हमने 15 बैठकें की। आप सभी के सहयोग से इस सत्र में सदन की उत्पादकता लगभग 111 प्रतिशत रही। इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों ने देर रात तक सदन चलाने में सहयोग किया, इसके लिए धन्यवाद देता हूं। उसके बाद अध्यक्ष ने लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी ।



### राज्यसभा का यह सत्र काफी सार्थक रहा: सभापति राधाकृष्णन

राज्यसभा में सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सदन के समवेत होते ही जरूरी विधायी दस्तावेज सदन के पटल पर रखे जाने के बाद सदस्यों से कहा कि हम 269वें सत्र के समापन पर आ गये हैं। कार्यवाही स्थगित करने से पहले अपनी टिप्पणी में उन्होंने कहा कि यह सत्र काफी सार्थक रहा और सदस्यों ने जरूरी विधायी कामकाज पूरा कराने में अच्छा सहयोग दिया। उन्होंने पहली बार सदन की कार्यवाही के संचालन में उनका सहयोग करने के लिए सभी सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि राज्यसभा का 269वां सत्र उपलब्धियों भरा रहा है। इस दौरान शून्यकाल में प्रतिदिन औसतन 15 विषय उठाये गये और 87 विषय विशेलष उल्लेख के तहत उठाये गये।

### महुआ मोइत्रा के खिलाफ सीबीआई चार्जशीट दाखिल नहीं करेगी

**नई दिल्ली (ए)।** पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में सीबीआई फिलहाल टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल नहीं करेगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को लोकपाल की ओर से चार्जशीट फाइल करने की मंजूरी को रद्द कर दिया है। यह मंजूरी 12 नवंबर को दी गई थी। जस्टिस अनिल क्षतरपाल और हरीश वैद्यनाथन शंकर की बेंच ने कहा- हमारा मानना है कि लोकपाल ने इस मामले में गलती की है। कोर्ट ने लोकपाल से कहा है कि वह लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम की धारा 20 के तहत एक महीने के भीतर कानून के अनुसार दोबारा फैसला करे। सुनवाई के दौरान महुआ मोइत्रा के वकील ने दलील दी कि लोकपाल ने मंजूरी देते समय कानूनी प्रक्रिया का सही तरीके से पालन नहीं किया। कानून के मुताबिक किसी जनप्रतिनिधि के खिलाफ मंजूरी देने से पहले उनकी टिप्पणी लेना जरूरी होता है, जो नहीं ली गई।



# शराब घोटाला केस : 14 दिन की ईडी रिमांड पर सौम्या चौरसिया

- सौम्या को मिले 115 करोड़, सिंडिकेट ने कमाए 2500 करोड़
- पूर्व आबकारी आयुक्त निरंजन दास भी गिरफ्तार

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की डिप्टी सेक्रेटरी सौम्या चौरसिया को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पीएमएलए कोर्ट ने सौम्या चौरसिया को 14 दिन की रिमांड पर भेज दिया है। वहीं ईडी ने पूर्व आबकारी आयुक्त निरंजन दास को भी अरेस्ट किया है।

ईडी ने शुक्रवार को निरंजन दास को प्रोडक्शन रिमांड पर कोर्ट में पेश किया। पुलिस कड़ी सुरक्षा के बीच जेल से कोर्ट लेकर पहुंची। ईडी अब निरंजन दास की कस्टोडियल रिमांड की मांग करेगी। एजेंसी का कहना है कि मामले में गहन पूछताछ जरूरी है, क्योंकि सौम्या से पूछताछ के दौरान कई अहम तथ्य सामने आए हैं। वहीं ईडी ने पप्पू बंसल उर्फ लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, तांत्रिक केके श्रीवास्तव और कारोबारी अनवर ढेबर के होटल मैनेजर दीपेन चावड़ा के बयान के आधार पर सौम्या चौरसिया को गिरफ्तार किया है। ईडी को सौम्या, रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा और अनवर ढेबर-चैतन्य बघेल के बीच हुई चैट्स में कई अहम सबूत भी मिले हैं। ईडी के मुताबिक एलीबी/ ईओडब्ल्यू ने आईपीसी, 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत दर्ज एफआईआर दर्ज की है। इसी आधार पर जांच शुरू की। जांच में पता चला है कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से राज्य के खजाने को बड़ा नुकसान हुआ। 2500 करोड़ रुपए से ज्यादा की अवैध कमाई (पीओसी) हुई।

## तमिलनाडु में एसआईआर से 97 लाख वोटर के नाम कटे, गुजरात में 73 लाख नाम हटाए

### राजस्थान-बंगाल में 1 करोड़ से ज्यादा नाम कट चुके

**चेन्नई/गांधीनगर (ए)।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार शाम तमिलनाडु, गुजरात में कराए गए स्पेशल इंटेसिव रिवीजन की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की। तमिलनाडु में 97 लाख से ज्यादा नाम काटे गए हैं। एसआईआर से पहले राज्य में वोटर्स की संख्या 6.41 करोड़ थी। अब घटकर 5.43 करोड़ हो गई है।

राज्य में अब 2.66 करोड़ पुरुष, 2.77 करोड़ महिलाएं और 7,191 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। चेन्नई में सबसे ज्यादा 14.25 लाख वोटर्स के नाम हटाए गए। पहले यहां 40.04 लाख वोटर्स थे अब 25.79 लाख रह गए हैं। कोयंबटूर में 65 लाख, डिंडीगुल में 23 लाख नाम काटे गए हैं। गुजरात की जारी नई एसआईआर लिस्ट में 73.73 लाख से ज्यादा वोटर्स के नाम कम हुए हैं। राज्य में पहले 5.08 करोड़ से ज्यादा वोटर्स रजिस्टर्ड थे।



**सुरक्षा** केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने बंदरगाहों की सुरक्षा के लिए विशेष संस्था के गठन पर किया विचार विमर्श

# समुद्री पोत और बंदरगाहों की सुरक्षा के लिए ब्यूरो ऑफ़ पोर्ट सिक्योरिटी का होगा गठन

**नई दिल्ली (ए)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश में समुद्री पोतों और बंदरगाह सुविधाओं की सुरक्षा के लिए नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो की तर्ज पर एक विशेष संस्था, ब्यूरो ऑफ़ पोर्ट सिक्योरिटी (बीओपीएस) के गठन पर शुक्रवार को विशेष बैठक में गहन विचार विमर्श किया। बैठक में बंदरगाह, जहाजरानी तथा जलमार्ग मंत्री और नागरिक उड्डयन मंत्री भी शामिल हुए।

श्री शाह ने देश भर में मजबूत बंदरगाह सुरक्षा ढांचा स्थापित करने की जरूरत बताते हुए निर्देश दिया कि सुरक्षा उपायों को कमियों, व्यापार क्षमता, स्थान और अन्य संबंधित मापदंडों को ध्यान में रखते हुए चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाना चाहिए। ब्यूरो ऑफ़ पोर्ट सिक्योरिटी का गठन नए मर्चेंट शिपिंग एक्ट 2025 की धारा 13 के प्रावधानों के तहत एक वैधानिक निकाय के रूप में किया जाएगा। ब्यूरो का नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा के महानिदेशक स्तर के अधिकारी करेंगे और यह बंदरगाह, जहाजरानी तथा जलमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत काम करेगा। यह समुद्री पोतों और बंदरगाह सुविधाओं की सुरक्षा से संबंधित नियामक और निगरानी कार्यों के लिए जिम्मेदार होगा। यह नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो की तर्ज पर बनाया जा रहा है। एक वर्ष की ट्रांज़िशन अवधि के दौरान शिपिंग महानिदेशक इसके महानिदेशक के रूप में काम करेंगे।



ब्यूरो सुरक्षा से संबंधित जानकारी के समय पर विश्लेषण, संग्रह और आदान-प्रदान को भी सुनिश्चित करेगा जिसमें साइबर सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसमें बंदरगाह के सूचना प्रौद्योगिकी इंफ्रास्ट्रक्चर को डिजिटल खतरों से बचाने के लिए एक समर्पित डिवीजन भी शामिल होगा।

बंदरगाह सुरक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को बंदरगाह सुविधाओं के लिए एक मान्यता प्राप्त सुरक्षा संगठन के रूप में नामित किया गया है, जिसकी जिम्मेदारी सुरक्षा मूल्यांकन करने और बंदरगाहों के लिए सुरक्षा योजनाएं तैयार करने की होगी।

सीआईएसएफ को बंदरगाह सुरक्षा में लगी निजी सुरक्षा एजेंसियों को प्रशिक्षित करने और उनकी क्षमता निर्माण का भी काम सौंपा गया है। बैठक के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि समुद्री सुरक्षा ढांचे से सीखे गए सबक को विमानन सुरक्षा क्षेत्र में भी लागू किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा मीडिया स्नेह मिलन

**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर परिसर में अंतरराष्ट्रीय ट्रेनर एवं मोटिवेशनल स्पीकर प्रोफेसर ई.वी. गिरीश (मुंबई) के आगमन पर दुर्ग प्रेस क्लब से जुड़े समस्त प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों के लिए स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी दुर्ग की संचालिका रीटा दीदी ने मीडिया जगत के सभी भाई-बहनों का तिलक एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर गिरीश द्वारा बहुप्रतीक्षित शिविर च्वाह ज़िंदगी वाहज्ञ की विस्तृत जानकारी दी गई।उन्होंने बताया कि यह शिविर 21 दिसम्बर से 25 दिसम्बर 2025 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रतिदिन प्रातः 8 से 9 बजे एवं संध्या 7 से 8 बजे दो सत्र होंगे। शिविर के माध्यम से संकल्प, संबंध और कर्म में मधुरता लाने की कला सिखाई जाएगी, ताकि आने वाला नया वर्ष 2026 खुशियों, उमंग और तनावमुक्त जीवन के साथ शुरू किया जा सके।



### 'मम्मा मेरी सुनो जरा' का विमोचन 21 को

**भिलाई।** अगासदिया एवं वैभव प्रकाशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विमोचन समारोह में छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बालगीतकार कमलेश चंद्राकर के पांचवे बालगीत संग्रह 'मम्मा मेरी सुनो जरा' का विमोचन रविवार 21 दिसंबर को भिलाई निवास में 3 बजे होगा। दिल्ली के अंर्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बाल साहित्य सरजक दिविक रमेश विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा करेंगे। वरिष्ठ साहित्यकार रवि श्रीवास्तव सद्भावना, दर्पण पत्रिका के संपादक गिरीश पंकज विशेष अतिथि होंगे।

### शान-ए-गरीब नवाज के उर्स मुबारक के मौके पर होंगी, आज महफिल-ए- क़व्वाली

**दुर्ग।** शान-ए-ख्वाजा के बैनर तले 20 दिसम्बर को रात्रि 8 बजे से काबुली सरकार के दरगाह के सामने पुराना बस स्टैंड में शहंशाह -ए- हिन्दुस्तान, हिन्द वली सरकार ,ख्वाजा गरीब नवाज के 814 वां उर्स मुबारक के मौके पर महफिले-ए- क़व्वाली का कार्यक्रम रखा गया हैं । जिसमें अंचल के ख्याति लब्ध फनकार शाहिद-आरिफ एण्ड पार्टी द्वारा ख्वाजा गरीब नवाज के शान में बेहतरीन कलाम पेश करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथीयों में कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, छेत्रीय सांसद विजय बघेल, विधायकगण रिकेश सेन, ललित चंद्राकर,छत्तीसगढ़ राज्य वक़्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक,छत्तीसगढ़ राज्य वक़्फ़ बोर्ड के सदस्य फिरोज खान, सलाना उर्स पाक कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश देशलहरा, महिला विंग छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष श्रीमती डॉ मानसी गुलाटी, समाज सेवी इन्द्रजीत सिंह( छोटू) ,डॉ रुबीना कैलाश चंद्र बरमेचा, फ़ज़ल फारुखी, सैयद आशिफ अली, शुफ़्यिांन भाई, शाहिल राउफी,शेख रजा, उपासना फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ सुबीर सेन, उपभोक्ता फोरम बेमेतरा के सदस्य एवं प्रथम महिला नोटरी श्रीमती सलमा शरीफ़ समाजसेवी मेघा कौर, सहित पुलिस जिला महिला काउंसलर शहाना कुरैशी मौजुद रहेंगी।



## कारागार निरीक्षण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में हुआ

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण सालसा के निर्देशानुसार तथा माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट पिटीशन (सिविल) क्रमांक 1404/2023 सुकन्या संस्था बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य में पारित आदेश दिनांक 03.10.2025 की कण्डिका 231 (III) के अंतर्गत गठित ÷बोर्ड ऑफ विजिटर्स÷ एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एम.ए. क्रमांक 2034/2020 सह एम.ए. क्रमांक 1849/2021 तथा एस.एल.पी. (क्रिमिनल) क्रमांक 5191/2021 सतेन्द्र कुमार अंतिल बनाम सीबीआई एवं अन्य के आदेश 13.02.2024 के अनुपालन में गठित ÷एम्पावर्ड समिति÷ द्वारा दिनांक 19 दिसंबर 2025 को जिला कारागार का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कबीरधाम एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। निरीक्षण दल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री अमन तिग्गा, कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह छवई, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्री विनय कुमार पोयाम, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एफआर. वर्मा सहित जेल मैनुअल 2016 के अंतर्गत गठित समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान जेल के बैरकों, स्नानागार, जेल परिसर की स्वच्छता, बंदियों के भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं, पीने के पानी की व्यवस्था, जाति आधारित भेदभावपूर्ण प्रथाओं की स्थिति, बंदियों की संख्या एवं बैरकों की क्षमता का अवलोकन किया गया। साथ ही रसोई कक्ष की स्वच्छता, खेल एवं व्यायाम के साधन, प्रशिक्षण सुविधाएं तथा जेल परिसर में बागवानी एवं स्वच्छता व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उपरांत माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा सहायक जेल अधीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## जिले में धान खरीदी सुचारू, पारदर्शी एवं किसान–हितैषी ढंग से हो रही संचालित

### जिले के 39 हजार से अधिक किसानों ने 1,92,763 मीट्रिक टन बेचा धान

समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान खरीदी अभियान पूरी तरह सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। जिले के सभी 108 धान उपार्जन केंद्रों में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। किसान अपने-अपने उपार्जन केंद्रों में पहुंचकर आसानी से धान का विक्रय कर रहे हैं, जिससे उनमें संतोष और विश्वास का निर्मित हुआ है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से तथा प्रति एकड़ 21 क्विंटल की मानक सीमा के अनुसार धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के प्रभावी निर्देशन एवं सतत निगरानी में धान खरीदी व्यवस्था को सुव्यवस्थित, पारदर्शी और किसान-हितैषी बनाया गया है।

धान खरीदी केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, बायोमेट्रिक डिवाइस, आर्द्रता मापी यंत्र, पेयजल, छांव, श्रमिकों की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। किसानों के धान की गुणवत्ता जांच आर्द्रता मापी यंत्र के माध्यम से की जा रही है, जिससे खरीदी प्रक्रिया निष्पक्ष और मानकों के अनुरूप सुनिश्चित हो रही है। जिले में अब तक 39,198 किसानों ने अपना धान विक्रय कर लिया है। किसानों से कुल 1,92,763 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में अब तक 45,474.05 लाख रुपये का भुगतान किसानों को सीधे उनके खातों में किया जा चुका है, जिससे किसानों को समय पर आर्थिक लाभ मिल रहा है।

धान खरीदी के साथ-साथ धान का उठाव कार्य भी लगातार जारी है। अब तक उपार्जन केंद्रों से 12,665 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है, जिससे भंडारण व्यवस्था पर दबाव नहीं पड़ रहा है और खरीदी कार्य निरंतर जारी है। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने उपार्जन केंद्रों की सतत निगरानी रखने के निर्देश देते हुए कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान खरीदी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## स्कूल में गुरु घासीदास का जन्मोत्सव मनाया गया



समवेत शिखर संवाददाता

**थान खम्हरिया।** नगर में 18 दिसम्बर गुरु घासीदास बाबा के अवतरण दिवस को गुरुज्ञान प्रकाश पर्व के रूप में धूमधाम ने मनायी गयी, इस अवसर पर श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल थानखम्हरिया में गुरु घासीदास बाबा के जन्मोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया जिसमे स्कूली बच्चो ने भाग लिया। इस अवसर पर अतिथि शिक्षक व विद्यार्थियों द्वारा गुरु घासीदास बाबा के तैलचित्र एवं जैतखाम की पूजा अर्चना कर समस्त मानव समाज के लिए सुख, समृद्धि, शान्ति, ज्ञान, बुद्धि, विवेक, उन्नति, विकास तथा अच्छी सेहत की कामना की गई।

कार्यक्रम मे पंथी गीतों और नृत्यों की मोहक प्रस्तुतियों के साथ जय सतनाम के जयकारे से विद्यालय मे धार्मिक वातावरण निर्मित हुआ,इसके अलावा नगर के सतनामी समेज के द्वारा भी 18 दिसंबर की शाम एक भव्य शोभायात्रा निकाली गयी जिसमे युवक व युवतीयो पंथी नृत्य पर जमके थिरके। केपीएस के संस्था प्रमुख श्रीमती योगेश्वरी अहिलेश्वर ने गुरु घासीदास बाबा को नमन करते हुए उनके संदेशों के बारे में कहा कि गुरु घासीदास बाबा छत्तीसगढ़ के महान संत थे उनका विचार सभी मानव समाज के लिए आज भी प्रासंगिक है,घासिदास जी ने समाज मे फैले व्यापक बुराईयो को दूर करने महंती भूमिका निभायी है। उन्होंने कहा कि सतमार्ग, सत्य, अहिंसा, प्रेम, दया, करुणा, भाईचारा, समता, समानता, मानवता का मार्ग है।इस अवसर पर श्री ओमप्रकाश मृचंडे जी, वरिष्ठ शिक्षक नवीन प्राथ. शाला, भाटापारा, श्री कुलेश्वर मस्तके जी वरिष्ठ शिक्षक नवीन प्राथ. शाला शितलावार्ड एवं गुलाम हसनैन तंवर जी वरिष्ठ शिक्षक शास. प्राथ. शाला थान खम्हरिया प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

## जवाहर नगर में 9 लाख के निर्माण कार्य का महापौर ने किया औचक निरीक्षण

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग सीमा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 18 जवाहर नगर गेट से आशीर्वाद भवन तक लगभग 9 लाख रुपये की लागत से चल रहे पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जायजा लेने महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने आज मौके पर पहुंचकर विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, पार्षद सुरुचि उमरे,जितेंद्र राजपूत एवं कार्य के ठेकेदार भी उपस्थित रहे।

महापौर अलका बाघमार ने प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर के संग जवाहर नगर गेट के पास सड़क किनारे चल रहे निर्माण कार्य का बारीकी से निरीक्षण करते हुए पेवर ब्लॉक की फिनिशिंग, लेवलिंग और मजबूती को परखा। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर ब्लॉकों की गलत बिछावट, सतह में असमानता तथा किनारों पर कंक्रीट ढलाई की कमी नही होनी चाहिए।

महापौर अलका बाघमार एवं लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर ने स्वयं मौके पर माप-जोख कर कार्य की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने संबंधित उपअभियंता एवं ठेकेदार को निर्देशित किया कि स्थल पर नियमित निगरानी रखी जाए और निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का निरंतर मूल्यांकन किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

महापौर श्रीमती बाघमार एवं प्रभारी श्री चंद्राकर ने ठेकेदार को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर एवं तय तकनीकी मानकों के अनुसार पूरे किए जाएं। समय पर कार्य पूर्ण नहीं होने या गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान ठेकेदार को निर्देश दिए गए कि पेवर ब्लॉक बिछाने से पहले और बाद में दोनों ओर समुचित कंक्रीट ढलाई की जाए, जिससे ब्लॉक मजबूत एवं लंबे समय तक टिकाऊ बने रहें। साथ ही, ब्लॉकों की सही लेवलिंग, उचित बेस तैयार करने और कार्यस्थल पर साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। जहां-जहां सुधार की आवश्यकता है, वहां तत्काल दुरुस्ती कर पुनः कार्य कराने को कहा गया।

## जिला अध्यक्ष बने चंद्रभान, अजजा समाज में हर्ष



समवेत शिखर संवाददाता

**साजा।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव साय की सहमति से प्रदेश अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्षों नियुक्ति हुआ है।

जिसमें बेमेतरा जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष चंद्रभान ठाकुर को नियुक्त किया गया चंद्रभान ठाकुर साजा जनपद पंचायत के ग्राम बेलगांव के वर्तमान में युवा सरपंच है साथ ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद साजा ईकाई के पुर्व नगर मंत्री रहे चुके है। इस नियुक्ति को लेकर श्री ठाकुर ने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर चंद्रभान ठाकुर को बधाई और शुभकामनाएं देने तांता लगा रहा,साथ ही साजा विधानसभा के विधायक ईश्वर साहू, बेमेतरा भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, साजा जनपद अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, साजा मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू, थान खम्हरिया मंडल अध्यक्ष केशव पटेल,परपोड़ी मंडल अध्यक्ष नारद वर्मा,जिला पंचायत प्रतिनिधि गोवेंद्र गुड्डा पटेल,नगर पंचायत साजा के युवा अध्यक्ष हिमांशु वर्मा, नहप पंचायत साजा के उपाध्यक्ष श्रीमती प्रेरणा लाल सौर्यजीत सिंह,साजा जनपद में विधायक प्रतिनिधि नेतराम साहू,के साथ बीजेपी के कट्टर समर्थकों में हेमंत साहू,लेखपाल यदु त्रिलोकी साहू, नारद देवांगन,कर्मा सम्राट घनश्याम सिंह ठाकुर सहित भारी संख्या में गोंड समाज के प्रमुख एवं जनप्रतिनिधि पदाधिकारियों ने अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित किया है।

## भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई के वासनिक अध्यक्ष और गजभिए महासचिव

### 25 प्रतिनिधियों ने चुनाव किया पदाधिकारियों का

समवेत शिखर संवाददाता



**भिलाई।** प्रदेश में बौद्ध धम्म अनुयायियों की सबसे अधिक सक्रिय संस्था भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई का तीन वर्षों का कार्यकाल पूर्ण होने पर नई कार्यकारिणी गठित कर ली गई है। इसके लिए 14 दिसंबर को वार्डवार 25 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति का निर्वाचन हुआ।

इसके उपरांत 25 प्रतिनिधियों ने 17 दिसंबर को गुप्त मतदान में बैलेट पेपर का उपयोग कर पदाधिकारियों का चुनाव किया। इनमें अध्यक्ष पद पर विनोद वासनिक, उपाध्यक्ष पद पर रंजू खोबरागड़े, महासचिव पद पर वीरेन्द्र गजभिए, सचिव पद पर अशोक नंदेश्वर, कोषाध्यक्ष पद पर हरिकिशन भवते और लेखापाल पद पर अशोक श्याम कुंवर का निर्वाचन किया। चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष एल उमाकांत ने सभी निर्वाचित सदस्यों और पदाधिकारियों को बधाई दी और निर्वाचन प्रक्रिया में सबकी भागीदारी के लिए आभार प्रदर्शित किया।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष का चुनाव कई मायनों में उल्लेखनीय रहा। जिसमें चुनाव संचालन समिति ने न सिर्फ सदस्यता सूची के आधार पर वार्डवार नामांकन, दावा आपत्ति, नाम वापसी, चुनाव चिन्हों का आबंटन की व्यवस्था की बल्कि प्रत्याशियों के लिए आदर्श आचरण संहिता भी बनाई और लागू किया।

इस दौरान बड़ी संख्या में भिलाई दुर्ग शहर के कोने कोने से महिला पुरुष सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रतिनिधि चुनने के लिए उपस्थित हुए। 14 दिसंबर को शाम 5.00 बजे मतदान समाप्ति की अवधि तक कुल 1716 सदस्यों में से 1499 सदस्यों द्वारा मतदान कर ऐतिहासिक रूप से अब तक का सबसे अधिक 87.35 प्रतिशत मतदान दर्ज कराया।इस निर्वाचन के द्वारा 25 प्रतिनिधियों का चुनाव किया गया जिनमें से 3 प्रतिनिधि एस सी गऊरकर, हरिकिशन भवते तथा रंजू खोबरागड़े निर्विरोध निर्वाचित हुए तथा शेष 22 प्रतिनिधि आनंद रामटेके, सविता मेश्राम, देवानंद मेश्राम, ठानेंद्र कामड़े, अशोक कुमार श्यामकुंवर, धीरेंद्र दिगंबर धमगाये, शैलेश कुमार सुखदेवे, प्रदीप सोमकुंवर, जे बी पाटिल, अशोक नंदेश्वर, आशीष चौहान, भागवत राव बागड़े, कीर्ति लांजेवार, कृष्णा राव बंसोड़कर, विनोद वासनिक, प्रीतेश पाटिल, वीरेन्द्र गजभिए, द्वारिका प्रसाद भोईर, धनंजय कुमार मेश्राम, जालेंद्र ऊके, राजेश गजभिए तथा महेंद्र कुमार खोबरागड़े सर्वाधिक मत प्राप्त होने पर निर्वाचित घोषित किए गए। इन्हें मतगणना के तत्काल बाद ही चुनाव संचालन समिति द्वारा विजयी होने का प्रमाणपत्र और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया।

इस सफल मतदान का श्रेय चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष एल उमाकांत, पूर्व जनरल मैनेजर, भिलाई स्टील प्लांट, भारती खांडेकर, सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता, प्रभाकर खोबरागड़े, जनरल मैनेजर सेल और अध्यक्ष डॉ अंबेडकर एग्जीक्यूटिव फ्रेटरनिटी भिलाई, नरेश कुमार मेश्राम, शिक्षाविद तथा अनिल रंगारी, पूर्व बैंक अधिकारी के सामूहिक प्रयासों को जाता है।

## रिटायर कर्मी बोले–सोसाइटी ने पारदर्शिता और त्वरित कामकाज से बनाई अलग पहचान

### नवंबर के रिटायर कर्मियों को दी गई गरिमामय विदाई

समवेत शिखर संवाददाता



**भिलाई।** बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 में समारोह का आयोजन कर माह नवम्बर 2025 में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। इन वरिष्ठ कर्मियों के स्वागत उपरांत सोसाइटी के अध्यक्ष पूरनलाल देवांगन ने सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी।

श्री देवांगन ने सभी वरिष्ठ कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वरिष्ठ कर्मी न सिर्फ भिलाई स्टील प्लांट बल्कि हमारी सोसाइटी की भी धरोहर है और इनके अनुभवों का हम भविष्य में लाभ लेना चाहेंगे। इस दौरान रिटायर कर्मियों ने सम्मान के लिए आभार जताते हुए सोसाइटी से अपने लगाव को लेकर उद्गार व्यक्त किए। ट्रांसपोर्ट एंड डीजल ऑर्गनाइजेशन से सेवानिवृत्त नरेंद्र कुमार रैदास ने कहा कि सेक्टर-4 सोसाइटी ने अपने नाम को सार्थक किया है क्योंकि सोसाइटी का मतलब ही समुदाय होता है और यहां एक ऐसा समुदाय है, जिसे आर्थिक आवश्यकता की पूर्ति के लिए गठित किया गया। उन्होंने कहा कि मैंने अपने सेवाकाल में मोटरसाइकिल, मकान बनाने भूखंड, बच्चों की पढ़ाई से लेकर शादी तक के लिए सोसाइटी से लोन लिया। पीपीएंडसी से सेवानिवृत्त संजय द्विवेदी ने कहा- मुझे मेरे वरिष्ठ कर्मियों ने सोसाइटी का सदस्य बनाया था। यहां के लोगों का व्यवहार अविस्मरणीय रहा। ब्लास्ट फर्नेस से रिटायर नरेंद्र प्रकाश त्रिपाठी ने कहा- सेक्टर-4 सोसाइटी की ख्याति चारो ओर है। यहां हर काम त्वरित गति से होता है। सिंटर प्लांट-2 से रिटायर अमृतलाल चंद्राकर ने सोसाइटी के संदर्भ में शेर पढ़े और कहा कि यहां बहुत ही कम समय में कार्य निष्पादित होता है ,सहज सरल लोन और सहयोग यहां हमेशा मिला। मशीन असेंबलिंग एंड रि-इंजीनियरिंग शॉप-1 से रिटायर दीपक कुमार घुड़े ने कहा कि यहां स्टाफ और संचालक मंडल सभी का सहयोगात्मक रवैया रहा। मैंने अपने पूरे सेवाकाल में रायपुर से भिलाई आना-जाना किया और जब भी कोई परेशानी आई तो सेक्टर-4 सोसाइटी सबसे पहले सामने आई।

सिंटर प्लांट-3 से रिटायर के सत्यनारायण रेड्डी ने कहा कि मेरी आर्थिक स्थिति मेरी खराब थी और जब भी मुझे लोन की जरूरत पड़ी तुरंत मिल गया। उन्होंने कहा कि सेक्टर-4 सोसाइटी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य कर रही है। इंस्ट्रूमेंटेशन से रिटायर रवि विक्रम अग्रवाल ने कहा- पहले तनख्वाह कम थी और खर्च ज्यादा था ऐसे में जब सेक्टर-4 सोसाइटी के सदस्य बनें तो बहुत सी आर्थिक जरूरतें सोसायटी के लोन से पूरी होती गई और कभी आर्थिक अभाव वाली स्थिति नहीं आई। संचालक मंडल सदस्य वेद प्रकाश सूर्यवंशी ने कहा कि रिटायर कर्मियों के उद्गार बताते हैं कि हमारी सोसाइटी ने सदस्यों के बीच किस हद तक विश्वास अर्जित किया है। इस अवसर पर कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से पवन कुमार साहू,कंवल सिंह,आदूराम गोयल, फाउंड्री एंड पैटर्न शॉप से नारद कुमार ठाकुर, गिरधारी लाल मंडावी, ऑक्सीजन प्लांट-2 से चंद्रिका प्रसाद गेंड्रे, स्टील मेल्टिंग शॉप-2 से सुरेंद्र कुमार प्रीतम, केशवराम सुन्हले, शिक्षा विभाग से होरीलाल, रिसर्च एंड कंट्रोल लैब से केशुराम, मशीन असेंबलिंग एंड रि-इंजीनियरिंग शॉप-1 ओमप्रकाश वर्मा और फाउंड्री शॉप से एसएन भट्टाचार्य ने भी अपनी बातें रखी और सोसाइटी के साथ अपने संबंधों को याद किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष असमां परवीन, अशोक राठौर, संचालक मंडल सदस्य विपिन बन्छोर, जानकी राव, सतानंद चंद्राकर और नितिशा साहू तथा सोसायटी के कर्मियों में मैनेजर सुदीप बनर्जी, पिजुष कर, नारायण साहू एवं सुरेश कुमार सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## समान न्याय की परिकल्पना को साकार करने प्रभावी माध्यम बनकर उभरी हैं लोक अदालतें : न्यायमूर्ति सिन्हा

### राष्ट्रीय लोक अदालत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया मुख्य न्यायाधीश ने

समवेत शिखर संवाददाता




**दुर्ग।** राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रदर्शन एवं मूल्यांकन पर द्वितीय राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन 18 दिसम्बरको छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के बिलासपुर स्थित सभागार में किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ के सहयोग आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य में राष्ट्रीय लोक अदालत प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु उपलब्धियों की समीक्षा एवं प्रदर्शन का मूल्यांकन करना था।

सम्मेलन की अध्यक्षता न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ एवं मुख्य संरक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने की। वहीं सह-अध्यक्षता न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल, न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ एवं कार्यपालक अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा न्यायमूर्ति पार्थ प्रतीम साहू, न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ एवं अध्यक्ष, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति ने की। न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने अपने अभिभाषण में इस बात पर विशेष बल दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालतें भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39-क में निहित समान न्याय की परिकल्पना को साकार करने का एक अत्यंत प्रभावी माध्यम बनकर उभरी हैं। उन्होंने बताया कि विगत नौ राष्ट्रीय लोक अदालतों के दौरान कुल 2,27,18,454 मामलों का अभूतपूर्व निपटारा किया गया है तथा कुल प्रकरणों के निस्तारण के संदर्भ में छत्तीसगढ़ निरंतर राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष पाँच राज्यों में स्थान प्राप्त करता रहा है। उन्होंने इन उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों, समस्त न्यायिक अधिकारियों एवं पैरा लीगल वॉलंटियर्स के अथक प्रयासों की सराहना करते हुए उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# राज्य को 18 क्षेत्रों में 7.83 लाख करोड़ रूपए के 219 निवेश प्रस्ताव मिले : मंत्री देवांगन

- कहा-संरचनात्मक सुधारों से छत्तीसगढ़ में निवेशकों का भरोसा बढ़ा जमीनी क्रियान्वयन तेज
- नए उद्योगों से बढ़ेगा रोज़गार के अवसर
- 50 फीसदी निवेश सेमीकंडक्टर-एआई से लेकर सीमेंट, बिजली में

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** सरकार के साल पूरे होने पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन देवांगन ने शुक्रवार को नवा रायपुर के संवाद कार्यालय के ऑडिटोरियम में प्रेस कांफ्रेंस कर विभाग की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ अब सिर्फ निवेश आकर्षित नहीं कर रहा उन्हें तेज़ी से ज़मीन पर भी उतार रहा है। नवंबर 2024 से अब तक राज्य ने 18 क्षेत्रों में 7.83 लाख करोड़ रूपए के 219 निवेश प्रस्ताव हासिल किए हैं। इनमें सेमीकंडक्टर और एआई से लेकर सीमेंट, बिजली और मैन्युफैक्चरिंग तक शामिल हैं। ये परियोजनाएँ राज्य के अन्य जिलों में फैली हैं, जिनसे 1.5 लाख रोजगार सृजित होंगे और यह पूरे राज्य में संतुलित विकास की ओर एक बड़ा संकेत है। नए उद्योगों से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे द्य प्रेस वार्ता में सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, सचिव उद्योग रजत कुमार, संचालक उद्योग प्रभात मालिक, सीएसआईडीसी के प्रबंध संचालक विश्वेश कुमार मौजूद थे।

**हर 5 में से 1 निवेश आदिवासी बहुल बस्तर संभाग में :** उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि अब निवेश केवल रायपुर तक सीमित नहीं हैं। प्रस्तावित निवेशों की विशेष बात ये है कि हर 5 में से 1 निवेश (21 प्रतिशत) आदिवासी बहुल बस्तर संभाग में हैं। 33 प्रतिशत रायपुर संभाग में और 46 प्रतिशत बिलासपुर, दुर्ग और सरगुजा संभागों में। निवेश में क्षेत्रीय विविधता ने मजबूती दी है। लगभग 50 प्रतिशत निवेश प्राथमिक (थ्रस्ट) क्षेत्रों में हैं जैसे सेमीकंडक्टर और एआई डेटा सेंटर पार्क वहीं सीमेंट और बिजली जैसे पारंपरिक उद्योग भी मजबूत बने हुए हैं। कुल निवेश प्रस्तावों में 57 परियोजनाएँ 1,000 करोड़ रूपए से अधिक की है और 34 परियोजनाएँ 1,000 से ज्यादा रोजगार देने वाली हैं।

**6063 करोड़ रूपए की 9 बड़ी परियोजनाएँ चालू हो चुकी हैं :** श्री देवांगन ने कहा कि असल कहानी तेज़ क्रियान्वयन की है। 6063 करोड़ रूपए की 9 बड़ी परियोजनाएँ चालू हो चुकी हैं, जिनसे उत्पादन शुरू हो गया है और 5,500 से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। इसके अलावा 109 परियोजनाएँ यानी लगभग आधी उन्नत चरण में हैं। ये या तो निर्माणाधीन हैं या भूमि आवंटन के बाद आगे बढ़ चुकी हैं। ये 24 जिलों और 16 क्षेत्रों में फैली हैं और जल्द ही 87,132 रोजगार सृजित करेंगी। खास बात यह है कि इनमें से 58 प्रतिशत परियोजनाएँ आतिथ्य एवं स्वास्थ्य, फूड प्रोसेसिंग, आईटी, इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल और फार्मा जैसे प्राथमिक क्षेत्रों से जुड़ी हैं।

**सेमीकंडक्टर, एआई डेटा सेंटर व आईटी में काम तेजी से शुरू :** श्री देवांगन ने कहा कि प्रमुख परियोजनाएँ इस रफ्तार को साफ दिखाती हैं। पोलिमेटेक की 10,000 करोड़ रूपए से अधिक की सेमीकंडक्टर फेक्ट्री जो छत्तीसगढ़ की पहली हे को सिर्फ 45 दिनों में भूमि आवंटित हुआ और काम तेज़ी से शुरू हुआ। रेकबैंक का 1,000 करोड़ रूपए का एआई डेटा सेंटर पार्क- देश का पहला-अब लगभग पूरा होने वाला है। ड्रूल्स का 625 करोड़ रूपए का पेट फूड विस्तार प्रोजेक्ट ट्रायल प्रोडक्शन में है और इससे 3,000 रोजगार मिलेंगे। वी-राइज़ का तीसरा भारत कार्यालय एक आईटी यूनिट निर्माणाधीन है। अल्ट्राटेक सीमेंट का 1,600 करोड़ रूपए का निवेश चालू हो चुका है। आदित्य बिड़ला समूह का 67.5 मेगावाट का सोलर प्लांट मई में शुरू हो गया। वहीं बस्तर में रापपुर स्टोन क्लिनिक का 350-बेड अस्पताल लगभग तैयार है, जिससे आदिवासी परिवारों को उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि सुधारों ने विवेकाधिकार की जगह पारदर्शिता लाई है. जिससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा है।

### निवेश में तेज़ उछाल के पीछे कई अग्रणी सुधार हैं: उद्योग सचिव

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार विभाग के दो साल के कामकाज की प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि हमारा फोकस यह सुनिश्चित करता है कि निवेश प्रस्ताव के बाद निवेशकों की गति न रुके। तेज़ भूमि आवंटन, डिजिटल स्वीकृतियों ओर बेहतर समन्वय से कंपनियों बिना देरी के इरादे से निर्माण तक पहुंच पा रही है। इस तेज़ उछाल के पीछे कई अग्रणी सुधार हैं-132 स्वीकृतियों के लिए वन-क्लिक सिंगल विंडो सिस्टम जन विश्वास अधिनियम के तहत 279 छोटे अपराधों का अपराधमुक्तिकरण (दो जन विश्वास अधिनियम लागू करने वाला पहला राज्य), स्वचालित भूमि म्यूटेशन लागू करने वाला पहला राज्य; एफएआर और ग्राउंड कवरेज में वृद्धि और सेटबेक में कमी, डिजिटल भूमि विवरण (रजिस्ट्री. आरओआर, टैक्स बकाया, न्यायालय प्रकरण); लेआउट और भवन स्वीकृति के लिए एकीकृत सॉफ्टवेयर, 24×7 संचालन और विस्तारित फायर एनओसी। इन सुधारों के चलते डीपीआईआईटी से चार श्रेणियों में 'टॉप अचीवर' की मान्यता मिली।

## ▶▶ न्यूज ब्रीफ

### उप मुख्यमंत्री साव शहरी विकास मंत्रियों की बैठक में आज होंगे शामिल

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव 20 दिसम्बर को भोपाल में आयोजित देश के उत्तर-मध्य राज्यों के शहरी विकास मंत्रियों की क्षेत्रीय बैठक में शामिल होंगे। बैठक में केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय तथा उत्तर-मध्य राज्यों के बीच मिशन अमृत, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, शहरी परिवहन और अंगीकार अभियान के क्रियान्वयन पर चर्चा होगी। बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 का टूलकिट भी लॉन्च किया जाएगा।

### प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति की हुई बैठक

**रायपुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा की अध्यक्षता में आज उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभाकक्ष, नवा रायपुर में संपन्न हुई। आज बैठक की विशेषता यह रही कि एक ही दिन में कुल 22 प्रकरणों की सुनवाई एवं समीक्षा की गई। इसके साथ ही समिति द्वारा पहली बार पक्षकार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया। समिति की इस पहल से प्रक्रिया को और अधिक सुगम, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने में मदद मिलेगी। बैठक में 12 प्रकरणों की सुनवाई की गई। इनमें जाति जांच प्रकरण से संबंधित 10 प्रकरणों में पक्षकार समिति के समक्ष उपस्थित हुए। एक प्रकरण में पक्षकार अंबिकापुर, सरगुजा से वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से शामिल हुआ एवं अपना पक्ष रखा, वहीं एक प्रकरण में पक्षकार अनुपस्थित रहा। इसके अतिरिक्त समिति के समक्ष 10 प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत किए गए। इस प्रकार एक ही दिन में समिति ने कुल 22 प्रकरणों की सुनवाई एवं समीक्षा करते हुए 05 प्रकरणों की सुनवाई पूर्ण कर आदेश जारी करने के निर्देश दिए, जबकि 17 प्रकरणों में जाति प्रमाण पत्र धारकों को सुनवाई का एक और अंतिम अवसर प्रदान करते हुए आगामी बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए।

### एक साल में ही ठप पड़ी सरगुजा रायपुर-बिलासपुर हवाई सेवा 999 से 5999 पहुंचा किराया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा से शुरू हुई हवाई सेवा एक साल बाद पूरी तरह बंद हो गई है। दरअसल, उड़ान 4.2 योजना के तहत 19 दिसंबर 2024 को दरिमा एयरपोर्ट से रायपुर और बिलासपुर के लिए हवाई सेवाओं का शुभारंभ किया गया था, जिसका शुरुआती किराया 999 रुपए था। सप्ताह में 3 दिन गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को सुविधा मिलती थी। लेकिन हवाई सेवा का संचालन करने वाली फ्लाई बिग कंपनी की उड़ानें कभी नियमित नहीं रहीं। शुरुआती कुछ दिनों तक फ्लाइट का संचालन भी ठीक रहा। इसके बाद टिकटों के बढ़ते दाम के कारण यात्री कम होते गए। 999 रुपए से टिकट महंगी होकर 1999 हो गई। बाद में यह कीमत 5999 रुपए तक कर दी गई। फिर कभी बारिश में दृश्यता कम होने का हवाला देकर, तो कभी तकनीकी खराबी जैसे कारणों से सेवाएं बाधित होती रहीं। बारिश के कारण जून 2025 में ही सेवाएं बंद कर दी गई थीं। हालांकि, दिवाली के समय 5 फ्लाइट्स का संचालन किया गया। इसके बाद से सेवा ठप है। फ्लाई बिग को 29 अक्टूबर तक अपना विंटर शेड्यूल देना था, लेकिन फ्लाई बिग ने शेड्यूल ही जमा नहीं किया है।

### मेगा हेल्थ कैम्प 2025 में ट्रायसिकल, व्हीलचेयर वॉकर, श्रवण यन्त्र का वितरण किया गया




**रायपुर।** विधायक राजेश मूणत द्वारा आयोजित मेगा हेल्थ कैम्प 2025 में ट्रायसिकल, व्हीलचेयर, वॉकर, श्रवण यन्त्र वितरण किया गया। श्री विनय मित्र मण्डल के स्टॉल में श्रीमती साधना मूणत ने दिव्यांगों को वितरण किया। शिविर में महेन्द्र कोचर, महावीर तालेड़ा, खेमराज बैद, ज्ञान चंद श्रीश्रीमाल, राजेश कानुगा उत्तम पारख की सक्रिय भूमिका रही ।

### 2 दोस्तों ने युवक का गला घोंटा कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद

**रायपुर।** रायपुर कोर्ट ने हत्या के दो आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। पैसों के लेन-देने के विवाद में शेखर साहू और मुकेश यादव ने मिलकर शोएब की हत्या की। दोनों ने मिलकर पहले शोएब को शराब पिलाई, फिर उसका गला घोंट दिया। मौत के बाद गाड़ी में रखे पाने से उसकी आंखें फोड़ दी गईं। शोएब ने 8 अप्रैल को अपनी मां से आखिरी बार फोन पर बात की थी। मां के मुताबिक बेटे ने फोन कर बोला था कि मां ईद के दिन मुझे ईदी मत देना। मुझे आज 300 दे दो। एक मोबाइल नंबर भेज रहा हूं। उसमें भेज देना मैं ले लूंगा।कुछ देर बाद फिर शोएब ने अपनी मां मुन्नी को फोन करके कहा कि मैं घर वापस नहीं लौटा तो शेखर साहू, मुकेश यादव के नाम से थाने में रिपोर्ट कर देना। इसके बाद से वह लापता हो गया। उसकी मां ने पांच दिनों तक बेटे की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आखिरकार 11 अप्रैल को उन्होंने कबीर नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई।

### ट्रक ने महिला पत्रकार को कुचला हालत गंभीर, दोनों पैर काटने की नौबत निजी अस्पताल में इलाज जारी

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के तेलीबांधा इलाके में ट्रक ने एक महिला को कुचल दिया। हादसे में गायत्री सिंह बुरी तरह से घायल हो गई हैं, जहां पैर काटने तक नौबत आ गई है। कमल विहार स्थित वीवाय हॉस्पिटल में उनका इलाज जारी है। बता दें कि गायत्री सिंह पेशे से पत्रकार है। 18 दिसंबर की रात साढ़े 9 बजे वह अपनी स्कूटी से घर लौट रही थी तभी यह हादसा हुआ। गायत्री अभी ऑपरेशन थिएटर में है। डॉक्टरों के मुताबिक, एक पैर जिस पर ट्रक के पहिए चढ़े थे, उसे ऑपरेट करके हटाया जाएगा। लेफ्ट लेग में भी ब्लड सर्कुलेशन नहीं है, वो भी हटाना पड़ सकता है। 2 दिन ऑब्जरवेशन में रखा जाएगा।

## बाबा गुरु घासीदास ने पूरी मानवजाति को सामाजिक समरसता का दिया संदेश : मुख्यमंत्री साय

### पेंशनबाड़ा स्थित शासकीय अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति छात्रावास की क्षमता बढ़कर होगी 300 सीटर

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय विगत दिवस राजधानी रायपुर के पेंशनबाड़ा स्थित शासकीय आदर्श पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास परिसर में आयोजित परमपूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की 269वीं जयंती समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छात्रावास के विद्यार्थियों के बीच पहुंचकर बाबा गुरु घासीदास जी को श्रद्धापूर्वक नमन किया और उनके आदर्शों को स्मरण किया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी ने ÷मनखे-मनखे एक समान÷ का अमर संदेश देकर पूरी मानवजाति को सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का मार्ग दिखाया। उनका विचार आज भी समाज को जोड़ने और भेदभाव रहित व्यवस्था की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पेंशनबाड़ा स्थित शासकीय पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास की क्षमता बढ़ाकर 300 सीटर किए जाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विधायक, सांसद, केंद्रीय राज्य मंत्री और अब मुख्यमंत्री के रूप में उन्हें हर वर्ष बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह में शामिल होने का सौभाग्य मिलता रहा है, लेकिन विद्यार्थियों के बीच यह आयोजन मनाना उनके लिए विशेष आनंद और संतोष का विषय है। उन्होंने कहा कि जब समाज ऊँच-नीच और असमानता से जूझ रहा था, तब छत्तीसगढ़ की धरती पर बाबा गुरु घासीदास जी का अवतरण हुआ–यह प्रदेश के लिए गौरव की बात है। बाबा जी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर समाज को नई दिशा दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार बाबा गुरु घासीदास जी के संदेशों को आत्मसात करते हुए प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विगत 25 वर्षों में राज्य ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। आज प्रदेश के विद्यार्थी आईआईटी, एम्स और नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जैसी राष्ट्रीय संस्थाओं में शिक्षा प्राप्त कर अपना भविष्य गढ़ रहे हैं। नई औद्योगिक नीति में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पीएससी में भ्रष्टाचार के दोषियों पर कार्रवाई की गई है और अब पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से युवाओं को योग्यता के आधार पर आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है।

## राज्य स्तरीय युवा महोत्सव की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव ने ली बैठक

समवेत शिखर न्यूज



रायपुर। प्रदेश में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई है। आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में राज्य युवा महोत्सव की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। राज्य युवा महोत्सव का आयोजन 23 से 25 दिसम्बर 2025 तक बिलासपुर में आयोजित किया जाना है। बिलासपुर के राज्य खेल परिसर बहतराई और पुलिस ग्राउंड बिलासपुर में राज्य युवा महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न विद्याओं के प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जिला स्तरीय युवा महोत्सवों के विजेता प्रतिभागी एवं दल राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में सम्मिलित हो रहे है। भारत सरकार द्वारा निर्धारित विद्याओं में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के विजेता प्रतिभागी राष्ट्रीय युवा महोत्सव में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। मुख्य सचिव ने युवा महोत्सव के वृहद एवं भव्य आयोजन हेतु शासन के विभिन्न अधिकारियों को समन्वय एवं सहयोग से कार्य करने के निर्देश दिए है। मुख्य सचिव ने कलेक्टर बिलासपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य युवा महोत्सव के आयोजन के संबंध में जरूरी व्यवस्था के संबंध में विस्तार से निर्देश दिए।

राज्य युवा महोत्सव में जिलों के प्रतिभागी, निर्णायक, अधिकारी-कर्मचारी को मिलाकर करीब 4000 लोग शामिल होंगे।

## ऑपरेशन निश्चय: प्रतिबंधित मादक पदार्थ कोकिन के साथ महाराष्ट्र का अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार

### जप्त मशरूका की कुल कीमत है लगभग 8,38,000/- रूपये

समवेत शिखर न्यूज




**रायपुर।** पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा तथा पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के दिशा-निर्देश में नशे के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान ''ऑपरेशन निश्चय'' के तहत मादक पदार्थो की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से उनकी खरीदी-बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए.सी.सी.यू. सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है।

इसी तारतम्य में दिनांक 18.12.2025 को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत एक्सप्रेस वे रोड चूनाभट्ठी स्थित पुराना शराब दुकान के पास एक लड़का अपने पास प्रतिबंधित मादक पदार्थ रखा है तथा बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा थाना प्रभारी गंज एवं प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट को आरोपी की पतासाजी कर मादक पदार्थ के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम हर्ष नरेश पांडेय निवासी गोंदिया महाराष्ट का होना बताया गया।

## आईजी और एसपी ने ली सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की बैठक

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा तथा उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा शुक्रवार को सिविल लाईन स्थित सी-4 भवन के सभाकक्ष में रायपुर जिले के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की बैठक ली गई।

बैठक में पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा वर्षान्त के मद्देनजर लंबित अपराध, मर्ग एवं गुम इंसान के प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण करने के साथ ही लंबे समय से लंबित शिकायत पत्रों का भी जल्द से जल्द निराकरण करने कहा गया। नशा पर फोकस करते हुये किसी भी स्थिति में किसी प्रकार का कोई भी नशा बिक्री नहीं होने तथा नशे से जुड़े आरोपियों की पतासाजी कर तह तक जाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। यातायात व्यवस्था को सुगम व सुदृढ़ बनाते हुये और भी व्यवस्थित करने, जेल से रिहा होने वाले बदमाशों एवं अपराधियों के पूर्व रिकार्ड देखकर कार्यवाही करने, उभरते बदमाशों की नियमित चेकिंग करने के साथ ही समय- समय पर थाना में हाजिर कर कड़ी समझाईश देने के निर्देश दिये गये। वर्तमान समय में कृषकों द्वारा धान बिक्री कर रकम को बैंक से निकालकर ले जाने के दौरान आरोपियों द्वारा कृषकों को अपना निशाना बनाकर उनके साथ लूट, चोरी एवं उठाईगिरी जैसी घटनाओं को अंजाम दिया जाता है। कृषकों के साथ किसी प्रकार की अपराधिक घटना घटित न हो इस हेतु प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये गये। प्रभावी विजिबल पुलिसिंग पर जोर देने के साथ ही आगामी नव वर्ष के मद्देनजर क्लब, बार एवं अन्य संस्थानों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दौरान अनैतिक कार्य को रोकने व समय सीमा का विशेष ध्यान रखने तथा उपद्रवी एवं शरारती तत्वों पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। व्ही.आई.पी./ कानून व्यवस्था ड्यिूटी एवं धरना प्रदर्शन पर बेहतर कार्य कर शांति पूर्ण तरीके से व्ही.आई.पी./ कानून व्यवस्था ड्यिूटी एवं धरना प्रदर्शन को संपादित करने के भी निर्देश दिये गये।

### मरे मच्छरों को लेकर रायपुर निगम दफ्तर पहुंचा युवक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक युवक को मच्छरों ने काट लिया। उन मच्छरों को मारने के बाद पॉलीथिन में बंद कर युवक सीधे नगर निगम दफ्तर पहुंच गया। जहां उसने अधिकारियों और नेता प्रतिपक्ष को जानकारी देते हुए दिखाया। मामला वामनराव लाखे वार्ड का है। दरअसल, दंतेश्वरी मंदिर गोपिया पारा निवासी दाऊ लाल पटेल को मच्छरों ने काट लिया। युवक को डर था कि, जिस मच्छर ने उसे काटा है, वो डेंगू फैलाने वाला है। इस डर से युवक ने पहले पास के ही एक डॉक्टर से पूछा। डॉक्टर ने उसे सलाह दी कि इसकी जांच करवाएं। इसके बाद युवक सामाजिक कार्यकर्ता विजय सोना और निगम नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के साथ स्वास्थ्य अधिकारी के पास पहुंचा और पॉलीथिन में बंद मच्छर को स्वास्थ्य अधिकारी तृप्ति पाणिग्रही दिखाया। हालांकि जांच में वह मच्छर साधारण निकले।

## विशाल हिन्दू–सम्मेलन में शामिल होने 31 को रायपुर आएंगे मोहन भागवत

- अभनपुर के सोनपैरी गांव में होगा आयोजन
- संत असंग देव होंगे मुख्य अतिथि

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** रायपुर में 31 दिसंबर को विशाल हिन्दू सम्मेलन होने जा रहा है। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं राष्ट्रीय संत असंग देव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम अभनपुर ब्लॉक के सोनपैरी गांव स्थित असंग देव कबीर आश्रम में दोपहर 2 बजे शुरू होगा।

आयोजन समिति के अनुसार सम्मेलन में सनातन संस्कृति के संरक्षण, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय चेतना जैसे अहम विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन में प्रदेशभर से संत-महात्मा, समाजसेवी, बुद्धिजीवी और बड़ी संख्या में आम नागरिकों के पहुंचने की संभावना है।

**तैयारियां अंतिम चरण में, सुरक्षा-व्यवस्था पर विशेष फोकस :** हिंदू सम्मेलन समिति ग्राम सोनपैरी के संरक्षक देवकर साहेब और सचिव प्रदीप गजेंद्र ने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। सम्मेलन स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम यातायात व्यवस्था श्रद्धालुओं के बैठने की समुचित सुविधा की जा रही है। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए समिति की अलग-अलग टीमें तैनात रहेंगी। आयोजन समिति ने प्रदेश के सभी सनातनी और हिंदू समाज के लोगों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाएं।

### प्रदेश में लगातार हो रहे हिंदू सम्मेलन

- 9 दिसंबर को विश्रामपुर के दशहरा मैदान (एसईसीएल अस्पताल के सामने) में हिंदू जनजागरण समिति ने हिंदू महासंगम आयोजित किया।
- 12 दिसंबर को कौशल्या माता मंदिर, चंदखुरी में आयोजित हिंदू सम्मेलन में आरएसएस सरकार्यवाह अतुल लिमये प्रमुख वक्ता रहे।
- 13 दिसंबर को भानुप्रतापपुर के मानस मंच (मंगल भवन) में हुए सम्मेलन में विश्व हिंदू परिषद मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय अधिकारी चंद्रशेखर वर्मा मुख्य वक्ता रहे।
- 31 दिसंबर को सोनपैरी में होने वाला यह हिंदू सम्मेलन प्रदेश के बड़े धार्मिक-सामाजिक आयोजनों में से एक माना जा रहा है, जिस पर पूरे प्रदेश की नजरें टिकी हुई हैं।

## ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी दो दिवसीय प्रवास पर 22 दिसम्बर को रायपुर आएंगी

### चेम्बर ऑफ कामर्स और ब्रह्माकुमारीज उद्योग प्रभाग के संयुक्त आयोजन में शामिल होंगी

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** विभिन्न टेलिविजन चैनल्स पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम अवेकनिंग विथ ब्रह्माकुमारीज की मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी दो दिवसीय प्रवास पर 22 दिसम्बर को रायपुर आएंगी। शासन ने उन्हें राजकीय अतिथि घोषित किया है।

यह जानकारी छ.ग. चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के अध्यक्ष सतीश थौरानी और ब्रह्माकुमारीज की रायपुर संचालिका सविता दीदी ने आज पत्रकारों को देते हुए बतलाया कि अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान शिवानी दीदी 22 दिसम्बर को शाम 6 बजे रायपुर में श्याम टाकीज के निकट बुढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में चेम्बर ऑफ कामर्स और ब्रह्माकुमारीज द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित आध्यात्मिक समारोह में व्याख्यान देंगी। विषय होगा-अनिश्चितता से मुकाबला। पश्चात वह 23 दिसम्बर को सुबह 7 बजे नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर-20 स्थित शान्ति शिखर में संकल्प से सिद्धि विषय पर अपना उद्बोधन देंगी। समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी, महापौर श्रीमती मीनल चौबे, चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज व ब्रह्माकुमारी संस्थान के पदाधिकारियों सहित नगर के प्रबुद्धजन उपस्थित रहेंगे। समारोह में प्रवेश निःशुल्क रखा गया है किन्तु प्रवेश पत्र प्राप्त करना जरूरी है जो कि छ.ग. चेम्बर ऑफ कामर्स के आफिस अथवा ब्रह्माकुमारीज सेवाकेन्द्र से प्राप्त किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी पुणे विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रानिक इन्जीनियरिंग में गोल्ड मेडलिस्ट हैं। वह विगत दो दशकों से भी अधिक समय से राजयोग की साधना कर रही हैं। उन्होंने जीवन के विभिन्न पहलुओं का गहन अध्ययन किया है जो कि उनके व्याख्यान से स्पष्ट अनुभव होता है। उनके व्याख्यानों का नियमित रूप से प्रसारण विभिन्न टेलिविजन चैनल्स पर किया जाता है।

शिखर बने उतुंग, शिखर अपने प्रताप से।
डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।

## संपादकीय

### बांग्लादेश में फिर हिंसा

बांग्लादेश में पिछले कुछ दिनों में जो भी हुआ, उससे साफ है कि अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के हाथ से चीजें निकलती जा रही हैं। जिन कट्टरपंथियों को उन्होंने शुरू में बढ़ावा दिया था, अब वे ही उनके काबू में नहीं हैं। उनकी भारत विरोधी नीतियों ने दोनों देशों के रिश्तों को सबसे खराब दौर में पहुंचा दिया है। शेख हसीना के खिलाफ पिछले साल जुलाई में आंदोलन शुरू हुआ था। अगस्त में उन्हें सत्ता से हटाया गया और तब से ढाका का रुख भारत के खिलाफ बना हुआ है। मौजूदा घटनाक्रम उसी की कड़ी है, जहां पहले भारतीय राजदूत को तलब किया गया और फिर दूतावास तक आक्रामक मार्च निकाला गया। इन घटनाओं ने बांग्लादेश में मौजूद भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। अंतरिम सरकार समस्या को संबोधित भी नहीं करना चाहती। होना तो यह चाहिए था कि भारत ने जब बांग्लादेश के उच्चायुक्त को बुलाकर अपनी चिंताएं जाहिर कीं, तो ढाका से कोई आश्वासन भरा सकारात्मक संदेश आता। लेकिन, इसके उलट भारत विरोधी बयानबाजी और तेज हो गई। जिस तरह से पूर्वोत्तर राज्यों को लेकर बयान दिए जा रहे हैं, उसे कोई भी संप्रभु देश बर्दाश्त नहीं कर सकता। अल्पसंख्यकों पर हमले । यूनुस सरकार का अपनी नाकामियों का ठीकरा भारत पर फोड़ना हकीकत की अनदेखी है और इससे स्थिति और बिगड़ेगी। सच यही है कि हसीना विरोधी आंदोलन आगे चलकर कट्टरपंथी तत्वों के नियंत्रण में आ गया। इसका सबूत अगस्त 2024 के बाद से अल्पसंख्यकों के खिलाफ हुई हजारों हिंसक घटनाएं हैं। अगले साल फरवरी में चुनाव की घोषणा होने के बाद से अपराध और बढ़ा है। बांग्लादेश की अस्थिरता भारत पर सीधा असर डालती है और इस नाते उसकी चिंता स्वाभाविक है। बल्कि यूरोपीय यूनियन और अमेरिका भी बांग्लादेश में मानवाधिकार उल्लंघनों का मामला उठा चुके हैं। अंतरिम सरकार पर अपने ही देश के भीतर निष्पक्ष चुनाव कराने का जबरदस्त दबाव है। पिछले महीने शेख हसीना को जिस तरह सुनवाई का मौका दिए बिना सजा सुनाई गई, उसकी भी आलोचना हो रही है। यूनुस सरकार के जुलाई चार्टर को लेकर भी मतभेद हैं। इस चार्टर के जरिये 2024 के आंदोलन को संवैधानिक मान्यता देनी है और संविधान में कई बदलाव किए जाने हैं। भारत ने बांग्लादेश में स्वतंत्र, समावेशी और विश्वसनीय चुनाव की जरूरत बताई है, जिसमें सबका हित है।

# परमाणु ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय करना और साहसिक कदम उठाना

■ आरबी ग्रोवर





मानव विकास का संबंध ऊर्जा खपत से है। 1971 में साइंटिफिक अमेरिकन में प्रकाशित एक महत्वपूर्ण शोध पत्र में, अर्ल कुक ने बताया कि आदिम मानव से लेकर आधुनिक तकनीकी मानव तक, प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत कैसे बढ़ती गई। आदिम मानव को केवल भोजन के लिए ऊर्जा चाहिए होती थी। शिकार के दौर में घर और व्यापार से जुड़ी ऊर्जा जरूरतें भी जुड़ गईं। जब मानव कृषि करने लगा, तो उद्योग, खेती और परिवहन के लिए भी ऊर्जा की मांग पैदा हुई। औद्योगिक और तकनीकी चरणों में भोजन, घर, व्यापार, कृषि और परिवहन के लिए ऊर्जा की जरूरत लगातार बढ़ती गई। वर्तमान समय डिजिटल तकनीकों का युग है, और अर्थव्यवस्था का डिजिटलीकरण अतिरिक्त ऊर्जा की मांग करता है।

मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) मानव विकास का सटीक आकलन प्रस्तुत करता है। इसमें प्रति व्यक्ति आय, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे तीन महत्वपूर्ण संकेतक शामिल हैं। एचडीआई और प्रति व्यक्ति अंतिम ऊर्जा खपत (एफईसी) के बीच संबंध का उपयोग करके यह तय किया जा सकता है कि किसी खास एचडीआई स्तर तक पहुंचने के लिए कितनी ऊर्जा की जरूरत होगी। जी20 समूह का सदस्य होने के नाते भारत उन देशों के साथ खड़ा है, जिनका एचडीआई 0.9 से अधिक है। हमारे अनुमानों के अनुसार, ऊर्जा दक्षता और अंतिम उपयोगों के विद्युतीकरण में और सुधार को ध्यान में रखते हुए, 0.9 तक पहुंचने के लिए भारत को प्रति वर्ष लगभग 24,000 टेरा-वाट-घंटे (टीडब्ल्यूएच) ऊर्जा उत्पन्न करने की आवश्यकता होगी (करंट साइंस, 2022, 122(5), 517ङ्क527)। इसमें से लगभग 60 प्रतिशत बिजली के रूप में इस्तेमाल होगी, जबकि शेष भाग का उपयोग इलेक्ट्रोलाइज़र में हाइड्रोजन बनाने के लिए किया जाएगा। हाइड्रोजन की जरूरत स्टील, उर्वरक, प्लास्टिक जैसे क्षेत्रों को कार्बन मुक्त करने के लिए होती है। जब हाइड्रोजन उत्पादन की वैकल्पिक तकनीकें बड़े पैमाने पर विकसित हो जाएंगी, तो बिजली की आवश्यकता भी कम हो जाएगी। 2023-24 में बिजली उत्पादन लगभग 1950 टेरा-वाट-घंटे था, और हाल के वर्षों में सीएजीआर लगभग 4.8 प्रतिशत रहा है। इस स्तर पर विकास दर बनाए रखते हुए, चार से पांच दशकों में प्रति वर्ष 24,000 (टीडब्ल्यूएच) बिजली का उत्पादन संभव होगा।

हालांकि, इसमें दो जटिलताएं हैं। सबसे पहले, भारत को अपने ऊर्जा मिश्रण को कार्बन-मुक्त बनाना होगा। इसलिए बिजली उत्पादन में वृद्धि के साथ- साथ अंतिम उपयोगों का विद्युतीकरण और ऊर्जा मिश्रण का पुनर्गठन भी जरूरी है। वर्तमान में अंतिम ऊर्जा खपत (एफईसी) में बिजली की हिस्सेदारी लगभग 22 प्रतिशत है, जिसे काफी बढ़ाना होगा। आज का ऊर्जा मिश्रण मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधनों पर निर्भर है, जबकि इन्हें ऐसे ऊर्जा स्रोतों से बदलना होगा जिनसे कार्बन उत्सर्जन न हो। इसका मतलब है कि भारत को जलविद्युत, परमाणु, सौर और पवन ऊर्जा से अधिक बिजली पैदा करनी होगी।

भारत में जलविद्युत और पवन ऊर्जा की क्षमता सीमित है। देश की आबादी घनी है, इसलिए सौर फोटोवोल्टिक परियोजनाओं के लिए बहुत बड़े भू-भाग को अलग करना आसान नहीं है। हालांकि जल, सौर और पवन ऊर्जा की पूरी क्षमता का उपयोग किया जाना चाहिए, लेकिन केवल ये स्रोत मिलकर भी 0.9 से अधिक एचडीआई हासिल करने के लिए जरूरी ऊर्जा स्तर उपलब्ध कराने में पर्याप्त नहीं हैं। इसलिए परमाणु ऊर्जा उत्पादन को तेजी से बढ़ाना होगा। जब तक यह लक्ष्य पूरा नहीं होता, तब तक भारत को कुछ हद तक जीवाश्म ईंधनों का उपयोग जारी रखना पड़ेगा।

दूसरे, सौर और पवन ऊर्जा अनियमित (अस्थिर) स्रोत हैं। सौर पैनलों और पवन चक्कियों से बनने वाली बिजली समय और मौसम के अनुसार बदलती रहती है। इसलिए बिजली की आपूर्ति को मांग के अनुरूप रखने के लिए, अधिक उत्पादन होने पर बिजली को संग्रहित करना और उत्पादन कम होने पर आपूर्ति बढ़ाना जरूरी होता है। बिजली का भंडारण महंगा है, और सौर व पवन ऊर्जा में मौसमी उतार-चढ़ाव को संभालने के लिए बड़े पैमाने पर भंडारण व्यवस्था करना बेहद खर्चीला है। उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के लिए बिजली के मिश्रण में पर्याप्त बेस-लोड उत्पादन क्षमता होनी चाहिए, यानी ऐसी बिजली जो मौसम या दिन-रात पर निर्भर न हो। परमाणु बिजलीघर निरंतर बेस-लोड बिजली देते हैं, इसलिए कार्बन-मुक्त ऊर्जा मिश्रण में उनका शामिल होना आवश्यक है।

इस आवश्यकता को समझते हुए, परमाणु ऊर्जा विभाग की इकाइयां भारतीय उद्योग के सहयोग से परमाणु ऊर्जा का उपयोग इस तरह करने पर काम कर रही हैं कि पूरी आपूर्ति श्रृंखला देश में ही विकसित हो। भारत में पर्याप्त यूरेनियम नहीं है, इसलिए केवल यूरेनियम का आयात करना पड़ता है। भारत ने परमाणु ईंधन तैयार करने, भारी पानी (हेवी वॉटर) बनाने और दाबित भारी जल रिएक्टर (पीएचडब्ल्यूआर) के निर्माण के लिए जरूरी सभी उपकरणों की तकनीक विकसित कर ली है। न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) ने अलग- अलग क्षमता वाले पीएचडब्ल्यूआर के डिजाइन और संचालन में महारत हासिल कर ली है, जिनमें सबसे बड़ी क्षमता 700 मेगावाट की है। 700 मेगावाट की तीन इकाइयां पहले से ही काम कर रही हैं और चौथी इकाई लगभग पूरी हो चुकी है। दो और इकाइयां निर्माण के उन्नत चरण में हैं। वर्ष 2017 में केंद्र सरकार ने 700 मेगावाट क्षमता के दस पीएचडब्ल्यूआर के निर्माण को मंजूरी दी थी, और इन परियोजनाओं पर काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। 1980 के दशक में एक नियामक निकाय की स्थापना की गई थी, जिसने परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को विनियमित करने की क्षमता विकसित की है। भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र ने मूल्यवान सामग्रियों की पुनर्प्राप्ति के लिए प्रयुक्त परमाणु ईंधन के पुनर्संसाधन और परमाणु अपशिष्ट प्रबंधन के लिए प्रौद्योगिकियां विकसित की हैं। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, परमाणु ऊर्जा उत्पादन भारत के लिए तकनीकी रूप से व्यवहार्य, किफायती और सुरक्षित विकल्प है।

इन सफलताओं से केंद्र सरकार को प्रेरणा मिली है कि वह सदी के मध्य तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य तय करे। संसद के दोनों सदनों ने ÷सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया बिल, 2025÷ पास कर दिया है। यह बिल एक व्यापक कानून है, जिसमें 1962 के एटॉमिक एनर्जी एक्ट और 2010 के सिविल लायबिलिटी फॉर न्यूक्लियर डैमेज एक्ट के प्रावधानों को जोड़ा गया है। इसमें कहा गया है कि मौजूदा एटॉमिक एनर्जी रेगुलेटरी बोर्ड को इस कानून के तहत गठित माना जाएगा। बिल यह भी सुनिश्चित करता है कि किसी भी परमाणु संयंत्र की सुरक्षा, संरक्षा और निगरानी की प्राथमिक जिम्मेदारी उस संयंत्र के लाइसेंसधारी पर होगी।

**इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।**

## प्रेरक प्रसंग

### सबसे अच्छा दोस्त

एक बार की बात है, दो दोस्त एक साथ रेगिस्तान से गुजर रहा था। जाते जाते रस्ते में दोनों के बीच एक बात को लेकर बहस हुई। उस बात को लेकर एक दोस्त ने गुस्से में आकर दूसरी दोस्त की गालो पे जोर से थप्पड़ मारा।जो मार खाया उसने बहुत ही गुस्सा किया, उसकी गालों पे चोट लगी थी। उसने बिना कुछ कहें रेत पर लिखा ÷आज मेरा सबसे अच्छे दोस्त ने मुझे थप्पड़ मारा।÷फिर दोनों दोस्तों ने रेगिस्तान में चलना शुरु किया। तब तक चलते रहे जब तक दोनों को रेगिस्तान में पानी नहीं मिला। कुछ दूर चलने के बाद दोनों को एक नदी दिखी, फिर दोनों ने नहाने का फैसला किया।दोनों दोस्त जाकर पानी में नहाने लगे। थोड़ी देर बाद जिसने थप्पड़ खाया वह पानी में फँस गया और डूबने लगा तब दुसरे दोस्त ने उसे बचा लिया। उसने नदी से बाहर आकर एक पत्थर पर लिखा, आज मेरे सबसे अच्छे दोस्त ने मेरी जान बचाई। जिस दोस्त ने थप्पड़ मारा था उसने दूसरे दोस्त को पुछा, मैंने तुम्हें चोट पहुंचाया तो बाद में तुमने रेत पे लिखा। और जब मैं तुम्हें पानी में डूबते हुए बचाया तो तुमने क्यों एक पत्थर पर लिखा?÷दूसरे दोस्त ने जवाब दिया, ÷जब तुम हमें चोट पहुंचाए तब मैंने रेत पर लिखा था क्यूंकि अगर जोर से हवा आई तो लिखा मिट जायेगा। जब कोई हमारे लिए कुछ अच्छा करे तो तब हम पत्थर पर लिखे क्यूंकि पत्थर में लिखे को कोई भी हवा मिटा नहीं सकती। उसके बाद दोनों दोस्त बात करते करते अपने घर चले गए।

## धर्म-कर्म

### पूजा-पाठ में हवन करने के बाद बची हुई राख का क्या करें

हिंदू धर्म में हवन एक पवित्र अनुष्ठान है। हवन कुंड में अग्नि प्रज्वलित करके मंत्रों के साथ आहुतियां दी जाती हैं। हवन के बाद बची हुई राख को बहुत पवित्र माना जाता है, क्योंकि यह अग्नि देव और पूजा की शक्ति से अभिमंत्रित होती है। इस राख को फेंकना या अपवित्र करना अशुभ माना जाता है। शास्त्रों और ज्योतिष के अनुसार हवन की राख का सही उपयोग करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है, बुरी नजर दूर होती है और स्वास्थ्य-समृद्धि में लाभ मिलता है। आइए जानते हैं हवन की राख के 5 प्रमुख उपयोग।

माथे पर तिलक लगाएं : हवन की राख को सबसे पहले माथे पर तिलक के रूप में लगाना चाहिए। इसका तिलक लगाने से मन शांत रहता है, बुरी नजर दूर होती है और सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है। पुरुष तीन आड़ी रेखाएं और महिलाएं बिंदी के रूप में लगा सकती हैं। रोजाना हवन राख का तिलक लगाने से आत्मविश्वास बढ़ता है और नकारात्मक शक्तियां पास नहीं आती हैं।

घर के मुख्य द्वार पर छिड़कें

हवन की राख को घर के मुख्य द्वार पर थोड़ा-सा छिड़कें या लाल कपड़े में बांधकर द्वार पर लटकाएं। यह बुरी नजर, शत्रु बाधा और नकारात्मक ऊर्जा को घर में प्रवेश करने से रोकता है। वास्तु शास्त्र में इसे बहुत शुभ माना जाता है। अगर घर में कलह या आर्थिक समस्या है, तो राख को पानी में घोलकर द्वार पर छिड़कें। इससे घर में सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है।

तुलसी या पीपल के पेड़ में डालें : हवन की राख को तुलसी के पौधे या पीपल के पेड़ की जड़ में डालना बहुत पुण्यदायी है।

## आंचलिक

# पुनर्वास केंद्र में 35 आत्मसमर्पित नक्सली बने राजमिस्त्री

### जहां बंदूकें खामोश हुईं, वहां भविष्य की नींव रखी जा रही है

समवेत शिखर संवाददाता



**सुकमा।** कभी जिन हाथों में बंदूकें थीं, आज उन्हीं हाथों में औज़ार हैं। कभी जिन रास्तों पर हिंसा और डर का साया था, आज वहीं विकास और भरोसे की नींव रखी जा रही है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की संवेदनशील सोच और स्पष्ट मंशा के अनुरूप सुकमा जिले में आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास की एक नई और सकारात्मक तस्वीर उभरकर सामने आई है। वहाँ पुनर्वास केंद्र में रह रहे 35 आत्मसमर्पित नक्सलियों को राजमिस्त्री (मेसन) का व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस पहल की गई है।

यह प्रशिक्षण जिला प्रशासन और एसबीआई आरसेटी के संयुक्त सहयोग से संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 15 महिलाएं और 20 पुरुष शामिल हैं। इन्हें भवन निर्माण से जुड़े सभी आवश्यक तकनीकी और व्यावहारिक कौशल–जैसे नींव निर्माण, ईंट चिनाई, प्लास्टर कार्य, छत ढलाई, गुणवत्ता मानक का व्यवस्थित और चरणबद्ध प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि ये किसी भी निर्माण कार्य में दक्षता के साथ काम कर सकें।

यह पहल केवल रोजगार प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मसमर्पित युवाओं के जीवन को नई दिशा देने का सशक्त माध्यम बन रही है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ये युवा प्रधानमंत्री आवास योजना( ग्रामीण )के तहत जिले में अधूरे और नए आवासों के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इससे एक ओर उन्हें स्थायी और सम्मानजनक रोजगार मिलेगा, वहीं दूसरी ओर नक्सल प्रभावित और दुर्गम क्षेत्रों में लंबे समय से चली आ रही कुशल राजमिस्त्रियों की कमी भी दूर होगी।

कलेक्टर श्री देवेश ध्रुव ने इस पहल को सामाजिक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि आत्मसमर्पण का वास्तविक अर्थ केवल हथियार छोड़ना नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्यधारा में सम्मान के साथ लौटना है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि पुनर्वास केंद्र में रह रहे युवाओं को कौशल, रोजगार और सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि वे सम्मान के साथ जीवन जी सकें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मुकुन्द ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजनाङ्कग्रामीण सहित विभिन्न शासकीय निर्माण कार्यों के सफल क्रियान्वयन के लिए कुशल मानव संसाधन अत्यंत आवश्यक है। यह प्रशिक्षण आत्मसमर्पित युवाओं को रोजगार और सामाजिक सरोकार से जोड़ेगा।

पोलमपल्ली निवासी पुनर्वासित पोड़ियम भीमा बताते हैं कि वे लगभग 30 वर्षों तक संगठन से जुड़े रहे, लेकिन आत्मसमर्पण के बाद उनका जीवन पूरी तरह बदल गया है। ÷यहाँ रहने और खाने की अच्छी व्यवस्था है। हमें राजमिस्त्री का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# अग्निवीर भर्ती–सीईई में सफल अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड जारी

समवेत शिखर संवाददाता

**कोण्डागांव।** भारतीय सेना ने अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशनकृसीईई) में सफल अभ्यर्थियों के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। इन अभ्यर्थियों के लिए जनवरी 2026 में छत्तीसगढ़ में अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा दी गई।

उल्लेखनीय है कि भारतीय सेना की ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा का आयोजन 30 जून से 10 जुलाई 2025 के बीच किया गया था। इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थी ही शारीरिक दक्षता परीक्षा, चिकित्सकीय परीक्षण एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में शामिल होने के पात्र होंगे। ऐसे सभी योग्य अभ्यर्थियों के लिए अब एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन 10 जनवरी से 24 जनवरी 2026 तक धमतरी जिले के इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। इस रैली के माध्यम से पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। भर्ती रैली के दौरान अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन (कक्षा आठवीं एवं कक्षा दसवीं उत्तीर्ण) श्रेणियों के लिए चयन प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। रैली में केवल वही उम्मीदवार भाग ले सकेंगे, जिन्होंने भारतीय सेना की ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। सेना भर्ती कार्यालय ने बताया कि भर्ती रैली में शामिल होने के लिए योग्य अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। साथ ही अभ्यर्थियों की पंजीकृत ई-मेल आईडी पर भी प्रवेश पत्र भेजे गए हैं।

## आज का इतिहास

- ✳2012 - पार्क ग्युन हे दक्षिण कोरिया की पहली महिला राष्ट्रपति चुनी गईं। हालांकि, 2017 में उन्हें भ्रष्टाचार के चलते पद से हटा दिया गया। अगस्त 2018 में उन्हें 25 साल की सजा सुनाई गई थी।
- ✳2008- केनरा बैंक, एचडीएफसी व बैंक ऑफ़ राजस्थान ने आवास ऋण सस्ता करने की घोषणा की।
- ✳2007 - टाइम पत्रिका ने रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन को पर्सन आफ़ द ईयर के खि़ताब से नवाजा।
- ✳2006 - शैलजा आचार्य को नेपाल ने अपना भारत में नया राजदूत नियुक्त किया।
- ✳2005 - अफ़ग़ानिस्तान में तीन दशक बाद लोकतांत्रिक पद्धति से चुनी गयी देश की पहली संसद की पहली बैठक आयोजित।
- ✳2003 - संयुक्त राज्य अमेरिका ने कश्मीर समस्या को संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के तहत हल करने की पाकिस्तान की मांग छोड़ने का स्वागत किया।

# नवनियुक्त कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने किया संयुक्त जिला कार्यालय भवन का निरीक्षण

### दूरस्थ क्षेत्रों से कलेक्ट्रेट आने वाले ग्रामीणों की सुविधाओं का रखें ध्यान

समवेत शिखर संवाददाता



**दंतेवाड़ा।** जिले के नवनियुक्त कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयीन व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री ध्रुव ने कार्यालय परिसर में स्थित प्रसाधन कक्षों की सुव्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए महिला एवं पुरुष शौचालयों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कार्यालयीन वातावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों की सुविधा को प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आम जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए कार्यालय परिसर में आगंतुकों के बैठने की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश देते हुए कहा कि सुबह 10:30 बजे तक सभी की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज होने के साथ ही उपस्थिति की जानकारी देने को कहा। इसके अतिरिक्त कलेक्ट्रेट में स्थिति अन्य कार्यालयों में ई ऑफिस प्रणाली के अनुरूप कार्यालयीन कार्य संपादित करने, अन्य कार्यक्रमों को संबंधित विभागीय ग्रुप में अपलोड करने के संबंध में भी निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री ध्रुव ने रीडर शाखा, राहत शाखा, नाजिर शाखा, राजस्व शाखा, भू-अभिलेख शाखा, उप-पंजीयक कार्यालय, आदिवासी विकास, रोजगार, श्रम, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, खाद्य, पीएचई सहित अन्य विभागों की शाखाओं का अवलोकन किया। उन्होंने सभी विभागों में आवक-जावक रजिस्टर के सुव्यवस्थित संधारण, प्रत्येक कर्मचारी की टेबल पर नेमप्लेट तथा कार्य विवरण दीवार पर स्पष्ट रूप से अंकित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आगंतुकों की सुविधा के लिए भवन में विभागों की दिशा-सूचक तीर चिह्न लगाने तथा पुराने भंडारित सामग्री के निपटान (राइट-अप) की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने विभाग प्रमुखों को स्वयं समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी समय पालन सुनिश्चित कराने, अभिलेखों के रख-रखाव तथा नागरिकों को प्रदान की जा रही सेवाओं की समीक्षा करते हुए कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे सहित अन्य डिप्टी कलेक्टर अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# 23 दिसंबर को जारी होगा मतदाता सूची का ड्राफ्ट

### दावे और आपत्तियों के लिए 22 जनवरी तक का मौका

समवेत शिखर संवाददाता

जगदलपुर। बस्तर जिले में मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने के उद्देश्य से चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का पहला महत्वपूर्ण चरण पूरा हो चुका है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार 4 नवंबर से 18 दिसंबर 2025 तक चलाए गए गणना और घर-घर सत्यापन का कार्य संपन्न हो गया है। अब निर्वाचन आयोग आगामी 23 दिसंबर 2025 को मतदाता सूची का प्रारूप (ड्राफ्ट) प्रकाशित करने जा रहा है, जो प्रदेश के सभी नागरिकों के लिए अपने मताधिकार की पुष्टि करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। इस विशेष अभियान के तहत जिले भर में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर व्यापक सर्वे किया गया। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) की मौजूदगी में सूचियों का मिलान किया गया ताकि पारदर्शिता बनी रहे। 23 दिसंबर को प्रारूप प्रकाशन के साथ ही दावा और आपत्ति दर्ज कराने की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी, जो 22 जनवरी 2026 तक जारी रहेगी। आयोग ने स्पष्ट किया है कि 1 जनवरी 2026 को आधार तिथि मानते हुए, जो भी नागरिक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, वे अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं।

मतदाताओं की सुविधा के लिए आयोग ने ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही विकल्प खुले रखे हैं। नागरिक भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ की वेबसाइट या ECINET मोबाइल ऐप के माध्यम से घर बैठे अपना नाम चेक कर सकते हैं और आवेदन कर सकते हैं। यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम सूची में छूट गया है, तो वे फॉर्म 6 भरकर आवेदन कर सकते हैं। इसी तरह यदि किसी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में है या किसी नाम पर आपत्ति है, तो फॉर्म 7 और यदि नाम या अन्य विवरण में कोई त्रुटि है जिसे सुधरवाना है, तो फॉर्म 8 का उपयोग किया जा सकता है। आयोग ने जन्म तिथि के प्रमाणन को लेकर भी स्थिति स्पष्ट की है। यदि आवेदक का जन्म 1 जुलाई 1987 से पहले हुआ है, तो आयोग द्वारा निर्दिष्ट सूची का कोई भी दस्तावेज मान्य होगा। वहीं 1987 से 2004 के बीच जन्मे लोगों को खुद का या माता-पिता का ऐसा दस्तावेज देना होगा जो जन्म तिथि और स्थान प्रमाणित करे। 2 दिसंबर 2004 के बाद जन्मे आवेदकों के लिए जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा।

पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने राजनीतिक दलों को भी सक्रिय भागीदार बनाया है। 23 दिसंबर को प्रकाशित होने वाली प्रारूप मतदाता सूची की हार्ड और सॉफ्ट कॉपी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा जिन मतदाताओं से गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हो सके या जो घर पर नहीं मिले, उनकी अलग से सूची बनाकर साझा की जाएगी ताकि कोई भी पात्र नागरिक छूट न जाए। इन सभी प्रक्रियाओं और दावा-आपत्तियों के निराकरण के बाद 21 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस एस ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे 23 दिसंबर के बाद अपने नाम की जांच अवश्य करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सहभागिता निभाएं।

## ►► न्यूज ब्रीफ



### जनसमस्या निवारण शिविर में 188 नागरिकों ने दिए आवेदन 15 का त्वरित निराकरण

**कुम्हारी।** शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 6 स्थित सामुदायिक में नगर पालिका परिषद प्रशासन द्वारा जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया । उक्त शिविर में विकास खण्ड के समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए एवं जनप्रतिनिधि व आम नागरिकों के द्वारा कुल 188 आवेदन दिये गये। जिसमें से 15 आवेदनों का त्वरित निराकरण शिविर में किया गया। शेष 173 आवेदनों को संबंधित विभाग को प्रेषित किया गया एवं 15 दिवस के भीतर निराकृत कर संबंधित आवेदक को सूचित किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। उक्त शिविर में परिवहन विभाग के द्वारा 9 लर्निंग लायसेंस बनाया गया एवं 34 नागरिकों द्वारा अपने स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। 5 हितग्राहियों को लोन राशि की स्वीकृति प्रदान किया गया। शिविर में पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर, पार्षद अश्वनी देशलहरे, उमाकांत साहू, डिकेश पटेल हरिदास वैष्णव, लोकेश कुमार साहू, ओंकार प्रसाद मारकंडे, श्रीमती उमेश्वरी साहू, लेखराम साहू, डिकेन्द्र साहू, पूर्व पार्षद मिथिलेश यादव एवं उप अभियंता अतुल कुमार सिंह, छाया साहू, हरिकिशन पावरिया, लेखापाल शुभम महतो व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### भारतीय अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए प्रवेश पत्र जारी, 10 जनवरी से 24 जनवरी तक किया जाएगा भर्ती रैली का आयोजन

**बालोद।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा भारतीय अग्निवीर (थलसेना) भर्ती रैली का आयोजन 10 जनवरी से 24 जनवरी 2026 तक इंडोर स्टेडियम धमतरी में किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि भर्ती रैली में राज्य के सभी 33 जिलों से पुरुष अभ्यर्थी के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्नीकल, अग्निवीर क्लर्क, स्टोर कीपर टेक्नीकल एवं अग्निवीर ट्रेडमेन के पदों पर भर्ती की जाएगी। उल्लेखनीय है कि सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा 30 जून 2025 से 10 जुलाई 2025 तक ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया गया था। ऑनलाईन परीक्षा में उत्तीर्ण योग्य उम्मीदवार शारीरिक दक्षता सहित अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग ले सकेगें। उन्होंने बताया कि पात्र अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र विभागीय वेबसाईट जॉइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन पर प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा पात्र अभ्यर्थियों के ईमेल पर भी प्रवेश पत्र भेजा जा चूका है। उन्होंने बताया कि रैली में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड एवं रैली अधिसूचना के अनुसार सभी आवश्यक दस्तावेज तथा आधार कार्ड से लिंक मोबाईल के साथ उपस्थित होना अनिवार्य हैं। इसके साथ ही उक्त संबंध में अधिक जानकारी हेतु सेना भर्ती कार्यालय नवा रायपुर के दूरभाष क्रमांक 0771-2965212 व 0771-2965214 एवं जिला रोजगार कार्यालय बालोद 07749-299509 में संपर्क कर सकते हैं।

# संत गुरु घासीदास बाबा के संदेश से समाज को मिली एकता और मानवता की प्रेरणा : उप मुख्यमंत्री शर्मा

### उप मुख्यमंत्री ग्राम मगरधा, कवर्धा बिसनपुरा में आयोजित संत गुरू घासीदास बाबा की जयंती में हुए शामिल

समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** संत शिरोमणि गुरू घासीदास बाबा की 269वीं जयंती के पावन अवसर पर आज ग्राम मगरदा, कवर्धा, बिसनपुरा में श्रद्धा, भक्ति के साथ आयोजित कार्यक्रमों में उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने संत गुरू घासीदास बाबा के आदर्शों को नमन करते हुए संत गुरू घासीदास गुरुद्वारा एवं जैतखाम में विधिवत पूजा-अर्चना कर जैतखाम में ध्वज स्थापित किया तथा फूल-माला अर्पित की। उन्होंने संत गुरू घासीदास बाबा का आशीर्वाद लेकर प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। उप मुख्यमंत्री इसके बाद ग्राम दशरंगपुर खुर्द में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि संत गुरू घासीदास बाबा के विचार मनखे-मनखे एक समान आज भी समाज को समानता, सद्भाव और मानवता का संदेश देते हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने समाज के प्रतिनिधियों से सौजन्य भेंट-मुलाकात की, उनका हाल-चाल जाना और समाज के उत्थान से जुड़े विषयों पर आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने मगरदा में संत गुरू घासीदास बाबा मंदिर परिसर में सामने बाउंड्री वाल के लिए 10 लाख रुपया, मंच निर्माण के लिए 3.5 लाख रुपए की घोषणा की। ग्राम बिसनपुरा में मेन रोड से गांव तक पहुंचने के लिए सीसी रोड निर्माण एवं मंगल भवन के लिए 6.5 लाख रुपया की घोषणा की। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, जिला पंचायत सदस्य श्री राम कुमार भट्ट, जिला पंचायत सदस्य श्री वीरेन्द्र साहू, श्री गणपत बघेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल श्री सुनील साहू समाज के नागरिक सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।




उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि संत गुरू घासीदास बाबा ने मानव समाज को मानवता का संदेश देने के साथ ही एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है। संत बाबा गुरु घासीदास ने समूचे जगत के कल्याण का रास्ता दिखाया है। उनका सन्देश मनखे-मनखे एक समान आपसी भाई चारा और सबको एक सूत्र में बांधकर रखने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि बाबा जी की अमृत वाणी को हम सभी अपने जीवन मे उतार कर जीवन को चरितार्थ कर सकते है। उन्होंने घासीदास के संदेश के बारे में बताते हुए कहा कि गुरु जी ने अपने जीवन में मानवता, एकता और समृद्धि का मार्ग दिखाया है, जो आज भी हमारे जीवन में प्रासंगिक है। उनका संदेश सभी को एक सूत्र में बांधने और आपसी भेदभाव को समाप्त करने की प्रेरणा देता है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि जिले में 306 करोड़ की लागत से मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण किया जाएगा, जिसका शिला स्थापना मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने किया है। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए पिपरिया एवं तरेगांव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हेतु 52ङ्क52 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। बच्चों के लिए 50-सीटर क्रिटिकल केयर अस्पताल, जिला अस्पताल की क्षमता 100 से बढ़ाकर 220 बिस्तर, तथा सीटी स्कैन सेवा प्रारंभ की गई है। बोडला और पिपरिया में सोनोग्राफी सेवा आरंभ की गई है। पिपरिया और रेंगाखार में एंबुलेंस की सुविधा भी प्रारंभ की गई है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य एवं युवा कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं।

### रजत जयंती विशेष सप्ताह के अंतर्गत नशामुक्ति थीम पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन की रजत जयंती के अवसर पर राज्य की 25 वर्षों की उपलब्धियों को प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंचाने के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार 12 दिसंबर 2025 से 19 दिसंबर 2025 तक विशेष सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वामी करपात्री जी मैदान कवर्धा में समाज कल्याण विभाग द्वारा नशामुक्ति की थीम पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी बच्चों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजित 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पारस मागरे, द्वितीय स्थान पप्पू निषाद तथा तृतीय स्थान अननयासागर ने प्राप्त किया। वहीं 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पंकज जायसवाल, द्वितीय स्थान पुष्पेंद्र साहू एवं तृतीय स्थान पिंटू साहू ने सफलता अर्जित की। सभी विजयी प्रतिभागियों को मोमेंटो, मेडल एवं नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री आनंद तिवारी, उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती अभिलाषा पंडा, अधीक्षक श्री देवकुमार कौशिक, श्री सुनील सरोज सहित समाज कल्याण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित युवाओं को नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

## किसानों का बढ़ा भरोसा–कुम्ही में मीनेश देवांगन का सकारात्मक अनुभव बना सुगम धान खरीदी का उदाहरण



समवेत शिखर संवाददाता

**बेमेतरा।** समर्थन मूल्य पर चल रही धान खरीदी व्यवस्था ने इस वर्ष किसानों को नई सहजता और भरोसे का अनुभव कराया है। बेमेतरा जिले में खरीदी शुरू होते ही कई केंद्रों पर सुचारू व्यवस्थाओं के कारण किसान संतुष्ट नजर आ रहे हैं। आधुनिक तकनीक, ऑनलाइन टोकन प्रणाली और अधिकारियों की नियमित निगरानी ने खरीदी को पहले की तुलना में अधिक सरल और पारदर्शी बनाया है।

ग्राम कुम्ही के किसान श्री मीनेश देवांगन, जिन्होंने इस बार 163 क्विंटल धान बेचा है, बताते हैं कि खरीदी केंद्र पर पहुँचने से लेकर तौल तक की पूरी प्रक्रिया बिना किसी परेशानी के पूरी हुई। उनका कहना है कि ऑनलाइन टोकन मिलने से भीड़ और प्रतीक्षा जैसी समस्याएँ समाप्त हो गई हैं, जिससे किसानों को काफी राहत मिली है।

मीनेश कहते हैं- इस बार खरीदी केंद्र की व्यवस्था बेहद संतोषजनक रही। तौल समय पर हुई, कर्मचारियों ने पूरा सहयोग दिया और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं रही। भुगतान भी समय पर मिलने की उम्मीद है, जिससे आगामी फसलों की तैयारी सुचारू होगी। केंद्र पर मौजूद अन्य किसानों ने भी माना कि इस वर्ष खरीदी का माहौल पहले से ज्यादा सहज, पारदर्शी और किसान-केंद्रित रहा। तौल मशीनों की नियमित जांच, डिजिटल रिकॉर्ड और अधिकारियों की सतत मौजूदगी ने किसानों में भरोसा और मजबूत किया है।

खरीदी व्यवस्था से संतुष्ट मीनेश देवांगन ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा किए गए सुधारों ने वास्तव में किसानों के लिए धान बेचने की प्रक्रिया को आसान और भरोसेमंद बनाया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसी सरल और पारदर्शी व्यवस्था भविष्य में भी जारी रहेगी।

## बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, वार्ड-17 में सतनाम भवन की घोषणा की



समवेत शिखर संवाददाता

**कुम्हारी।** गुरुवार को नगर में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती पूरे हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर वार्ड क्रमांक 6 गुरु घासीदास सत्संग विकास समिति कुम्हारी एवं वार्ड 17 गुरु घासीदास सेवा समिति रामपुर चोरहा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं पाटन विधायक भूपेश बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए वे चौका पूजा में शामिल होकर बाबा जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों को जयंती की बधाई दी। रामपुर चोरहा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि आज वह जो कुछ भी हैं, बाबा गुरु घासीदास जी के आशीर्वाद और उनके दिखाए मार्ग की बदौलत हैं। बाबा जी की ही कृपा है कि मुझे मुख्यमंत्री के रूप में सेवा करने का अवसर मिला। उनके सत्य के मार्ग पर चलकर ही हम कुम्हारी में इतने विकास कार्य कर पाए, जो आज इतिहास में दर्ज हो चुके हैं। यह सब बाबा जी के सिद्धांतों का ही प्रतिफल है। जयंती समारोह के दौरान क्षेत्र की मांग को ध्यान में रखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने एक बड़ी घोषणा भी की। उन्होंने रामपुर चोरहा वार्ड क्रमांक 17 में समाज के लिए सतनाम भवन निर्माण कराए जाने का ऐलान किया। उन्होंने कामना की कि बाबा गुरु घासीदास जी का आशीर्वाद सभी प्रदेशवासियों पर सदैव बना रहे और समाज में शांति व भाईचारा कायम रहे। कार्यक्रम में सतनामी समाज के पदाधिकारी सदस्यगण जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## बाल विवाह मुक्त भारत की दिशा में सार्थक पहल शासकीय नवीन महाविद्यालय बेरला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

समवेत शिखर संवाददाता



**बेरला।** शासकीय नवीन महाविद्यालय बेरला में महिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग बेमेतरा तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के संयुक्त तत्वावधान में ÷बाल विवाह मुक्त भारत÷ विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं समाज को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों तथा रोकथाम के उपायों के प्रति संवेदनशील बनाना रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं डॉ. विद्यानंद बोरकर एवं श्री व्योम श्रीवास्तव ने बताया कि बाल विवाह कानून अपराध है, जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने जानकारी दी कि बाल विवाह निषेध अधिनियम के अंतर्गत दोषी पाए जाने पर जुर्माना एवं कारावास दोनों का प्रावधान है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि बाल विवाह की सूचना देना प्रत्येक नागरिक का सामाजिक दायित्व है। वक्ताओं ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए शिक्षा, सामाजिक जागरूकता, सामुदायिक सहभागिता तथा कानून की जानकारी को अत्यंत आवश्यक बताया। कार्यक्रम में यह भी समझाया गया कि यदि कहीं बाल विवाह की संभावना दिखाई दे तो तत्काल संबंधित विभाग, महिला बाल संरक्षण इकाई अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को सूचना देकर इसे रोका जा सकता है।

## कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का किया गहन पड़ताल

समवेत शिखर संवाददाता

**बालोद,।** कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने आज डौण्डीलोहरा विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र गैंजी एवं डौण्डी विकासखण्ड के चिखलाकसा, कोटागांव, भर्रीटोला एवं घोटिया धान खरीदी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर संपूर्ण व्यवस्थाओं की गहन पड़ताल की।

इस दौरान कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने सभी धान खरीदी केन्द्रों में दस्तावेजों का अवलोकन कर अब तक खरीदी गए कुल धान की मात्रा, ग्रामवार धान की औसत पैदावार, रकबा समर्पण की स्थिति आदि का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने नियमानुसार वास्तविक किसानों के वास्तविक धान की शत प्रतिशत खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा



उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में कोचियों, व्यापारियों आदि से अवैध धान की खरीदी न की जाए। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों को इसके लिए पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने डौण्डी विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र चिखलाकसा के निरीक्षण के दौरान खरीदी गए धान बोरों की तौल भी करवाया। मौके पर तौल कराए गए सभी 04 बोरों में धान की निर्धारित मात्रा 40 किलो 680 ग्राम से अधिक लगभग 41 किलो ग्राम धान पाए जाने पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। इसके लिए उन्होंने मौके पर उपस्थित समिति प्रबंधक एवं कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए समिति प्रबंधक श्री भगवान सिंह ठाकुर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम श्री शिवनाथ बघेल, डिप्टी कलेक्टर श्री आशीष पेंद्रो, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं श्री आरपी राठिया, जिला खाद्य अधिकारी श्री तुलसीराम ठाकुर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्र गैंजी के निरीक्षण के दौरान धान खरीदी केन्द्र में अब तक रकबा समर्पण कराए गए कुल कृषकों की संख्या तथा एक टोकन वाले किसानों के अलावा 02 एकड़ से अधिक एवं 10 एकड़ से अधिक वाले कुल किसानों की संख्या के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने अपने धान की बिक्री कराने पहुँचे किसान श्री दीपक यामले से बातचीत कर उन्हें आज धान की बिक्री करने के पश्चात् शेष रकबे का समर्पण करने की समझाईश दी।

## गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव की तैयारियों को लेकर मंत्री दयालदास बघेल ने की समीक्षा

समवेत शिखर संवाददाता



**बेमेतरा।** जिला बेमेतरा के विकासखंड नवागढ़ में 26 से 28 दिसंबर 2025 तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव की तैयारियों को लेकर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री दयाल दास बघेल ने आज जनपद पंचायत नवागढ़ में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने महोत्सव को भव्य, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय ढंग से संपन्न कराने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट एवं ठोस दिशा-निर्देश दिए।

मंत्री श्री बघेल ने कहा कि गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव राज्य स्तर का अत्यंत महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आयोजन है, जिसमें जिले सहित प्रदेशभर से पंथी नृत्य दल, सामाजिक बंधु एवं बड़ी संख्या में सतनाम पंथ के अनुयायी शामिल होंगे। ऐसे में आयोजन की प्रत्येक व्यवस्था उच्च गुणवत्ता एवं समुचित समन्वय के साथ सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता एवं प्राथमिकता के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया।

बैठक के दौरान मंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छता व्यवस्था, दर्शकों के लिए बैठक व्यवस्था, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल, सुव्यवस्थित पार्किंग, मुख्य मंच एवं अन्य मंचों की तैयारी, कार्यक्रम स्थल की साज-सज्जा, बेरीकेटिंग तथा सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी आवश्यक प्रबंध समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से आम नागरिकों, श्रद्धालुओं एवं कलाकारों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोपरि रखने पर जोर दिया।

## ऑनलाइन टोकन से धान खरीदी हुई सरल और पारदर्शी

समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ राज्य में धान खरीदी व्यवस्था को लगातार अधिक सरल, पारदर्शी और किसान-हितैषी बनाया जा रहा है। किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए शासन द्वारा 'टोकन तुहर हाथ' ऐप के माध्यम से 24म7 ऑनलाइन टोकन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे किसान घर बैठे अपनी सुविधा अनुसार टोकन प्राप्त कर पा रहे हैं। इस डिजिटल पहल से धान खरीदी की प्रक्रिया समयबद्ध होने के साथ-साथ खरीदी केंद्रों पर भीड़ नियंत्रण में भी प्रभावी सिद्ध हो रही है। ऑनलाइन टोकन व्यवस्था के कारण किसानों को निर्धारित तिथि एवं समय पर धान विक्रय का अवसर मिल रहा है।

इसी सुव्यवस्थित और डिजिटल व्यवस्था का लाभ कबीरधाम जिले के ग्राम खैरबाना कला के किसान श्री निरंजन साहू को मिला। उन्होंने 'टोकन तुहर हाथ' ऐप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन प्राप्त कर निर्धारित तिथि एवं समय पर उपार्जन केंद्र पहुँचकर 36 क्विंटल धान का सफ्लतापूर्वक विक्रय किया। टोकन प्राप्त करने से लेकर धान तौल और विक्रय तक की प्रक्रिया पूरी तरह व्यवस्थित रही, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। श्री निरंजन साहू ने बताया कि पूर्व में धान बेचने के लिए लंबे समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ती थी, जबकि अब ऑनलाइन टोकन व्यवस्था से समय की बचत हो रही है। खरीदी केंद्र में पहुँचते ही निर्धारित समय पर धान की तौल एवं खरीदी की प्रक्रिया पूर्ण हो जाती है। धान विक्रय के पश्चात भुगतान भी शीघ्रता से सीधे बैंक खाते में प्राप्त हो जाता है, जिससे किसानों को आर्थिक रूप से बड़ी राहत मिल रही है।

श्री निरंजन साहू ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऑनलाइन टोकन प्रणाली से न केवल खरीदी केंद्रों पर भीड़ नियंत्रित हुई है, बल्कि किसानों को सम्मानजनक एवं सुव्यवस्थित वातावरण में अपनी उपज विक्रय करने का अवसर भी मिला है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अपनाई गई डिजिटल एवं पारदर्शी नीतियाँ किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी सिद्ध हो रही हैं।

---

**न्यायालय तहसीलदार, आरंग जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. ब/121
ग्राम आरंग

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनोद्कुमार गुप्ता पिता श्रीरामानंद गुप्ता ग्राम आरंग तहसील आरंग, द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पिता रामानंद के जन्म दिनांक 31.10.2023 है, का पंजीयन कराने हेतु पंजीयन जन्म मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि जन्म/मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 05. 01.2026 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 17.12.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार आरंग

---

**न्यायालय तहसीलदार, गोबरा नवापारा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ / वा-1/ ना.तह./2025
नवापारा दिनांक 10.12.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अभिषेक शर्मा पिता स्व. सत्यनारायण शर्मा निवासी ग्राम गोबरा नवापारा पहनं. रा.नि.मं. नवापारा तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर ने आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक के पुत्र आयुष शर्मा का जन्म दिनांक 13.09.2003 ग्राम गो. नवापारा में हुआ है जिसके संबंध में भूलवश पंचायत पंजी में दर्ज नहीं करा पाया। जिसके संबंध में आवेदक अपने पुत्र/पुत्री/माता/पिता के जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 20.12.25 को नियत है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में आये दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.11.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार गोबरा नवापारा

---

**न्यायालय तहसीलदार, गोबरा नवापारा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ / वा-1/ ना.तह./2025
नवापारा दिनांक 10.12.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद जुनैद पिता मोहम्मद रशीद निवासी गोबरा नवापारा पहनं. 23 रा.नि.मं. नवापारा तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर ने आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक के बहन शबा का जन्म 04.02.1996 ग्राम गो. नवापारा में हुआ है। जिसके संबंध में भूलवश पंचायत पंजी में दर्ज नहीं करा पारा।जिसके संबंध में आवेदक अपने पुत्र/पुत्री/ पिता के जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनववाई दिनांक 20.12.25 को नियत है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में आये दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.12.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार गोबरा नवापारा

---

**न्यायालय तहसीलदार, गोबरा नवापारा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ / वा-1/ ना.तह./2025
नवापारा दिनांक 10.12.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद जुनैद पिता मोहम्मद रशीद निवासी गोबरा नवापारा पहनं. 23 रा.नि.मं. नवापारा तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर ने आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक के बहन परवीन मोमीन जन्म 04.02.1999 ग्राम गो. नवापारा में हुआ है। जिसके संबंध में भूलवश पंचायत पंजी में दर्ज नहीं करा पारा।जिसके संबंध में आवेदक अपने पुत्र/पुत्री/ पिता के जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनववाई दिनांक 20.12.25 को नियत है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में आये दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.12.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार गोबरा नवापारा

---

**न्यायालय तहसीलदार, गोबरा नवापारा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ / वा-1/ ना.तह./2025
नवापारा दिनांक 10.12.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद जुनैद पिता मोहम्मद रशीद निवासी गोबरा नवापारा पहनं. 23 रा.नि.मं. नवापारा तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर ने आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक के बहन बुशरा कौशर का जन्म 15.03.1994 ग्राम गो. नवापारा में हुआ है। जिसके संबंध में भूलवश पंचायत पंजी में दर्ज नहीं करा पाया। जिसके संबंध में आवेदक अपने पुत्र/पुत्री/पिता के जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 20.12.2025 को नियत है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में आये दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.12.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार गोबरा नवापारा

## न्यूज ब्रीफ

### गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रमों में शामिल हुए नपाध्यक्ष



**महासमुंद।** नगर के विभिन्न वार्डों में 18 दिसंबर को गुरु घासीदास बाबा की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। नयापारा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 04, 11 एवं वार्ड 21 एफसीआई रोड स्थित जैतखंभ की पूजा अर्चना कर नगर पालिका अध्यक्ष श्री साहू ने बाबा से समस्त नगर वासियों की समृद्धि तथा भाईचारे का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि बाबा ने मानवता का संदेश देते हुए मनखे मनखे एक समान का नारा देकर समाज को एक सूत्र में पिरोया। उन्होंने अपना जीवन समाज सेवा में समर्पित कर दिया। ऐसे महान संत, परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी का जन्म छत्तीसगढ़ की पुण्य भूमि पर होना हम सबके लिए परम सौभाग्य की बात है। आज समस्त मानव जीवन का कल्याण केवल बाबा के बताए मार्गों का अनुशरण करने से ही संभव है। उन्होंने सतनामी समाज के लोगों व वार्ड वासियों को बाबा गुरु घासीदास जयंती की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पार्षद ओमिन टोमन कागजी, राहुल आवड़े, जय देवांगन, गुलशन साहू, मुस्ताक खान विक्की, धनेंद्र चंद्राकर, संजय भोई, प्रदीप मोहंती, समाज के पदाधिकारी रेखराम बघेल आदि उपस्थित थे।

### गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी का गठन



**महासमुंद।** गत दिनों स्थानीय गुरूद्वारा साहिब की सामाजिक बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पांच सदस्ययी प्रबंध कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मनजीत सिंघ गुरूदत्ता, सतपाल सिंघ सोनू चावला, गुरप्रीत सिंघ लाडी चावला, त्रिलोचन सिंघ चावला व गोल्डी उपवेजा शामिल है। सभी चयनित कमेटी एक वर्ष तक प्रबंध संभालेंगे।

### गुरु घासीदास लोककला नर्तक दलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता कल

**महासमुंद।** आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के आदेशानुसार जिला स्तर पर लोककला नर्तक दलों की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले चयनित लोककला दलों को राज्य स्तरीय कार्यक्रम हेतु भेजा जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि गुरू घासीदास लोककला नर्तक दलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता रविवार 21 दिसंबर को पूर्व माध्यमिक शाला खैरा महासमुन्द के मैदान में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 11:30 बजे से गठित निर्णायक मंडल की उपस्थिति में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक लोककला नर्तक दलों को 21 दिसम्बर को सुबह 10:30 बजे तक अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा। साथ ही सभी प्रविष्टिकर्ता लोककला नर्तक दलों को नियत तिथि एवं स्थल पर कम से कम 01 घंटा पूर्व अनिवार्य रूप से उपस्थित होना आवश्यक होगा। आयोजन के माध्यम से जिले की समृद्ध लोककला एवं सांस्कृतिक विरासत को मंच प्रदान करते हुए उत्कृष्ट नर्तक दलों का चयन किया जाएगा, जिन्हें आगे राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सहभागिता का अवसर मिलेगा।

# नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का प्रथम नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** जिला साहू संघ महासमुंद के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष ढालू राम साहू,उपाध्यक्ष देवेश साहू, चंद्रिका साहू संगठन सचिव राजेश साहू, नेहा साहू के निर्वाचित होने पश्चात जिलाध्यक्ष धरम दास साहू , महासमुंद तहसील अध्यक्ष ललित साहू, भूमि राम साहू तहसील अध्यक्ष सरायपाली, अंगद साहू अध्यक्ष दुलारपाली, नेपाल साहू अध्यक्ष बाराडोली, चूड़ामणि साहू अध्यक्ष सरायपाली,संतोष साहू अध्यक्ष भोरिंग परिक्षेत्र , मिलन साहू अध्यक्ष सुरमाल चार , परिक्षेत्र दुबेलाल साहू सुरमाल एक , लालजी सचिव,रेखू राम साहू उपाध्यक्ष, देवनाथ साहूऑडीटर, संतराम साहू संगठन सचिव, अजय साहू के साथ प्रथम महासमुंद नगर आगमन पर साहू समाज ने आतिशी स्वागत किया।

सर्व प्रथम घोड़ारी चौक में नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष बलराम कांत साहू , रवि फिरोदिया सभापति जिला पंचायत,जिला उपाध्यक्ष ;साहू समाज , तुलाराम साहू, खल्लारी अध्यक्ष चंदू लाल साहू, राजेश साहू,युगल किशोर साहू,रमेश साहू अध्यक्ष कौड़िया दो, प्रेम साहू संरक्षक, मोती साहू संरक्षक, रूपचंद साहू संगठन सचिव, पवन साहू सरपंच, सतीश साहू उपाध्यक्ष भोरिंग ने सामाजिक बंधुओं के साथ पुष्पहार पहना कर स्वागत कियाए साथ ही नगर साहू समाज महासमुंद की युवा टीम ने भी आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। नेहरू चौक महासमुंद पहुंचा जहां साहू समाज के सभी गणमान्य सदस्यों की पूरी टीम ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष ढालू राम साहू एवं कार्यकारिणी का भव्य आतिशबाजी कर स्वागत किया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने मंच पर पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिलाध्यक्ष धरमदास साहू, नगरपालिका महासमुंद के अध्यक्ष निखिलकांत साहू, नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष बलराम कांत साहू के साथ सर्वप्रथम माता कर्मा के तैलचित्र पर आरती कर तिलक वंदन किया। जिला साहू संघ के नव निर्वाचित कार्यकारिणी का रवि साहू नगर अध्यक्ष, सती साहू अध्यक्ष कर्मा जागृति महिला मंडल, द्रौपदी साहू, सुधा साहू, सावित्री साहू, सरोजनी साहू, माहेश्वरी साहू, टेमिन साहू,भेख लाल साहू, लक्ष्मण साहू, नेहरू साहू, धनराज साहू, पोखराज साहू सहित सामाजिक बंधुओं ने पुष्पहार पहना कर तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

# बाबा के विचार आज भी प्रासंगिक : राठी



समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** बाबा गुरु घासीदास की 259 वीं जयन्ती के अवसर पर नपा उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी,भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र सिका,पार्षद गण पियुस साहू, राहुल आवड़े,जितेन्द्र ध्रुव, भाजपा युवा नेता शरद मराठा गौरव राठी वार्ड नं 4 जैतखम्ब में पूजा अर्चना की। इस अवसर पर श्री राठी ने जयन्ती की बधाई देते हुये कहा कि बाबा गुरु घासीदास को सामाजिक और अध्यात्मिक जागरण के अग्रदुत के रुप देखा जाता है उनके सिध्दांत विचार आज भी प्रांसगिक है । बाबा ने समाजिक समानता,सत्य,अहिंसा,महिला उत्थान, बाल विवाह पर रोक जैसे कुरीतियों के खिलाफ अभियान चलाया जातिगत भेदभाव के लिए उन्होंने संदेश दिया कि मनखे मनखे एक समान है। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# गांधीधाम और सूरत सुपरफास्ट का स्टापेज महासमुंद में करने की मांग



समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** रायपुर रेल मंडल कार्यालय में रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई। जिसमें सांसद रूपकुमारी चौधरी की ओर प्रतिनिधि के रूप में सतपाल सिंघ पाली शामिल हुए। जिन्होंने महासमुंद लोकसभा की ओर से अनेक मांगें मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेल्वे दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे को मांगों का पत्र सौंपा।

मांगों में प्रमुख रूप से दिल्ली और मुंबई के लिए अमृत भारत ट्रेन चलाए जाने की मांग की गई। वही पूरी से गांधीधाम सुपरफास्ट, पुरी से सूरत सुपरफास्ट का स्टापेज महासमुंद में करने की मांग करते हुए कहा गया है कि पूरी से सूरत सुपरफास्ट ट्रेन 22827 जिसका स्टापेज कांटाभांजी के बाद सीधा रायपुर है। इसका महासमुंद में स्टापेज करने से यहां के नागरिकों को लाभ मिलेगा और गुजरात से सूरत जाना सुलभ हो जाएगा। इसी तरह एक्सप्रेस ट्रेनों का महासमुंद से रायपुर के बीच जो टाईम टेबल है वह दो घंटे का है। महासमुंद से रायपुर के बीच यात्रियों का एक घंटा खराब होता है जिसमें सुधार करने की जरूर है। यात्री प्रतिक्षलय में महिलाओं के लिए फीडिंग रूम की व्यवस्था की जाए साथ ही जम्मुतबी एक्सप्रेस सप्ताह में दो बार का संचालन पुनः करने की मांग प्रमुख है।

# अभिनव पहल, पीएमजीएसवाय सड़कों में प्लास्टिक का उपयोग

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** जिला पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ विकास की दिशा में एक अभिनव उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। जिले में अब प्लास्टिक कचरे को सड़क निर्माण में उपयोग समुचित ढंग से उपयोग किया जा रहा है। इससे सड़कों की गुणवत्ता बढ़ाई जा रही है, और पर्यावरण के लिए गंभीर समस्या बन चुके प्लास्टिक कचरे का भी सार्थक समाधान निकाला जा रहा है।

कलेक्टर विनय लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन का अभिनव प्रयोग करते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इस प्रयोग से सड़कों की टिकाऊ क्षमता में औसतन दो से तीन वर्षों की अतिरिक्त वृद्धि होगी ,आमतौर पर डामर से बनी सड़कों का औसत 4 से 5 साल टिकाऊ अवधि होती है, लेकिन प्लास्टिक मिश्रण से यह 6 से 7 साल तक चलेगी। इसके साथ ही प्रति किलोमीटर निर्माण लागत में भी उल्लेखनीय बचत होती है और लागत अपेक्षाकृत कम आती है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता आशीष कुलदीप ने बताया कि वर्ष 2024.25 में जिले की 14 सड़कों, जिनकी कुल लंबाई लगभग 21 किलोमीटर है में प्लास्टिक का मिश्रण उपयोग किया गया है। इसके सकारात्मक परिणामों को देखते हुए आने वाले समय में जिले की 44 सड़कों लगभग 100 किलोमीटर का निर्माण भी इसी तकनीक से किया जाएगा। इस प्रक्रिया के अंतर्गत जिले के अपशिष्ट प्रबंधन तंत्र एवं मनीकंचन केंद्र बागबाहरा से एकत्रित प्लास्टिक कचरे को मशीन से छोटे.छोटे टुकड़ों में काटा जाता है। इस कार्य में दो महिला समूहों को भी रोजगार मिला है। इसके पश्चात पूरी सावधानी के साथ इसे गर्म डामर के मिश्रण में मिलाकर सड़क निर्माण में उपयोग किया जाता है।

इस तकनीक से बनी सड़कें सामान्य सड़कों की तुलना में अधिक मजबूत, टिकाऊ और मौसम प्रतिरोधी होती है। पर्यावरण के लिए सबसे बड़ी चुनौती बने प्लास्टिक का इस तरह का उपयोग करना स्वच्छता, संरक्षण और विकासकृतीनों का संतुलित उदाहरण है। जिले के ग्राम झालखमरिया से कमार डेरा तक निर्मित सड़क तथा ग्राम जोरातराई से कमार डेरा तक निर्माणाधीन सड़क में भी प्लास्टिक मिश्रण का सफलतापूर्वक उपयोग किया गया है।

# 258 प्रकरणों में 30,126,24 क्विंटल धान जब्त

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को पूरी पारदर्शिता एवं सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं विक्रय पर लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

प्रशासन द्वारा गठित संयुक्त टीमों के माध्यम से जिलेभर में व्यापक जांच एवं निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अब तक जिले में कुल 258 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनसे 30,126,24 क्विंटल धान जप्त किया गया है। जो कि राज्य में सर्वाधिक है। इनमें अवैध धान परिवहन, अवैध भंडारण एवं नियमों के विरुद्ध विक्रय से जुड़े 240 प्रकरण शामिल हैं। इसके अलावा जिले की 18 राइस मिलों का भौतिक सत्यापन कर अनियमितताएं पाए जाने पर उनके विरुद्ध भी प्रकरण दर्ज किए गए हैं। संयुक्त टीम में राजस्व, मंडी, सहकारिता एवं पुलिस विभाग के अधिकारी.कर्मचारी शामिल हैं, जो जिले के प्रमुख मार्गों, अंतर्राज्यीय जांच चौकियों, राइस मिलों एवं धान उपार्जन केंद्रों पर लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। धान खरीदी अवधि के दौरान विशेष सतर्कता बरती जा रही है ताकि किसानों के हितों की रक्षा हो सके।

कलेक्टर श्री लंगेह ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निगरानी अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा नियमित रूप से जांच कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# स्कूल सुनसुनिया में अभिभावक-शिक्षक की बैठक हुई



समवेत शिखर संवाददाता

**बागबाहरा।** चन्द्रोदय पब्लिक स्कूल सुनसुनिया बागबाहरा में अभिभावक-शिक्षक की बैठक गत दिनों किया गया।जिसमें बच्चों की पढ़ाई, प्रगति, व्यवहारऔर शिक्षा की गुणवत्ता हेतु शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को बेहतर बनाना जिसका अंतिम लक्ष्य बेहतर छात्र परिणाम और एक सकारात्मक शैक्षिक वातावरण बनाना है।जिसमें स्कूल के कामकाज, सुविधाओं, स्वच्छता और शैक्षिक मानकों का मूल्यांकन बेहतर हो स्कूल से जुड़ी अन्य गतिविधियों पर चर्चा की गई। यह मीटिंग स्कूल के कैलेंडर के अनुसार आयोजित हुई। पालक मीटिंग प्रश्चात संस्था के प्राचार्य मधुमंगल चन्द्राकर के आग्रह पर पालक (अभिभावक) और शिक्षक मिलकर वृक्षारोपण किए यह एक बेहतरीन पहल था जो पर्यावरण संरक्षण, छात्रों में जिम्मेदारी की भावना और सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा दिया । इस अवशर पर चंद्राकर समाज घुचापाली उपक्षेत्र के अध्यक्ष रमेश चन्द्राकर,स्काउट गाइड स्थानीय संघ के अध्यक्ष पंकज हरपाल, पूर्व सचिव भीमसेन चन्द्राकर, बंशीलाल चन्द्राकर, तेजन चन्द्राकर,भगवती पटेल,लता चन्द्राकर, खेमिन चन्द्राकर, ब्रिज कुमार कोल, मेखा गुप्ता,डुलेश्वरी दिवान,रूखमणी ठाकुर,जागेश्वरी ठाकुर,शोभना यादव,आदि पालक व शिक्षक मौजूद थे।

# गुरु घासीदास बाबा के बताए मार्ग पर चलकर ही समतामूलक, सशक्त और संगठित समाज का निर्माण किया जा सकता है: रंजना साहू

समवेत शिखर संवाददाता





**धमतरी।** ग्राम बंजारी में 18 दिसम्बर को संत शिरोमणि गुरु बाबा घासीदास जी की जयंती के पावन अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस गरिमामयी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं धमतरी की पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू जी उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत रूप से जैतखाम की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई इसके पश्चात श्रीमती साहू ने संत गुरु घासीदास बाबा जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर सादर प्रणाम किया। जयंती के अवसर पर सतनाम समाज द्वारा पारंपरिक पंथी नृत्य का सुंदर कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसको देखकर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में गुरु घासीदास बाबा जी की महान विचारधारा ÷मनखे-मनखे एक समान÷ को स्मरण करते हुए सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि संत गुरु घासीदास बाबा जी सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे, उन्होंने समाज को जाति-पाति, ऊंच-नीच से ऊपर उठकर मानव-मानव की समानता का संदेश दिया, ÷मनखे-मनखे एक समान÷ की विचारधारा आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी उस समय थी। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि बाबा जी के बताए मार्ग पर चलकर ही एक समतामूलक, सशक्त और संगठित समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा, संस्कार और सामाजिक एकता को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि गुरु घासीदास बाबा जी के आदर्श हमारे जीवन को सही दिशा देने का कार्य करते हैं।जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोनिका देवांगन जी ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु बाबा घासीदास जी का जीवन त्याग, तपस्या और मानव कल्याण को समर्पित रहा, उन्होंने समाज को अंधविश्वास से दूर रहकर सत्य, अहिंसा और समानता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। श्रीमती देवांगन ने कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी सांस्कृतिक विरासत मजबूत होती है और नई पीढ़ी को अपने महापुरुषों के विचारों को जानने का अवसर मिलता है। इस कार्यक्रम में जनपद सदस्य गीतेश्वरी साहू जी, दर्री सरपंच हिमांशु साहू जी, निरंजन साहू, ग्राम बंजारी सतनामी समाज अध्यक्ष धरमदास महिलांगे, कोषाध्यक्ष अशोक खुटे, सचिव कालीचरण सिमोर, ग्रामीण वरिष्ठ अगर सिंह ध्रुव, चंद्र प्रकाश साहू, उदय राम महिलांगे, गणेशु बांधे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, सतनाम समाज के पदाधिकारी एवं श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। सभी ने गुरु घासीदास बाबा जी के विचारों को आत्मसात करने और समाज में प्रेम, भाईचारा व समानता बनाए रखने का संकल्प लिया।

# बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती में शामिल हुए विधायक

समवेत शिखर संवाददाता



**बागबाहरा।** सतनाम पंथ के संस्थापक बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती पर खल्लारी विधायक व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव विभिन्न जगहों पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बाबा को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग का अनुसरण करने का आह्वान किया।

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुड़ागांव व देवरी में गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चन्द्राकर, जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार , अंकित बागबाहरा, जिला पंचायत सदस्य रवि फरौदिया, गरिमा केशव चन्द्राकर, पारस सांखला, , गिरीश पटेल, राकेश चन्द्राकर, राहुल चन्द्राकर, केजू चक्रधारी मौजूद थे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि विधायक श्री यादव ने सत्य, अहिंसा और सामाजिक सद्भावना के पथ प्रदर्शक बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि उनके उपदेश समस्त मानव जाति के लिए अनुकरणीय है। गुरु घासीदास बाबा केवल एक संत ही नहीं बल्कि विश्व के महान समाज सुधारकों में से एक थे। उन्होंने मनखे मनखे एक समान का संदेश देकर समाज की कुरीतियों को समाप्त करने का कार्य किया है। उनके विचार वर्तमान परिवेश में और भी अधिक प्रासंगिक है।

विधायक श्री यादव ने उनके बताए मार्ग का अनुसरण करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुडागांव में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लालजी जांगड़े, डेरहा टंडन, विजय जांगड़े, कमलनारायण टंडन, उत्तम सोनवानी, ओमप्रकाश सोनवानी, चंद्रहास साहू, राजकुमार ध्रुव, मोहन ठाकुर, सोहन ठाकुर, आशीष दीवान, खेमराज सिन्हा, ओकेश्वर ददीवान, चंद्रकांत साहू, अजय ध्रुव तथा ग्राम देवरी शांताराम साहू, कामता पुरेना, ललित निराला, बिसाहू मारकंडे, खिलावन चंद्राकर, सोमनाथ महिलांग, लालजी जांगड़े, सियाराम टंडन, ओगेश्वर, चंद्रकांत साहू, लीलाधर टंडन, कमलनारायण, गंगाराम, मोहन राजपुत, रामदास कुर्रे, विजय सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

# मनरेगा का नाम बदलने पर विधायक ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा

### योजना को मूलरूप से खत्म करने का लगाया आरोप

समवेत शिखर संवाददाता



**बागबाहरा।** खल्लारी विधायक व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने मनरेगा का नाम बदलने पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अब नए बदलावों के जरिए मनरेगा के मूल स्वरूप को ही खत्म करना चाहती है।

खल्लारी विधायक श्री यादव ने कहा कि महान अर्थशास्त्री और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने 2009 में यूपीए सरकार के तहत मनरेगा जैसी योजनाएं लागू की। जिसमें 100 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई और अगर समय पर काम नहीं मिलता तो बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान भी शामिल था। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के दौरान, यही योजना लाखों प्रवासी मजदूरों के लिए जीवन रेखा साबित हुई, जिसने अपने गांवों में लौटे लोगों को रोजगार दिया। विधायक श्री यादव ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अब नए बदलावों के जरिए मनरेगा के मूल स्वरूप को ही खत्म करना चाहती है। विधायक श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी को दो चीज़ों से पक्की नफ़रत है - महात्मा गांधी के विचारों से और गरीबों के अधिकारों से।मनरेगा, महात्मा गांधी के ग्राम-स्वराज के सपने का जीवंत रूप है - करोड़ों ग्रामीणों की ज़िंदगी का सहारा है, जो कोविड काल में उनका आर्थिक सुरक्षा कवच भी साबित हुआ। मगर, प्रधानमंत्री मोदी को यह योजना हमेशा खटकती रही, और पिछले कुछ सालों से इसे कमजोर करने की कोशिश करते रहे हैं। आज वो मनरेगा का नामो-निशान मिटाने पर आमादा है। उन्होंने कहा कि यह नया बिल महात्मा गांधी के आदर्शों का अपमान है - मोदी सरकार ने पहले ही भयंकर बेरोज़गारी से भारत के युवाओं का भविष्य तबाह कर दिया है, और अब ये बिल ग्रामीण गरीबों की सुरक्षित रोज़ी-रोटी को भी खत्म करने का ज़रिया है। हम इस जनविरोधी बिल का पुरजोर विरोध करेंगे।

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होगी : शिवरतन

**समवेत शिखर संवाददाता**

**भाटापारा।** स्वर्गीय दानवीर दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर आयोजित संगोष्ठी में वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा एवं भाजपा नेता आनंद यादव ने सहभागिता कर युवाओं के बीच अपने विचार रखे। शिवरतन शर्मा ने कहा की हम सबके लिए गौरव की बात है कि 21वीं सदी का भारत सबसे अधिक युवा आबादी वाला देश है, इसलिए इस सदी को युवाओं एवं विशेषकर भारत की सदी कहा जा रहा है। हमारे युवा तरुणाइयों के अद्भुत कौशल और प्रतिभा के बल पर हम आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत निर्माण के लिए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। शर्मा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक राष्ट्र, एक चुनाव केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को और सशक्त, स्थिर और परिणाममुखी बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। इससे चुनावी प्रक्रिया सरल होगी, संसाधनों की बचत होगी और विकास की रफ्तार बढ़ेगी। नरेन्द्र मोदी ने सशक्त,



समृद्ध एवं सामर्थ्यशाली भारत निर्माण के लिए अधिक से अधिक युवाओं को राजनीति में आने के लिए आह्वान किया है। राजनीति के माध्यम से राष्ट्र और समाज सेवा में आज लाखों युवा साथी आगे बढ़ रहे हैं। मैं सभी युवा साथियों से आग्रह भी करता हूँ कि राष्ट्रहित में सोचें, 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' का संदेश गांव-गांव तक पहुचाएँ एवं अलख जगाते हुए जागरण का मंत्र फूंकें। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने सम्बोधित कर कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच से प्रेरित एक देश-एक चुनाव केवल एक चुनावी सुधार नहीं, बल्कि यह भारत के लोकतंत्र को सशक्त और सुव्यवस्थित बनाने वाला एक क्रांतिकारी कदम है। यह देश के आर्थिक, प्रशासनिक और विकासात्मक लक्ष्यों को गति देने की दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उपरोक्त मौके पर प्राचार्य अंगद सिंह ठाकुर, श्रेणीक गोलछा, आशीष टोडर, मृदुल मुंधडा, अभिषेक मिश्रा, सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### फर्जी इनकम टैक्स रेड गिरोह का एक और खुलासा, पुलिस ने मास्टरमाइंड महिला आरोपी को किया गिरफ्तार

**धमतरी।** थाना सिटी कोतवाली धमतरी पुलिस द्वारा फर्जी इनकम टैक्स रेड कर लूट की योजना बनाने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के मामले में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त करते हुए प्रकरण की मुख्य सूत्रधार महिला आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।



प्रार्थी डॉ. दिलीप राठौर, पिता स्व. बाबूलाल राठौर, उम्र 67 वर्ष, निवासी रत्नाबांधा धमतरी द्वारा 12 दिसंबर को थाना सिटी कोतवाली में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि दिनांक 17 दिसंबर को लगभग 06-07 अज्ञात व्यक्ति उनके मकान में जबरन प्रवेश कर स्वयं को इनकम टैक्स विभाग का अधिकारी बताते हुए बिना किसी सर्च वारंट के घर के कमरों, अलमारियों एवं लॉकर की तलाशी लेने लगे। आरोपियों ने करीब 01:30 से 02:00 घंटे तक पूरे घर की तलाशी ली तथा किसी प्रकार की राशि न मिलने पर दो कारों में बैठकर फरार हो गए। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान थाना पुलिस एवं सायबर सेल धमतरी की संयुक्त टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश की गई। टीम द्वारा नागपुर, दुर्ग, भिलाई, रायपुर एवं बालोद दल्लीराजहरा में दबिश देकर कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### 28 दिसंबर को मेहर समाज का युवक - युवती परिचय सम्मेलन भाटापारा में

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ मेहर समाज प्रदेशस्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन प्रतिभा सम्मान समारोह 28 दिसंबर रविवार को मंगल भवन पुराना सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित किया जायेगा । सम्मेलन का आयोजन दो सत्र में किया गया है प्रथम सत्र 10 बजे से दीप प्रज्वलन संस्कृति कार्यक्रम दूसरा सत्र 1बजे से युवक युवती परिचय व सम्मान समारोह रहेगा जिस में अतिथिगण गुरू खुशवंत सिंह साहेब केबिनेट मंत्री, राजेश अग्रवाल कैबिनेट मंत्री, इन्द्र साव कांग्रेस विधायक , संदीप साहू,कांग्रेस विधायक , शिवरतन शर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता, सनम जांगड़े , अश्वनी शर्मा, अध्यक्ष पालिका , श्रीकांत जायसवाल, ध्रुव कुमार मिर्धा अध्यक्ष चर्म शिल्प विकास बोर्ड, सविता प्रदीप अनंत अध्यक्ष, ईशान वैष्णव , दिलीप छाबड़िया उपाध्यक्ष पालिका , ज़ेजराम वर्मा , सलीम खान प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेमराज बाकरे प्रदेश अध्यक्ष मेहर समाज करेंगे उक्त जानकारी सुरेश दांडेकर ने दी है।

### तत्काल टिकट बुकिंग हेतु यात्री आरक्षण प्रणाली पीआरएस काउंटरों पर ओटीपी सुविधा लागू

**भाटापारा।** रेल्वे सुत्रो से प्राप्त जानकारी के अनुसार रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा बढ़ाने तथा तत्काल टिकट बुकिंग प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित एवं सुचारु बनाने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के यात्री आरक्षण प्रणाली पीआरएस काउंटरों पर तत्काल टिकट बुकिंग के लिए ओटीपी वन टाईम पासवर्ड आधारित प्रणाली लागू की है। यह सुविधा 18 दिसंबर दिन गुरूवार से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से प्रारंभ होने वाली 06 ट्रेनो के लिए पीआरएस काउंटरों पर प्रभावी होगी । ओटीपी आधारित इस व्यवस्था के अंतर्गत, तत्काल टिकट बुकिंग के समय यात्री के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी ज़ेजा जाएगा, जिसे दर्ज करने के पश्चात ही टिकट बुक किया जा सकेगा। इससे फर्जी बुकिंग, बॉट्स के दुरुपयोग एवं अनधिकृत गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित होगा तथा वास्तविक यात्रियों को अधिक लाभ मिलेगा । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से प्रारंभ होने वाली जिन ट्रेनों में यह सुविधा लागू की गई है।

# इंद्र साव ने घासीदास के बताए मार्ग पर चलने का आव्हान किया

**समवेत शिखर संवाददाता**

**भाटापारा।** बाबा गुरु घासीदास की 269 वी जयंती पर प्रगतिशील सतनामी समाज द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा का कांग्रेस विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में कांग्रेस भवन के पास स्वागत किया। उक्त अवसर पर कांग्रेस विधायक ने जैतखंभ और बाबा के चित्रों पर नारियल फूल चढ़ा कर पूजा अर्चना करते हुए पूरे क्षेत्र की जनता की खुशहाली की कामना के लिए बाबा से आशीर्वाद मांगा। विधायक ने बाबा गुरू घासीदास जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हम सभी बाबा की 269वीं जयंती मना रहे हैं, ताकि बाबा के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प ले सकें। उन्होंने कहा कि बाबा गुरू घासीदास ने अपनी साधना और तपस्या के बल पर पूरे मानव समाज को एकता के सूत्र में बांधा। छूआछूत की भावना को दूर करते हुए सर्व समाज को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि बाबा ने सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। आप



सभी उनके संदेशों का अनुकरण करते हुए जीवन में आगे बढ़ें। उक्त मौके पर ईश्वर सिंह ठाकुर, शैली भटिया, आलोक मिश्रा, चंद्रशेखर चक्रधारी, अजय ठाकुर, गेंदु साहू, ठाकुर राम साहू, नरेन्द्र यदु, चद्रकांत खुटे, मुकेश साहू, सीरीज जांगड़े, देवनारायण बांधे, नितिन शुक्ला, राजेंद्र वर्मा, आशा ध्रुव, रविशंकर ध्रुव,संजय केसरवानी, महेन्द्र साहू, भूलू कुर्रे, किशन जांगड़े, संजय बघेल, संजय टंडन, मनमोहन कुर्रे, मोहन निषाद,किरित वर्मा, शशांक बंजारे, जित्तु शर्मा व अन्य कांग्रेसी मौजुद थे।

# जिला जेल में बंदियों की आयु सत्यापन प्रक्रिया का किया गया अवलोकन

## किशोर न्याय व बाल संरक्षण से जुड़े प्रकरणों की समीक्षा की गई

**समवेत शिखर संवाददाता**

**गरियाबंद।** सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग,नई दिल्ली के निर्देशानुसार जेलों में निरुद्ध बंदियों की आयु सत्यापन प्रक्रिया के तहत शुक्रवार 19 दिसंबर को जिला जेल गरियाबंद का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया।

यह निरीक्षण दोपहर 3 बजे अधिवक्ताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के पैनल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अशोक कुमार पाण्डेय के निर्देश तथा जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी के मार्गदर्शन में गठित जेल निरीक्षण समिति में किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य पूर्णिमा तिवारी एवं केमेश्वरी साहू,बाल कल्याण समिति की



सदस्य ताकेश्वरी साहू,सामाजिक कार्यकर्ता लता नेताम तथा विधिक सह परिविक्षा अधिकारी शरदचंद निषाद शामिल रहे।निरीक्षण के दौरान समिति द्वारा जिला जेल के कुल पांच बैरकों का अवलोकन किया गया।समिति ने प्रत्येक बंदी से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी वास्तविक आयु के संबंध में जानकारी ली।निरीक्षण के समय जेल में कुल 193 बंदी निरुद्ध पाए गए,जबकि 36 बंदी अपने प्रकरण की अग्रिम कार्यवाही के लिए न्यायालय गए हुए थे। निरीक्षण के दौरान तीन बंदियों ने अपनी आयु 18 वर्ष से कम होने की आशंका जताई। इस पर जेल निरीक्षण समिति द्वारा संबंधित बंदियों की जन्मतिथि का सत्यापन कर उनके प्रकरणों में आवश्यक अग्रिम कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया गया।निरीक्षण में यह भी स्पष्ट हुआ कि जेल में ऐसा कोई प्रकरण नहीं पाया गया, जिसमें निरुद्ध रहने के कारण किसी बच्चे की देखरेख करने वाला कोई उपलब्ध न हो।जेल निरीक्षण के दौरान सहायक जेल अधीक्षक रवि भूआर्य,जेल मास्टर कुंजलाल सिन्हा तथा जेल प्रहरी नरेंद्र पटेल एवं डेमू यादव का सहयोग रहा।


# गणेश को ओड़िशा का प्रभारी नियुक्त किया

## कांग्रेसी खेमे में हर्ष का माहौल

**समवेत शिखर संवाददाता**

**भाटापारा।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिका अर्जुन खरगे लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष, राहूल गांधी, आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया, क ी अनुशंसा पर राष्ट्रीय महासचिव के. सी. वेणुगोपाल के द्वारा अखिल भारतीय राष्ट्रीय आदिवासी कांग्रेस के संयोजक पद पर व उडीसा प्रदेश के प्रभारी के रूप में गणेश सिंग ध्रुव की नियुक्ति की गई है।

भाटापारा से कांग्रेस पार्टी के एक छोटे से पार्टी कार्यकर्ता को केन्द्रीय नेतृत्व के द्वारा विश्वास करते हुए अखिल भारतीय राष्ट्रीय आदिवासी कांग्रेस के समन्वयक व उडीसा प्रदेश प्रभारी के रूप में नियुक्त किया गया है। नियुक्ति आदेश पर छ.ग. के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज , विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत , राज्य सभा सांसद



श्रीमती फूलो देवी नेताम , पूर्व मंत्री डॉ. प्रेमसाय टेकाम , डॉ. शिव कुमार डहरिया , अमरजीत भगत , अनिला ज़ेडिया , मोहम्मद अकबर , उमेश पटेल, व विधायक जनक राम ध्रुव, इन्द्र साव, सावित्री मनोज मंडावी, विक्रम मंडावी, अम्बिका मरकाम, अटल श्रीवास्तव, पूर्व विधायक गुलाब कमरो, यू.डी. मिंज, के. के. ध्रुव, लक्ष्मी ध्रुव, पूर्व केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त गिरीश देवांगन , विद्याभूषण शुक्ला , सुरेन्द्र शर्मा , शैलेष नितिन त्रिवेदी, आलोक चंद्राकर, सभी ने नियुक्ति पर बधाई दी है व इस नियुक्ति से भाटापारा में प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील माहेश्वरी, सुशील शर्मा, सतीष अग्रवाल, डॉ. बसंत भृगु, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेन्द्र ठाकुर, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती गौरी भृगु, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, अरूण यदु, अमर मंडावी, के.के. नायक, वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक तिवारी, ईश्वर सिंह ठाकुर, सचिन शर्मा, सत्यनारायण जोशी, चंद्रशेखर चक्रधारी, अजय ठाकुर, गैंदू साहू, त्रिलोक सलूजा, आलोक मिश्रा, दिवाकर मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, एवं कांग्रेसजन ने इस नियुक्ति पर गणेश सिंह ध्रुव को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# सरयू साहित्य सभा ने खोण्डे की प्रतिमा स्थापना का स्वागत किया

**समवेत शिखर संवाददाता**

**भाटापारा।** लगभग 54 वर्ष पूर्व नगर ने भाव विज़ेर कर देने वाला दृश्य देखा था जिसकी स्मृति आज भी जीवंत है एवं बुजुर्गो के माध्यम से वह भावना नयी पीढ़ी के बीच प्रवाहित होती नजर आ रही है सन् 1971के भारत - पाक युद्ध मे शहर के वीर सैनिक कृष्ण गजानन खोण्डे ने अपने प्राणों की आहूति देकर देश के विराट विजय मे अपनी अहम भूमिका निभाई थी ।

भाटापारा में उनकी अस्थि लेकर भारतीय सेना के प्रतिनिधि जब आये एवं नम आंखों से उनकी वीरता के गाथा सुनाए तो शासकीय बहुउद्देशीय विद्यालय वर्तमान मे इतवारी विद्यालय मे उपस्थित जन भाव विज़ेर एवं श्रद्धा से भर गया था । उनकी अंतिम यात्रा मे समूचा शहर उमड़ पड़ा था,नगर मे शिक्षा दीक्षा एवं यहीं से वायुसेना मे प्रवेश के साथ राष्ट्र सेवा के लिए कदम बढ़ाने वाले वीर शहीद को



पांच दशकों तक समुचित सम्मान नहीं मिल पाने की पीड़ा सदैव जनमानस के मन मे रहती थी,इसी पीड़ा को स्वर दिया गया नगर की रचनात्मक संस्था सरयू साहित्य परिषद द्वारा एवं एक अभियान छेड़ दिया गया शहीद के समुचित के लिए तथा नगर के प्रमुख जनप्रतिनिधियों के अलावा प्रशासन के अधिकारियों को ज्ञापन सौपने की कड़ी प्रारंभ हुई एवं शहीद के प्रतिमा स्थापना की मांग की गयी, नवनिर्वाचित पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा द्वारा इस पर संवेदना पूर्ण संज्ञान लेते हुए त्वरित सक्रियता का परिचय दिया गया एवं जय स्तंभ मे आयोजित विजय दिवस के अवसर पर उनके द्वारा शहीद की प्रतिमा स्थापना का ऐलान किया गया, जनमानस की बहुप्रतीक्षित आकांक्षा और सरयू साहित्य परिषद की मांग पर इस संवेदना तथा सक्रियता पूर्ण आचरण पर परिषद द्वारा पुष्पगुच्छ प्रदान कर नेता द्वय के प्रति आभार प्रदर्शन किया गया । उक्त मौके पर गौरीशंकर शर्मा,मुकेश शर्मा, हरिहर शर्मा,मोनू मानिक प्रसाद दुबे,गिरधर गोपाल शर्मा, अनिल ओझा,राजकुमार यदु,विशाल वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पहली बार टाइप-1 डायबिटीज बच्चों के लिए रोगी सहायता समूह बैठक

## टाइप-1 डायबिटीज एक चुनौती जरूर है, लेकिन यह बच्चों की जिंदगी को सीमित नहीं कर सकती

**समवेत शिखर संवाददाता**

**गरियाबंद।**डायबिटीज (बाल मधुमेह) से पीड़ित बच्चों और उनके परिजनों के लिए पहली बार रोगी सहायता समूह बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक राज्य एनसीडी सेल,जिला स्वास्थ्य समिति गरियाबंद,यूनिसेफ छत्तीसगढ़ और एमसीसीआर के तकनीकी सहयोग से संपन्न हुई। बैठक में टाइप-1 डायबिटीज से जूझ रहे बच्चों और उनके परिवारों को बीमारी से जुड़ी सही जानकारी, उपचार प्रबंधन, भावनात्मक सहयोग और दैनिक



जीवन में जरूरी देखभाल के बारे में मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने टाइप-1 डायबिटीज के कारण,शुरुआती लक्षण,इंसुलिन का सही उपयोग,बच्चों के संतुलित आहार,स्कूल में देखभाल और रोजमर्रा की सावधानियों पर विस्तार से जानकारी दी।बच्चों और अभिभावकों से संवाद कर उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। बैठक के दौरान बच्चों और उनके परिजनों ने अपने अनुभव,चुनौतियां और सफलताएं साझा कीं। जिससे अन्य परिवारों को प्रेरणा मिली और आपसी संवाद से एक-दूसरे से सीखने का अवसर मिला।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप,जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ वायके ध्रुव,जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ लक्ष्मीकांत जांगड़े, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अंकुश वर्मा,जिला नोडल सिकल सेल डॉ सुनील कुमार रेड्डी,जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम गणपत नायक और प्रभारी अस्पताल सलाहकार डॉ शंकर लाल पटेल मौजूद रहे।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री कश्यप ने कहा कि टाइप-1 डायबिटीज एक चुनौती जरूर है,लेकिन यह बच्चों की जिंदगी को सीमित नहीं कर सकती।उन्होंने बच्चों को आत्मविश्वास बनाए रखने,नियमित इलाज करने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए आगे बढ़ते रहने का संदेश दिया। वही विशेषज्ञ डॉक्टरो ने बताया कि भारत टाइप-1 डायबिटीज के नए मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है।जानकारी के अभाव,उपचार में लापरवाही और मानसिक दबाव के कारण कई बच्चे गंभीर स्थिति में पहुंच जाते हैं। ऐसे में गरियाबंद जिले में इस तरह की बैठक बच्चों और परिवारों के लिए राहत और जागरूकता का माध्यम बनी है।बैठक में जिले के कुल 17 टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चे एवं उनके परिवारजन शामिल हुए।

# विखं में 14000 बच्चो को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा,142 बूथ बने

**समवेत शिखर संवाददाता**

**फिंगेश्वर।** विकासखंड फिंगेश्वर में बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए सघन पल्स पोलियो अभियान का आयोजन 21 दिसंबर 2025 से 23 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.स्नेहलता हुमने ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू. एस.नवरत्न सर के निर्देशन में ,विकासखंड में पल्स पोलियो अभियान हेतु पूरी तैयारी कर ली गई है, 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को 21 दिसंबर 2025 को समय प्रातः 08 बजे से शाम 5 बजे तक बूथ स्थल जिसमें स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक भवन पर पोलियो की दो बूंद खुराक पिलाई जाएगी शेष दो दिन 22 व 23



दिसंबर को वैक्सीनेटर द्वारा घर घर भ्रमण कर छुट्टे हुए बच्चो को पोलियो की दो बूंद खुराक पिलाई जाएगी,पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने हेतु पल्स पोलियो अभियान से संबंधित सभी अधिकारी कर्मचारी, सुपरवाइजर आरएचओ सीएचओ ब्लॉक समन्वयक मितानिन कार्यक्रम मितानिन प्रशिक्षक, मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दे दिया गया है, पोलियो की दवा की समय पर उपलब्धता और कार्य की प्रभावी निगरानी के लिए सभी पोलियो बूथों को 06 सेक्टर में विभाजित किया गया है। प्रत्येक सेक्टर के लिए दो सुपरवाइजर नियुक्त किया गया है ।

मोबाइल टीम ट्रांजिट टीम गठन : अभियान की व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के साथ साथ शहरी इलाकों में बस स्टैंड पर पोलियो बूथ बनाए गए है। वहीं खदानों ईंट भट्टो छात्रावासों मदरसों हाई रिस्क एरिया हेतु ट्रांजिट टीम बनाया गया है, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की दो बंद खुराक से ना छुटे। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ हुमने ने सभी नागरिकों से अपील किया है कि अपने बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए 21 दिसंबर को पोलियो बूथ पर लाकर पोलियो की दो बूंद जरूर पिलाए ,आप सब के सहयोग से पहले दिन ही बूथ स्थल पर 100त्न बच्चो को पोलियो की दो बूंद पिलाई जा सके। ढूंढेंगे अबकी बार हर छूटा बच्चा हर छूटा द्वार प्रशिक्षण बीपीएम सौरभ विरमानी व बीईटीओ योगेश पराना के द्वारा दिया गया।

# पूरा विश्व सत्य से ज्यादा असत्य को ही स्वीकार करता है, लोगों को असत्य का पक्ष जल्दी स्पर्श कर जाता है

**समवेत शिखर न्यूज**

**अहमदाबाद।** उत्तराध्ययन सूत्र के चिंतन एवं मनन करने के बाद पाप विचारों को मन में प्रवेश होने के पूर्व लाख बार सोचना पड़ता है। लगभग तो शुभ विचार ही आते है लेकिन हमें हर समय पाप का प्रवेश मन में न हो उसकी सावधानी भी रखनी पड़ती है। आज के अध्ययन का सवाल है भाव सत्य-करण सत्य एवं योग सत्य से जीव को क्या प्राप्त होता है? कहते है सत्य के लिए सत्व चाहिए। पूरा विश्व सत्य से ज्यादा असत्य को ही स्वीकार करता है। असत्य के स्वीकार में ठग जाने का चांस है। फिर भी लोगों को असत्य का पक्ष जल्दी स्पर्श कर जाता है।

प्रखर प्रवचनकार-संत मनीषि गीतार्थ गच्छाधिपति प.पू.आ. देव राजयश सूरिश्वरजी महाराजा श्रोताजनों को संबोधित करते हुए फरमाते हैं कि फरमात्मा की आज्ञा के मुताबिक विचार करना वह भाव सत्य है। सोलह भावना वह महान सत्यों है। द्रव्य-क्षेत्र-काल भाव एवं भव को लक्ष्य में रखकर यथा योग्य निर्णय करने की शक्ति जिस महापुरूष में है वे गीतार्थ गुरू भगवंत है। जिस प्रकार चाय बनानी है तो शक्कर का प्रमाण होता है उसी प्रकार शास्त्र के मुजब परमात्मा की आज्ञा का पालन होता है यदि चाय में प्रमाण से ज्यादा शक्कर पड़ जाने तो चाय के बदले शेरडी का रस बन जाएगा उसी तरह शास्त्र में हरेक चीज का काल-मान एवं माप का प्रमाण अच्छी तरह से समझाया है।मुहपत्ति का पडिलेहण किस प्रकार से होता है तथा अवग्रह के अंदर तथा अवग्रह के बाहर क्या करना चाहिए उसकी अच्छी जानकारी शास्त्र में बताई है। चैत्यवंदन करना हो तब योग मुद्रा-मुक्ता मुद्रा होती है ये मुद्राएं जब हम करते है तब करण सत्य हुआ। जिसमें करण सत्यता आती है परिणाम अच्छा आता है। एक आचार्य को मारने के लिए दुश्मों ने अपने आदमी उस आचार्य के पीछे भेजे। पुनम की रात थी गुरूभगवंत खुल्ले में सोये हुए थे।



पूज्य गुरुदेव राजयश सूरीश्वर जी म. सा.

अचानक दुश्मन का कोई आदमी वहां आया। उसने देखा आचार्य भगवंत गहरी नींद में थे सोते सोते प्रतिलेखना करते हुए करवटे बदल रहे थे। दुश्मन के आदमी ने देखा ये महात्मा गहरी नींद में होने के बावजूद कोई जीव नींद में भूल से मर न जाए उसकी सावधानी रख रहे है। यदि मैं इस साधु भगवंत को मार डालूंगा तो मेरी गति क्या होगी? ये सोचते हुए उसके हाथ से तलवार गिर गए और इस ओर आचार्य की नींद खुली। उन्होंने देखा ये तो दुश्मन का आदमी है। साधु भगवंत से अपने भूल की माफी मांगी। एक क्रिया से हृदय में कैसा कैसा परिवर्तन आता है। करण सत्य के साथ भाव सत्य भी जरूरी है। अब योग सत्य याने मन-वचन-काया इन तीन योगों का जब सत्य में ओतप्रोत होता है तब ये योग सत्य बनता है। सामायिक 48 मिनिट की होती है और आपका ध्यान न रहा 68 मिनिट हो गई। सामायिक पारा नहीं विरति में हो ये चीज बराबर है परंतु समय के मुताबिक साधना होती है। पूज्यश्री ने फरमाया सत्य बोलने के लिए सत्व की अत्यंत जरूर है। सत्व बोलने के लिए सत्व की अत्यंत जरूर है। सत्व से ही सत्य बोला जा सकता है। और सत्य बोलने से ही सत्व बढ़ता है। दोनों एक दूसरे से जुड़े हुए है। परम पथ के नजदीक में रहे हुए गांधीजी ने सत्य का प्रयोग किया था। उन्होंने मन सत्य को ही परमेश्वर स्वरुप बताया। सत्य ही उनके प्राण थे। राजा हरिश्चंद्र का नाटक देखकर मन में जिस तरह से सत्य की प्रतिष्ठा की। आज जो भी गांधी जी का नाम लेते है उनके नाम के साथ सत्य एवं अहिंसा के पूजारी के नाम से जाने जाते है। आप भी हरेक प्रवृत्ति सत्य वचनमय बनाओ। परम निर्मल आत्मा बनकर शीघ्र आत्मा से परमात्मा बनें।

# खौली से गुखेरा तक गूंजा बाबा घासीदास का संदेश

## चन्द्राकर ने दिया सामाजिक समरसता का मंत्र

**समवेत शिखर संवाददाता**

**आरंग।** जिला पंचायत सदस्य वतन चन्द्राकर 18 दिसम्बर को महान संत, समाज सुधारक गुरु घासीदास बाबा की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में खौली, नरसिंगपुर, छाटापार, भोथली एवं गुखेरा गांवों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

जयंती आयोजनों में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थलों पर बाबा घासीदास जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए वतन चन्द्राकर ने कहा कि गुरु घासीदास बाबा का जीवन सत्य,



अहिंसा, समानता और मानवता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मनखे-मनखे एक समान का संदेश आज भी समाज को जोड़ने की सबसे बड़ी ताकत है। जाति, भेदभाव और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर शिक्षा, संस्कार और मेहनत के मार्ग पर चलना ही बाबा जी के विचारों का सच्चा सम्मान है।वतन चन्द्राकर ने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशामुक्ति, स्वच्छता और सामाजिक सद्भाव के अभियान में आगे आएं। उन्होंने कहा कि बाबा जी ने जिस समाज की कल्पना की थी, वह तभी साकार होगा जब हर व्यक्ति सत्यनिष्ठा, परिश्रम और आपसी भाईचारे को अपने जीवन में उतारे। महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने शिक्षा और स्वावलंबन को समाज की प्रगति की कुंजी बताया।इस अवसर पर ग्रामीणों ने अतिथि का पारंपरिक स्वागत किया और आयोजनों को सफल बनाने में सहयोग दिया। अंत में वतन चन्द्राकर ने सभी आयोजकों व उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त करते हुए गुरु घासीदास बाबा के आदर्शों को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

## ►► न्यूज ब्रीफ

### उद्योग मंत्री में विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का करेंगे लोकर्पण एवं भूमिपूजन आज

**कोरबा।** वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवागंन शनिवार 20 दिसंबर को कोरबा के बालको के विभिन्न वार्डों में 2 करोड़ 70 लाख 5 हजार रूपए के विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। मंत्री श्री देवांगन दोपहर 2 बजे कोरबा जिले के चेकपोस्ट बालको सामुदायिक भवन के पास पहुंचकर वार्ड क्र. 38 लालघाट चेकपोस्ट में 8 लाख रूपए की लागत से निर्मित सामुदायिक मंच का लोकार्पण एवं वार्ड क्र. 38 अंतर्गत रिस्दा में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य राशि 30 लाख रूपए, वार्ड क्र. 38 चेकपोस्ट भदरापारा ईश्वर साहू मोहल्ला में लूड़ी हेम्ब्रों घर से स्व. पवन पटेल घर तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य राशि 10 लाख रूपए, वार्ड क्र. 38 अंतर्गत अमर सिंह होटल के पास सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य राशि 08 लाख रूपए, वार्ड क्र. 38 अंतर्गत चेकपोस्ट भदरापारा ईश्वर साहू मोहल्ला में माखन यादव घर से नदी तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य राशि 14.50 लाख रूपए, वार्ड क्र. 39 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य राशि 30 लाख रूपए, वार्ड क्र. 46 परसाभाठा बालको नवधा पंडाल के पास किचन शेड व कक्ष निर्माण कार्य राशि 15 लाख रूपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे।



### दो दिवसीय वॉलीबाल महाकुंभ आज से

**गरियाबंद।** खेल प्रेमियों के लिए एक बड़ी सौगात के रूप में स्वर्गीय होरी लाल यादव की स्मृति में आयोजित भव्य दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ 20 दिसम शनिवार सुबह 11 बजे से कान्हा क्लब मैदान गरियाबंद में होने जा रहा है। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रतियोगिता को लेकर शहर में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजकों का दावा है कि दर्शकों को इस बार उच्च स्तरीय,रोमांचक और कड़े मुकाबले देखने को मिलेंगे।कान्हा क्लब गरियाबंद द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़, और उड़ीसा की प्रतिष्ठित वॉलीबाल टीमें हिस्सा लेने जा रही हैं। बाहरी राज्यों से आने वाली अनुभवी टीमों के कारण मुकाबलों का स्तर और अधिक रोमांचक होने की उम्मीद जताई जा रही है। टीम के कोच जी.डी. उपासने ने बताया कि कान्हा क्लब द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाना है। इस तरह के आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों को बाहर से आए अनुभवी खिलाड़ियों से सीखने का अवसर मिलता है। दर्शकों को भी बेहतरीन खेल देखने को मिलेगा और हर मुकाबला बेहद रोमांचक होगा।उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता न केवल प्रतिस्पर्धा का मंच है, बल्कि युवाओं में खेल के प्रति अनुशासन और जुनून भी पैदा करती है।

### 9वीं नेशनल स्कूल गेम्स में भोपाल की बेटी का कमाल

**भोपाल।** खेल प्रतिभाओं के लिए पहचाने जाने वाले भोपाल ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। इंदौर में आयोजित 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स प्रतियोगिता में भोपाल की 13 वर्षीय कराते खिलाड़ी दीक्षा सिंह गुरूंग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कराते स्पर्धा के अंडर-50 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश और शहर का नाम रोशन किया है। 15 से 19 दिसंबर तक चली इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के 29 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा और दबाव भरे मुकाबलों के बीच दीक्षा ने अपने आत्मविश्वास, तकनीकी कौशल और अनुशासन का बेहतरीन परिचय दिया। दीक्षा का प्रदर्शन शुरुआत से ही एकतरफा और प्रभावशाली रहा।



# बिलासपुर में 23-25 दिसम्बर तक राज्य युवा महोत्सव, 3100 युवा करेंगे भागीदारी

» 14 विधाओं में दिखाएंगे अपनी प्रतिभा, विजेता प्रतिभागियों को राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेने का मिलेगा मौका

» उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने राज्य युवा महोत्सव के पोस्टर का किया विमोचन

» प्रेस-कॉन्फ्रेंस में महोत्सव के दौरान होने वाले प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों की दी जानकारी

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** न्यायधानी बिलासपुर में आगामी 23 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक आयोजित राज्य युवा महोत्सव-2025 में 3100 युवा भागीदारी करेंगे। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई में इसका आयोजन किया जा रहा है। इसमें जिला स्तरीय युवा उत्सव के विजेता प्रतिभागी 14 विधाओं में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। राज्य युवा महोत्सव के विजेता प्रतिभागी अगले वर्ष होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। 23 दिसम्बर को महोत्सव के उद्घाटन समारोह में छत्तीसगढ़ की मेजबानी में होने वाले प्रथम खेलो इण्डिया ट्रायबल गेम्स की लॉन्चिंग सेरेमनी भी होगी। तीन दिवसीय इस आयोजन के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक एवं मंचीय कार्यक्रम भी होंगे।

उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव ने आज प्रेस-कॉन्फ्रेंस में राज्य युवा महोत्सव के दौरान होने वाले प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने अपने नवा रायपुर स्थित निवास कार्यालय में आयोजित प्रेस-कॉन्फ्रेंस में महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया। राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्व विजय सिंह तोमर, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव श्री यशवंत कुमार और संचालक श्रीमती तनूजा सलाम भी प्रेस-कॉन्फ्रेंस में मौजूद थीं।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रेस-कॉन्फ्रेंस में बताया कि छत्तीसगढ़ के युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने, उनकी प्रतिभा को निखारने तथा राष्ट्रीय स्तर पर उनके प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए मंच प्रदान करने राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2026 के तारतम्य में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला एवं राज्य स्तर पर युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राज्य के सभी जिलों में युवा महोत्सव का जिला स्तरीय आयोजन 24 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक किया गया था। जिला स्तर पर 14 विभिन्न विधाओं के विजेता प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में हिस्सेदारी करेंगे।

राज्य युवा महोत्सव में 14 विधाओं में प्रतियोगिताएं होंगी, जिनमें 8 दलीय विधाएं और 6 एकल विधाएं शामिल हैं। दलीय विधाओं में लोकनृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोकगीत, रॉक बैंड और एकांकी की प्रतियोगिताएं होंगी। वहीं एकल विधाओं में वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार (साइंस मेला) और पारंपरिक वेशभूषा शामिल हैं।

राज्य युवा महोत्सव में दलीय विधाओं में प्रथम स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को 20 हजार रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को 15 हजार रुपए एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को 10 हजार रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। एकल विधाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 5 हजार रुपए, 3 हजार रुपए एवं 2 हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे। महोत्सव में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक-एक हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

# रायगढ़-सारंगढ़ में घना कोहरा

### उत्तरी हिस्से में कड़ाके की ठंड, बच्चों की सेहत पर पड़ रहा असर, स्किन-हाइपोथर्मिया के मरीज बढ़े

समवेत शिखर संवाददाता

**रायपुर।** अगले पांच दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई विदेश परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इस समय प्रदेश में सबसे ज्यादा ठंड उत्तरी हिस्से में पड़ रही है। अमरकंटक में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री तक पहुंच गया है। यहां ओस की बूंदें जमकर बर्फबन गईं और हर तरफबर्फकी चादर बिछी नजर आई।

रामघाट, माई की बगिया, श्रीयंत्र मंदिर के पास भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला। रायगढ़ और सारंगढ़ जिलों के कई इलाकों में देर-रात से घना कोहरा छाने लगा, जिसका असर सुबह 8 बजे तक रहता है। लाइट जलाकर वाहन चलाना पड़ रहा है। वहीं पिछले 24 घंटों में प्रदेश में सबसे अधिक तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस जगदलपुर में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में रिकॉर्ड किया गया।कड़ाके की ठंड का असर बच्चों की सेहत पर भी पड़ रहा है। बीते एक महीने में अंबेडकर समेत निजी अस्पतालों में हाइपोथर्मिया के 400 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। अमरकंटक में रामघाट, माई की बगिया, श्रीयंत्र मंदिर सहित कई क्षेत्र में बर्फ की चादर बिछी नजर आई। अमरकंटक में रामघाट, माई की बगिया, श्रीयंत्र मंदिर सहित कई क्षेत्र में बर्फ की चादर बिछी नजर आई। रायगढ़ के छाल इलाके के बोजिया रोड में सुबह तक घना कोहरा छाया रहा। सरगुजा संभाग के प्रतापपुर इलाके में सुबह तक धुंध छाई रही। बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञों के मुताबिक, बच्चों का शरीर वयस्कों की तुलना में जल्दी ठंडा होता है। नवजातों की मांसपेशियां कम विकसित होती हैं, जिससे वे ठंड सहन नहीं कर पाते। वहीं, सीजेरियन डिलीवरी से जन्मे शिशुओं में हाइपोथर्मिया का खतरा और बढ़ जाता है। रायपुर में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 12.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.8 डिग्री कम है। वहीं अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री रहा। दिन और रात के तापमान में करीब 17 डिग्री का अंतर लोगों को बीमार कर रहा है।

# संत गुरु घासीदास जयंती समारोह में शामिल हुए महंत



समवेत शिखर संवाददाता

**अभनपुर।** महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज अभनपुर में आयोजित संत गुरु घासीदास जयंती समारोह में सम्मिलित हुए।

यहां पहुंचने पर आयोजन समिति के द्वारा उनका पुष्प माला से स्वागत किया गया, नवनिर्मित मंदिर में दर्शन पूजन एवं स्वागत के उपरांत उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए राजेश्री महन्त जी महाराज ने कहा कि- *हमें समाज में रहना है, आगे बढ़ाना है तो नशा से दूर रहना ही होगा। यह गुरु घासीदास जी के द्वारा दिए गए सात सिद्धांतों में से एक है।* उन्होंने पशु पक्षियों के प्रति भी दया का भाव रखा। गुरु घासीदास जी की विचारधाराओं पर विश्वविद्यालयों में शोध हो रहा है। गिरौदपुरी धाम दुर्गम क्षेत्र में स्थित है यह तप स्थली छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है। लोगों को नगर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिवार ने संबोधित करते हुए कहा कि- भारत भूमि संत महात्माओं की भूमि है यहां गौतम बुद्ध, कबीर दास जी, रैदास जी से लेकर गुरु घासीदास तक अनेक संतों ने भारतीय समाज के पथ प्रदर्शन का कार्य किया जो वंदनीय है। समाज सेवी एवं पत्रकार राधा कृष्ण टंडन ने भी लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर विशेष रूप से पार्षद चंपा लेढ़ेकर, हेमंत तारक, मुरारी दास वैष्णव, शरण साहू, लालजी टंडन,मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

# शिक्षिका की जली हुई लाश मिलने से सनसनी, सांई मंदिर के पीछे मिला शव

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** शुक्रवार सुबह गरियाबंद शहर उस समय दहशत में आ गया,जब सांई मंदिर के पीछे झाड़ियों में एक शिक्षिका की जली हुई लाश बरामद की गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।वही मृतका की पहचान सिविल लाइन क्षेत्र निवासी शिक्षिका जिनेश्वरी कुर्रे के रूप में हुई है,जो प्राथमिक शाला मजरकटा में पदस्थ थीं।परिजनों के अनुसार,जिनेश्वरी कुर्रे शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे स्कूटी से घर से निकली थीं। इसके कुछ घंटों बाद सांई मंदिर के पीछे झाड़ियों के पास एक जली हुई महिला का शव देखे जाने की सूचना पुलिस को मिली।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त की।



घटना की गंभीरता को देखते हुए एएसपी जितेंद्र चंद्राकर और एसडीओपी स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू की। प्रारंभिक जांच में मामला बेहद संदिग्ध प्रतीत हो रहा है।पुलिस हत्या, आत्महत्या अथवा दुर्घटना–तीनों पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

पुलिस ने मृतका का मोबाइल जब्त कर लिया है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।साथ ही परिजनों और परिचितों से भी पूछताछ की जा रही है।शव का पोस्टमार्टम कराया गया जिसकी रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।शिक्षिका का इस तरह जली हुई अवस्था में शव मिलना कई सवाल खड़े कर रहा है। घटना के बाद शिक्षा जगत सहित पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही पूरे मामले की सच्चाई सामने आ पाएगी।

# गुरु घासीदास जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

### नवापारा संत बड़ी संख्या में उमड़े समाजिक जन

समवेत शिखर संवाददाता

**नवापारा राजिम।** स्थानीय नवापारा मे नगर सतनामी समाज के तत्वाधान मे सतनाम धर्म के पथ प्रदर्शक संत परम पूज्य गुरू घासीदास जी का 269 वा जयंती गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

जयंती दिवस पर सतनामी पारा वार्ड क्र - 9 स्थित संत बाबा गुरुघासीदास मंदिर मे आकर्षक साज सजावट की गई थी. सुबह बाबा का गद्दी पूजन व आसान पश्चात घी का ज्योत जलाया गया. दोपहर 12 बजे समाज के युवाओ द्वारा एतेहासिक बाइक रैली निकाली गई जो नवापारा सहित आसपास के गांवो से होकर गुजरी. दोपहर 2 बजे श्वेत ध्वजा पालो चढ़ाया गया. तत्पश्चात शाम 5 बजे द्यसमाज द्वारा डीजे, धुमाल व पारम्परिक पंथी के थाप पर भव्य विशाल शोभायात्रा निकाली गई. उक्त शोभायात्रा में बाबा के महिमा की झाँकिया निकाली गई थी, जिनमे बाबा द्वारा गरियार बैल को नांगर में चलाना, राजा गुरु बालकदास की प्रतिमा, सतनाम धर्म की आस्था का प्रतीक जोड़ा जैतखाम के साथ बाबा की गद्दी आसान रथ पर सवार था. इस शोभायात्रा को देखने में हजारों की संख्या में नगरवासी चौक चौराहो पर उपस्थित थे. वही इस शोभायात्रा का नवापारा मुस्लिम जमात के युवाओ व पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी संजय साहू के नेतृत्व में स्वागत भी हुआ. शोभायात्रा का समापन वापस गन्तव्य स्थान पर आकर हुआ. कार्यक्रम को सफल बनाने मे नगर सतनामी समाज की ओर से समाज के अध्यक्ष दिनेश टंडन, विजय गिलहरे (गुरूजी), पालिका सभापति केकती बाई सोनवानी, टिकेश्वर गिलहरे, शिवनाथ बंजारे, तिजुराम बीफरे,राजेश गिलहरे, जीतेन्द्र कोसरे, चम्पू नवरंगे,टिकेश्वर गिलहरे, सागर कुर्रे,लखन बिफरे, कान्हा, ढाकेश्वर बीफरे, संतोष गिलहरे, युवा उपाध्यक्ष सागर गिलहरे, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र जांगड़े, सचिव कान्हा गिलहरे, सहसचिव मुकेश बांधे, सह संचालक राजेश गिलहरे, संरक्षक विश्वनाथ नवरंगे सहित सभी सजातीय बंधुओ का सराहनीय योगदान रहा।



# सीमा साहू शिक्षाशिल्पी सम्मान से सम्मानित

समवेत शिखर संवाददाता

**राजिम।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पांडुका गरियाबंद व्याख्याता सीमा साहू को उनके उत्कृष्ट शिक्षा में योगदान के लिए शिक्षा शिल्पी सम्मान से सम्मानित किया गया।

मौनतीर्थ मंगलनाथ मार्ग उज्जैन में ब्रह्मलीन मौनीबाबा के 116 वें श्रद्धापर्व के अवसर पर 5 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में श्री मौनतीर्थ हिंदी विद्यापीठ उज्जैन मध्यप्रदेश, एम.डी. एजुकेशन सोसायटी सरायपाली छत्तीसगढ़ (पंजीकृत संस्था) व कलिंगा यूनिवर्सिटी रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय शैक्षिक संगोष्ठी सह सम्मान कार्यक्रम ÷ शिक्षा शिल्पी रिफ्लेक्ट द पर्सेनालिटी ऑफ टीचर्स नेशनल कॉन्फ्रेंस कम अवार्ड सेरेमनी का आयोजन 13-14 दिसम्बर 2025 को श्री मौनतीर्थ पीठ चित्रकूट गंगाघाट मंगलनाथ मार्ग उज्जैन में डॉ. पी.आर.वासुदेवन 'शेष' सेवानिवृत्त वरिष्ठ हिंदी अधिकारी (भारत सरकार) चेन्नई (तमिलनाडु) के मुख्य आतिथ्य डॉ. नन्दलाल मणि त्रिपाठी 'पीताम्बर' ज्योतिष व धर्मशास्त्र के समसामयिक लेखक गोरखपुर (उत्तरप्रदेश) की अध्यक्षता, डॉ. संदीप गाँधी कुलसचिव कलिंगा विश्वविद्यालय नया रायपुर (छत्तीसगढ़), अमित पुरोहित मौनतीर्थ पीठ के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के दौरान देश के विभिन्न राज्यों के शिक्षकों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की भूमिका विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान अपने शोध आलेख प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में शिक्षण कार्य, कुशल प्रबंधन, योजना निर्माण, शिक्षा सुविधा, नेतृत्व, नियंत्रण, के साथ एक सुविधादाता के रूप में एक अच्छे शिक्षक के कर्तव्य व उत्तरदायित्व का निर्वहन किस प्रकार किया जाए विषय पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया। देश के विभिन्न राज्यों से चयनित 21 शिक्षकों को शिक्षाशिल्पी सम्मान ,8 शिक्षकों को शिक्षा शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के लिए उन्हें जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर ,भारत स्काउट गाइड जिला सचिव रोमन लाल साहू, प्राचार्य युवराज साहू ,जिला संगठन आयुक्त स्काउट आशीष कुमार साहू , डी टी सी सुनील देशलहरे,अंजू डेकर ,विकासखंड सचिव रामप्रसाद साहू, शिव शंकर कंवर,मुरारी साहू,धर्मेंद्र ठाकुर, लुकेश्वर प्रधान ,भोजन प्रभारी प्रेमलाल साहू, टेक्निकल प्रभारी चैतन्य यदु, मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू सहित समस्त पदाधिकारी गरियाबंद एवं शाला परिवार ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना दी।



# मुख्यमंत्री विष्णुदेव के नेतृत्व में जशपुर में स्वास्थ्य क्रांति

### दो वर्षों में बदली जिले की तस्वीर, आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की मिली बड़ी सौगात

समवेत शिखर संवाददाता

**जशपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बीते दो वर्षों में जशपुर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं ने ऐतिहासिक परिवर्तन का साक्षी बना है। कभी सीमित संसाधनों और बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझने वाला यह जिला आज आधुनिक चिकित्सा ढांचे, सुदृढ़ आपात सेवाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण प्रदेश के अग्रणी जिलों में अपनी मजबूत पहचान बना चुका है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से जशपुर की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। पहले जहां दूरस्थ अंचलों के लोगों को सामान्य उपचार और सुरक्षित प्रसव के लिए भी लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, वहीं अब जिले में ही उच्च स्तरीय उपचार की सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। डायलिसिस जैसी जटिल सेवाएं, जो कभी कल्पना से परे थीं, अब जिलेवासियों के लिए सुलभ होती जा रही हैं।



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए अनेक बड़े निर्णय लिए गए हैं। जशपुर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए वित्त विभाग से 359 करोड़ रुपये की सैद्धांतिक स्वीकृति मिलना जिले के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। इसके साथ ही 220 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक अस्पताल के निर्माण के लिए 32 करोड़ रुपये की मंजूरी ने जिले में उच्च स्तरीय चिकित्सा व्यवस्था की नींव रख दी है।अखिल भारतीय कल्याण आश्रम परिसर में 35 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक चिकित्सालय का निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी है, जो भविष्य में जशपुर को एक प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। वहीं नर्सिंग शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 8.78 करोड़ रुपये की लागत से नर्सिंग कॉलेज भवन निर्माण को स्वीकृति दी गई है, जिससे जिले को प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ की स्थायी उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करते हुए कुनकुरी में 50 बिस्तरों वाले मातृ-शिशु अस्पताल का निर्माण 8.77 करोड़ रुपये की लागत से प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त जिले में 14 करोड़ रुपये की लागत से फिजियोथेरेपी महाविद्यालय तथा कुनकुरी में 2 करोड़ 62 लाख रुपये से नेचुरोपैथी भवन निर्माण की स्वीकृति ने स्वास्थ्य सेवाओं को बहुआयामी बनाया है।वहीं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर जिले के फरसाबहार मुख्यालय में बहुत जल्द सत्य साईं मातृत्व शिशु चिकित्सालय की स्थापना होगी जो जिले वासियों के साथ पड़ोसी राज्यों को भी इसकी सुविधाएं मुहैया होगी। यह नागलोग क्षेत्र वासियों के लिए बड़ी सौगात है।अब स्वास्थय के क्षेत्र में लोगों के लिए यह वरदान साबित होगी।

# माहेश्वरी ने घासीदास बाबा की शोभायात्रा का किया स्वागत



समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा।** बाबा गुरु घासीदास जयंती पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी द्वारा अपने निवास के सामने प्रति वर्ष अनुसार फूलों की बरसात के साथ भव्य स्वागत किया गया।

उक्त अवसर पर उन्होने कहा कि परम पूज्य सतनाम पंथ के प्रवर्तक, महान समाज सुधारक, मानवता के सच्चे पथ प्रदर्शक गुरु घासीदास बाबा की जयंती के पावन अवसर पर आयोजित इस भव्य शोभा यात्रा का स्वागत करने का सौभाग्य हमें प्राप्त हुआ है। गुरु घासीदास बाबा केवल एक संत नहीं थे, वे सत्य, समानता और अहिंसा के प्रतीक थे। ऐसे समय में जब मानव मानव के बीच अंधविश्वास, छुआछूत और ज़ेदभाव का भाव था, तब बाबा जी ने मनखे-मनखे एक समान का अमर संदेश देकर मानव समाज को नई दिशा दी। शोभा यात्रा के स्वागत के दौरान आलोक मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य एवं ब्लॉक कांग्रेस अमर मंडावी, अजीत बाजपेई, दीपक वर्मा, सीरीज जांगड़े, भूलूं कुर्रे, संतोष सोनी,अयूब बाठिया,पुनीत मानिकपुरी, मनमोहन कुर्रे, विष्णु कौशले , मोहन निषाद, राजा तिवारी, प्रमिला साहू, गोपाल शर्मा, चंद्र कुमार साहू, शैलेन्द्र अहिरवार, नवीन बख्श, संजय केशवानी,रवि ध्रुव, सतरूपा वर्मा, निर्मला कोशरे , कुमारी जांगड़े,संजय बघेल, भूपेश जांगड़े, सतीश गेंद्रे, नीलकंठ ध्रुव, हिरमत साहू,ज्योति सतनामी, बृजमोहन वर्मा, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*

(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2023-25 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

## न्यूज़ ब्रीफ

### सांसद खेल महोत्सव 2025 का विधानसभा स्तरीय आयोजन प्रारंभ

**कोंडागांव।** सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत कोंडागांव विधानसभा स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ बड़े कनेरा रोड स्थित खेलो इंडिया सेंटर में उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच किया गया। इस आयोजन में कोंडागांव एवं माकड़ी विकासखंड से चयनित लगभग 400 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस खेल प्रतियोगिता में 0 से 18 वर्ष, 18 से 40 वर्ष तथा 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में आयोजित की जा रही हैं, जिनमें महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों के प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देना है। उद्घाटन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष श्री नरपति पटेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री जसकेतु उसेंडी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्री टोमेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्री नंदलाल राठौर, जनपद पंचायत कोंडागांव के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री उत्तम महोबिया तथा वरिष्ठ खेल अधिकारी सुश्री सुधा कुमार उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं पुनरीक्षण समिति की बैठक अब 24 दिसंबर को होगी

**जगदलपुर।** जिला प्रशासन ने आगामी 20 दिसंबर को प्रस्तावित जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया है। अब यह समीक्षा बैठक 24 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। नवीन निर्देशों के अनुसार बैठक का आयोजन 24 दिसंबर को दोपहर 03.30 बजे जगदलपुर स्थित कलेक्टर कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में सुनिश्चित किया गया है।

### सघन पल्स पोलियो राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान 21 से 23 दिसंबर तक

**दंतेवाड़ा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में सघन पल्स पोलियो राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन 21 दिसंबर से 23 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा। यह अभियान कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन में संचालित होगा। इस अभियान के अंतर्गत जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 41,441 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस तरह विकासखंडवार लक्ष्य के अनुसार दंतेवाड़ा में 13,463, गीदम में 11,723, कटेकल्याण में 6,585 तथा कुआकोंडा में 9,670 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी, ताकि बच्चों को पोलियो जैसी घातक बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पोलियो बूथ, मोबाइल टीमें एवं ट्रांजिट टीमें तैनात की जाएंगी। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, हाट-बाजार, ईंट-भट्टों सहित अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर विशेष व्यवस्था की जाएगी, जिससे कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। इस संबंध में जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

# कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं को दी गई भावभीनी विदाई

समवेत शिखर संवाददाता

**नारायणपुर।** राज्य सरकार द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश के तहत् नारायणपुर जिले की कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं को जिला बेमेतरा में कलेक्टर के पद पर पदस्थ किया गया है। उनके स्थानांतरण के उपलक्ष्य में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में विदाई समारोह आयोजित किया गया, जहां जिले के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें भावपूर्ण विदाई दी। समारोह के दौरान कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं के कार्यकाल में जिले में हुए विकास कार्यों और उनकी नेतृत्व क्षमता की सराहना की गई। उनकी कार्यशैली और नीतिगत निर्णयों को जिले के विकास में मील का पत्थर बताया गया। अधिकारियों ने कहा कि उनके मार्गदर्शन में जिले ने न केवल प्रशासनिक दक्षता में सुधार किया बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास के कई नए आयाम भी स्थापित किए। कलेक्टर ममगाईं के नेतृत्व में आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हुआ। नियद नेल्लानार, महिला सशक्तिकरण, बाल विकास और रोजगार सृजन के लिए कई योजनाएं सफलतापूर्वक संचालित की गईं।




समारोह में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने कलेक्टर ममगाईं को स्मृति चिन्ह भेंट किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई ने कहा कि कलेक्टर ममगाईं के साथ काम करना प्रेरणादायक अनुभव रहा। इस अवसर पर एसडीएम अभयजीत मण्डावी, डॉ. सुमित गर्ग, डिप्टी कलेक्टर सुनिल कुमार सोनपिपरे, सौरभ दीवान, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त डॉ. रोजेंद्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल, सहायक संचालक जनसंपर्क संतकुमार कच्छप, वरिष्ठ निज सहायक दीपक हिरवानी सहित जिले के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती पर जिले में निकली भव्य रैली

समवेत शिखर संवाददाता

**नारायणपुर,।** सतनाम भवन नया पारा नारायणपुर में बाबा गुरु घासीदास जी की प्रति वर्ष की भाती इस वर्ष भी बड़ी हर्षोल्लास के साथ सतनामी समाज एवं सभी लोगो के सहयोग से मनाया गया सर्व प्रथम बाबा गुरु घासीदास जी की प्रतीक चिन्ह जैतखंभ एवं फोटो युक्त सजी गाड़ी से नगर भ्रमण शोभा यात्रा ज्ञान गंगा सागर मुंगेली (चातरखार) पंथी पार्टी के विशेष सहयोग से पुलिस विभाग एवं जिला प्रशासन तथा नगर वाशियो के सहयोग से शोभा यात्रा निकला गया जिसमें हर चौक चौराहे में बाबा जी का पूजा अर्चना कर फूलों की बारिश किया गया । सतनाम भवन नया पारा नारायणपुर में बाबा गुरु घासीदास जी की जैत खाम में पालो श्री विनोद कुमार जी द्वारा सामाजिक सदस्यों की उपस्थिति एवं नगर वाशियो की सहयोग से किया गया।तत्पश्चात पूजा अर्चना सभी लोगो के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से श्री प्रताप मंडावी जी उपाध्यक्ष जिला पंचायत नारायणपुर एवं श्री इंद्र कुमार बघेल जी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नारायणपुर वरिष्ठ समाज सेवक श्री बृजमोहन देवांगन जी के साथ ही श्री लुपेंद्र महीनाग जी जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस जिला नारायणपुर श्री यशपाल प्रेक्षा जी उप संचालक पंचायत जिला नारायणपुर श्री अरविंद कुजूर सर डीएसपी नारायणपुर श्री सनातन मेरसा अध्यक्ष सतनामी समाज जिला नारायणपुर के साथ अन्य सामाजिक सदस्यों के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया । समाज के अध्यक्ष श्री सनातन मेरसा में स्वागत भाषण देते हुए बाबा गुरु घासीदास जी के जीवनी में प्रकाश डाला। श्री प्रताप मंडावी जी ने बाबा गुरु घासीदास जी के उपदेश को आज समाज के सभी लोगो को आत्मसात करने की बात कहा। श्री इंद्र कुमार बघेल जी ने मानव मानव एक समान की बात कहते हुए बाबा गुरु घासीदास जी को स्मरण किया। श्री बृजमोहन देवांगन जी ने सबसे पहले आयोजक समिति के सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री यशपाल प्रेक्षा जी ने बाबा गुरु घासीदास जी के समाज हेतु किए उल्लेखीय कार्यों को बताते हुए अपना विचार व्यक्त किया। श्री डाक्टर राजेंद्र सिंह जी बंजू ने प्प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया ।सतनाम भवन नया पारा नारायणपुर में बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती कार्यक्रम में जयकारा से गूंज उठा । इस कार्यक्रम में सामाजिक सदस्यगण श्री डाक्टर पी एन बघेल जी श्री अमर दीप कुर्रे श्री विनोद कुमार जी श्री राकेश सोनी जी श्री सुनील कुमार कुर्रे श्री सुरेंद बघेल एन के भारती जी चि जोशी जी मणि शंकर अंचल जी के अतिरिक्त सभी समाजिक सदस्य उपस्थित रहे बच्चों की मनमोहक। नृत्य ने सभी लोगो की मन मोह लिया । पुरस्कार राशि सभी बच्चों को उपस्थित लोगों द्वारा दी गई।

# रबी उद्यानिकी फसलों के लिए मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू

### 31 दिसंबर 2025 तक कराया जा सकेगा बीमा

समवेत शिखर संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय उद्यानिकी विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार शासन की अधिसूचना के अनुरूप वर्ष 2025-26 के लिए राज्य में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू कर दी गई है। इस योजना का उद्देश्य रबी मौसम में उद्यानिकी फसल उत्पादक किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से सुरक्षा प्रदान करना है। योजना के अंतर्गत रबी मौसम की प्रमुख उद्यानिकी फसलें टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, आलू एवं प्याज को शामिल किया गया है।

इस संबंध में दंतेवाड़ा जिले के इच्छुक एवं पात्र कृषक 31 दिसंबर 2025 तक कृषि सेवा केंद्र, संबंधित बैंक शाखा, सहकारी समिति अथवा एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधियों के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। इसके अलावा बीमा कंपनी के जिला स्तरीय प्रतिनिधि श्री चंदन कुमार निषाद से मोबाइल नंबर 9109258253 पर सीधे संपर्क भी किया जा सकता है। सहायक संचालक उद्यान, ने इस संबंध में जानकारी दी कि योजना में शामिल होने के लिए कृषकों को भू-अधिकार अथवा पट्टाधारक होने का प्रमाण पत्र, फसल बुआई प्रमाण पत्र या प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्व-घोषणा पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज जमा करना होगा। चयनित उद्यानिकी फसलों के बीमा हेतु किसानों को निर्धारित बीमित राशि का केवल पांच प्रतिशत प्रीमियम देना होगा, जबकि शेष प्रीमियम राशि राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा वहन की जाएगी। फसल बीमा से संबंधित जानकारी एवं बीमा कराने के लिए कृषक अपने-अपने विकासखंड स्तर पर संबंधित उद्यान अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त जिला स्तर पर सहायक संचालक उद्यान कार्यालय से भी आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त किया जा सकता है। इस योजना के तहत तापमान में अत्यधिक उतार-चढ़ाव, कम या अधिक वर्षा, बेमौसम वर्षा, कीट एवं व्याधि के अनुकूल मौसम, ओलावृष्टि, चक्रवाती हवाएं तथा तेज हवा की गति जैसी प्राकृतिक आपदाओं से फसलों को होने वाले नुकसान पर बीमा लाभ प्रदान किया जाएगा।

# मुख्यधारा की ओर लौटती जिंदगी : आत्मसमर्पित युवाओं के नए राह पर बढ़ते कदम

समवेत शिखर संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** समाज की मुख्यधारा में लौट कर नया जीवन शुरू करना साहस, संकल्प और सही मार्गदर्शन का परिणाम होता है। जिले में नक्सल उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वाले दो पूर्व नक्सल प्रभावित व्यक्तियों की जीवन यात्रा आज समाज के लिए प्रेरणा बन रही है।



इस क्रम में बीजापुर जिले के थाना जांगला क्षेत्र की निवासी 30 वर्षीय महिला जोगी पोड़ियाम पति दुकालु ने वर्ष 2010 में अल्पायु में नक्सल संगठन की राह पकड़ ली थी। संगठन में रहते हुए उन्हें मिलिशिया सदस्य एवं सप्लाई दल जैसे दायित्व निभाने पड़े। इस दौरान परिवार से दूरी, जंगलों में भटकना और हर समय पुलिस से मुठभेड़ का डर उनके जीवन का हिस्सा रहा। जुलाई 2025 में उन्होंने जिला बीजापुर में आत्मसमर्पण कर हिंसा का रास्ता छोड़ मुख्यधारा को अपनाया। आत्मसमर्पण के बाद वे पुनः अपने परिवार से मिल सकीं, जिससे उनके जीवन में स्थिरता और खुशी लौटी।

वर्तमान में वे लाइवलीहुड कॉलेज, दंतेवाड़ा में सिलाई मशीन ऑपरेटर का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें आवास, भोजन, कपड़े सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। हाल ही में जगदलपुर में आयोजित बस्तर ओलंपिक 2025 में प्रशिक्षणार्थियों को जिला एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से भाग लेने का जोगी पोड़ियाम को अवसर मिला, जिसमें उन्होंने रस्साकशी प्रतियोगिता में भाग लिया। इस तरह खेलों के माध्यम से उनका आत्मविश्वास और सामाजिक जुड़ाव बढ़ा है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद वे सिलाई मशीन के माध्यम से स्वरोजगार शुरू कर आत्मनिर्भर जीवन जीना चाहती हैं।

इसी तरह नारायणपुर जिले के ओरछा थाना क्षेत्र के निवासी 40 वर्षीय श्री अजय अलामी पिता मुराराम अलामी ने वर्ष 2007 में नक्सल संगठन ज्वाइन किया था। संगठन में रहते हुए उन्होंने आरपीसी सदस्य, जनताना सरकार अध्यक्ष एवं पार्टी सदस्य जैसे पदों पर कार्य किया। लंबे समय तक जंगलों में जीवन काटना परिवार से बिछड़ाव और निरंतर भय उनकी भी बीती जिंदगी का भयावह उनकी अध्याय था। वर्ष 2022 में संगठन छोड़कर वे घर लौट आए तथा सितंबर 2025 में जिला दंतेवाड़ा में उन्होंने आत्मसमर्पण किया।

आत्मसमर्पण के बाद उन्हें अपने परिवार से मिलने, सामान्य जीवन जीने और बाजार जाने जैसी स्वतंत्रताएं पुनः मिलीं।

## खेल-व्यापार-मनोरंजन

# टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों में जुटे वरुण चक्रवर्ती, अच्छे प्रदर्शन की जताई उम्मीद



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले, भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने आगामी आईसीसी टी20 विश्व कप की तैयारी के बारे में बात करते हुए बताया कि किसी भी खिलाड़ी के लिए इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की तैयारी के दौरान खुद पर दबाव बनाना और मानसिक रूप से खुद को चुनौती देना कितना महत्वपूर्ण है। भारत को ग्रुप 'ए' में नामीबिया, नीदरलैंड, पाकिस्तान और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ रखा गया है और भारत 7 फरवरी को मुंबई में अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।


'फॉलो द ब्लूज़' कार्यक्रम में वरुण ने इस बड़े टूर्नामेंट की तैयारी के बारे में कहा कि विश्व कप के लिए तैयार होने के लिए खुद पर लगातार दबाव बनाए रखना बहुत जरूरी है। आपको खुद को तब भी चुनौती देनी होगी जब कोई चुनौती न हो।

अगर कोई मैच आसान लगता है, तो आपको मानसिक रूप से दबाव बनाना होगा और खुद को चुनौती देना शुरू करना होगा। आत्मविश्वास, सही लेंथ पर गेंदबाजी करना और विपक्षी टीम को समझना महत्वपूर्ण हैं। यह एक प्रमुख कारक है जिसे मैं विश्व कप में लेकर जाना चाहता हूं। विपक्षी टीम को बेहतर ढंग से समझने के साथ, मुझे लगता है कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं। वरुण ने यह भी बताया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी हालिया सफलता का श्रेय बुनियादी बातों पर टिके रहने और अपनी सही लेंथ पर गेंदबाजी करने को जाता है।

# ट्रैविस हेड ने एडिलेड में लगातार चौथा टेस्ट शतक लगाया, डॉन ब्रैडमैन के रिकॉर्ड की बराबरी की

**एडिलेड (ए)।** इंग्लैंड के खिलाफ एडिलेड ओवल में खेले जा रहे सीरीज के तीसरे एशेज टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई बैटर ट्रेविस हेड तीसरे दिन शतक लगाकर नाबाद लौटे। इस शतक के साथ ही हेड ने डॉन ब्रैडमैन के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। हेड ने एडिलेड में लगातार चौथे टेस्ट में शतक लगाया है। इससे पहले उन्होंने इसी मैदान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ दो और भारत के खिलाफ मैच में शतक जड़ा था।

शुक्रवार को तीसरे दिन इंग्लैंड ने 213/8 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। इसके बाद इंग्लिश टीम पहली पारी में 286 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 371 रन बनाए थे। इससे ऑस्ट्रेलिया को 85 रन की बढ़त मिल गई। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 271 रन बना लिए हैं और 356 रन की बढ़त मिल गई है। आज इंग्लैंड ने 213/8 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर ने पारी को आगे बढ़ाया। स्टोक्स के रूप में 9वां विकेट गिरा। स्टोक्स 83 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आर्चर 51 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसी के साथ इंग्लैंड की पहली पारी समाप्त हुई। 85 रन की बढ़त के साथ उतरी ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका जैक वेदराल्ड के विकेट के साथ लगा। इसके बाद मार्नस लाबुशेन (13), उस्मान ख्वाजा (40) और कैमरन ग्रीन (7) आउट हुए। इंग्लैंड के लिए अब तक जोश टंग ने 2 विकेट लिए। ब्रायडन कार्स और विल जैक्स को 1-1 विकेट मिला।



# धुरंधर की सफलता के बीच अक्षय खन्ना ने किया हवन, पुजारी ने सादगी की तारीफ की

**मुंबई।** आदित्य धर की फिल्म धुरंधर में अपने काम के लिए मिल रही तारीफों के बीच अक्षय खन्ना ने एक बार फिर अपना सिग्नेचर मूव किया है÷ लाइमलाइट से दूर रहना। फिल्म की इतनी तारीफों के बावजूद, एक्टर फिलहाल लो-प्रोफाइल रह रहे हैं और अपने अलीबाग वाले घर पर समय बिताना पसंद कर रहे हैं। असल में, उनकी पर्सनल लाइफ हाल ही में तब चर्चा में आई जब शिवम म्हात्रे नाम के एक पुजारी ने सोशल मीडियो पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें अक्षय को घर पर वास्तु शांति हवन करते हुए दिखाया गया। वीडियो में अक्षय सफेद शर्ट और नीली डेनिम पहने दिख रहे हैं। म्हात्रे ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर रील शेयर करते हुए कैप्शन दिया, ÷मुझे एक्टर अक्षय खन्ना के घर पर पारंपरिक और भक्तिपूर्ण पूजा करने का सौभाग्य मिला। उनका शांत स्वभाव, सादगी और पॉजिटिव एनर्जी ने इस अनुभव को सच में खास बना दिया। उन्होंने आगे कहा, जब एक्टिंग में क्लास की बात आती है, तो अक्षय खन्ना सबसे अलग हैं। ऐतिहासिक फिल्म छावा में अपनी दमदार और असरदार भूमिका से उन्होंने एक बार फिर दर्शकों का ध्यान खींचा। इसके बाद धुरंधर में उनका तेज और इंटेंस किरदार, दृश्यम 2 में उनका संयमित लेकिन बेहद प्रभावशाली परफॉर्मेंस, और सेक्शन 375 में उनकी गंभीर, रियलिस्टिक भूमिका – हर फिल्म उनकी एक्टिंग यात्रा में एक नई ऊंचाई दिखाती है। सोच-समझकर चुने गए किरदारों, सार्थक सिनेमा और मैच्योर परफॉर्मेंस के साथ, अक्षय खन्ना दर्शकों के दिलों में एक खास और सम्मानित जगह बनाए हुए हैं।÷



# कैलिफ़ोर्निया बादाम के साथ क्रिसमस के हर पल को बनाएं खास

**मुंबई/रायपुर।** क्रिसमस बस आने ही वाला है, जो अपने साथ एक्साइटमेंट, गर्मजोशी और फेस्टिव माहौल का वादा लेकर आ रहा है। यह मौसम हमें ऐसे फ्लेवर का मज़ा लेने के लिए प्रेरित करता है जो खुशी देते हैं, साथ ही यादगार पलों को संजोने का मौका भी देते हैं। इस साल, कैलिफ़ोर्निया बादाम की पौष्टिक अच्छाई के साथ अपने हॉलिडे मील और गिफ्ट देने की परंपराओं को और भी खास बनाएं। इनमें 15 ज़रूरी पोषक तत्व होते हैं, ये खाने में क्रंची लगते हैं, साथ ही दिल की सेहत को बढ़ावा देते हैं, लंबे समय तक एनर्जी देते हैं और भूख को कंट्रोल करने में मदद करते हैं, खासकर ऐसे समय में जब दावतें, मिलन-समारोह और यात्राएं लगातार चलती रहती हैं। कैलिफ़ोर्निया बादाम की खासियत यह है कि इन्हें कई तरह से इस्तेमाल किया जा सकता है, और यही इनकी सबसे बड़ी ताकत है। चाहे इन्हें साबुत खाया जाए, काटकर या कद्दूकस करके, ये हर डिश में टेक्सचर और स्वाद बढ़ाते हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री सोहा अली खान ने साझा किया क्रिसमस मेरे लिए हमेशा विशेष महत्व रखता है–जो गर्मजोशी, साथ बैठकर किए गए भोजन और छोटी-छोटी पारिवारिक परंपराओं से भरा होता है।




# वेदांता एल्युमीनियम ने भारत के ऊर्जा लक्ष्यों को सशक्त बनाया, वित्तीय वर्ष 2025 में 1.57 बिलियन यूनिट हरित ऊर्जा का उपभोग किया

**रायपुर।** भारत के सबसे बड़ेएल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियमने घोषणा की है कि उसने वित्तीय वर्ष25 में 1.57 बिलियन यूनिट नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग किया। यह 2030 तक कार्बन उत्सर्जन कम करने के उसके रोडमैप में एक महत्वपूर्ण कदम है।इसके साथ ही, वेदांता एल्युमीनियम ने वित्तीय वर्ष21 की तुलना में 8.96त्न ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन तीव्रता में कमी दर्ज की है, लगभग 1,500 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा की दीर्घकालिक खरीद योजना को मजबूत किया है, और अपने संचालन में ऊर्जा-दक्षता परियोजनाओं का विस्तार जारी रखा है। ये सभी कदम भारत में कम-कार्बन विनिर्माण की दिशा में कंपनी की अग्रणी भूमिका को दर्शाते हैं।



वित्तीय वर्ष25 में, वेदांता एल्युमीनियम ने लंबी अवधि के नवीकरणीय ऊर्जा खरीद समझौतों के माध्यम से अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का विस्तार किया, जिससे स्वच्छ ऊर्जा को उसकी संचालन रणनीति का एक मुख्य स्तंभ बनाया गया।वेदांता एल्युमीनियम ने ऊर्जा संरक्षण, प्रक्रिया अनुकूलन, डिजिटल हस्तक्षेपों और संसाधन दक्षता के क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय प्रगति की है। इसमें उन्नत वेस्ट-हीट रिकवरी, बॉयलर और टर्बाइन के बेहतर प्रदर्शन, ऊर्जा-कुशल तकनीकों का उपयोगऔर प्लांट के संचालन में ऊर्जा खपत कम करने के लिए रियल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम शामिल हैं।

वेदांता एल्युमीनियम ने हाल के वर्षों में कई प्रभावशाली ऊर्जा-संरक्षण पहलें लागू की हैं, जिनमें इसकी पेटेंटेड पॉटलाइनिंग तकनीक भी शामिल है, जो प्रति टन एल्युमीनियम उत्पादन में 200 किलोवाटतक ऊर्जा की बचत करती है और स्मेल्टर की दक्षता बढ़ाती है।कंपनी ने व्यापक स्थिरता उपायों के माध्यम से378 मिलियन यूनिट (एमयू)ऊर्जा की बचत भी हासिल की है, जो कुल ऊर्जा खपत को कम करने पर उसके निरंतर ध्यान को दर्शाती है।

# नेस्ले इंडिया का रिक्रॉन पैनल्स के साथ साझेदारी से सर्कुलर इकॉनॉमी और सतत विकास के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता और मज़बूत हुआ

**मुंबई (ए)।** सततता की दिशा में अपने प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए, नेस्ले इंडिया ने रिक्रॉन पैनल्स के साथ सहयोग के माध्यम से प्लास्टिक सर्कुलैरिटी में निवेश किया है। नेस्ले इंडिया ने रिक्रॉन पैनल्स को उनकी वॉशिंग लाइन स्थापित करने में सहयोग प्रदान किया, जिससे उच्च गुणवत्ता वाले 'रीसाइकलैट' –जो कि रीसाइकल्ड पैनल्स के लिए कच्चा माल है – की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। यह सहयोग अगले पाँच वर्षों में 1,00,000 टन कार्बन डाइऑक्साइड एमिशन में कमी लाने के साथ-साथ प्लास्टिक सर्कुलैरिटी को बढ़ावा देगा।



इस साझेदारी के तहत, रिक्रॉन नेस्ले इंडिया की ओर से पोस्ट-कंज़्यूमर प्लास्टिक कचरे का कलेक्शन, सेग्रीगेशन और अपसाइक्लिंग करेगा। रिक्रॉन के प्रत्येक टन अपसाइक्ल्ड उत्पाद से 4.15 टन कार्बन डाइऑक्साइड एमिशन में बचत आती है।

इस इनिशिएटिव पर बात करते हुए, नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री मनीष तिवारी ने कहा, ÷नेस्ले में हम लगातार यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि हमारी पैकेजिंग लैंडफिल में कचरे के रूप में न पहुँचे।

# प्रथम आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

## भाजपा नेता प्रशांत ठाकुर के नेतृत्व में हुआ अभिनन्दन

समवेत शिखर संवाददाता



**जांजगीर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री और बाल संरक्षण आयोग के पूर्व राष्ट्रीय सदस्य यशवंत जैन जी का जिला मुख्यालय जांजगीर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया ।

ज्ञात हो कि आगामी 22 दिसम्बर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी छग की भाजपा सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। उक्त कार्यक्रम की तैयारी हेतु आज भाजपा जिला कार्यालय जांजगीर में बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें शामिल होने श्री जैन का जांजगीर आगमन हुआ।

श्री यशवंत जैन जी के प्रवास को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखा। श्री जैन के नगर आगमन पर कलेक्ट्रेट चौक जांजगीर में भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए श्री जैन ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सुशासन की पर्यायवाची है। शासन की जनकल्याणकारी काम को जन-जन तक पहुंचाने उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया।

इस अवसर पर भाजपा नेता प्रशांत ठाकुर, अभिमन्यु राठौर, जितेंद्र देवांगन, राहुल सेन, राकेश राठौर, सूर्यकांत सिंह, अनुराग तिवारी, पंकज अग्रवाल, दिव्यांश चंदेल, शिवचमन सिंह,सत्यलता मिरी, रामेश्वर कश्यप ,चंद्रकांत रात्रे, छोटू कुर्रे उमा सोनी, पूजा राठौर, धनेश्वरी जागृति ,अर्चना देवांगन, प्रेमलता कौशिक, धीरेंद्र योगी, रेखा गढेवाल, विक्की सिंह, अमित अग्रवाल, प्रकाश कहरा, गज्जू ध्रुव, गोलू दुबे, हरि सोनवानी , आनन्द मोदी, हेमंत पैगवार, अंकित अग्रवाल, अमित मितल संजू बंजारे, ऋषभ योगी,डॉ सोनू यादव ,सुज्जु सिंह,रूपेश झा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनादेश परब: छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर पुलिस लाइन खोखरा जांजगीर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम एवं विशाल आमसभा का होगा आयोजन



समवेत शिखर संवाददाता

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनादेश परब के तहत 22 दिसम्बर को पुलिस लाइन खोखरा, जांजगीर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम एवं विशाल आमसभा का आयोजन होगा।

कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जे.पी. नड्डा, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह सहित राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य शामिल होंगे। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा विकास कार्यों पर आधारित आकर्षक स्टॉल लगाए जाएंगे, जहाँ आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभ भी प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोक कलाकार पद्मश्री श्री अनुज शर्मा द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। राज्यस्तरीय आयोजन की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक श्री विजय कुमार पांडेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर रहे हैं, ताकि कार्यक्रम का आयोजन सुव्यवस्थित, सुरक्षित और सफ्लतापूर्वक संपन्न हो सके।

# प्रांतीय प्रमुख संगठन मंत्री ओंकार का प्रवास

## नव निर्वाचित पदाधिकारियों को दी शुभकामनाएं, संगठन को सशक्त करने का किया आह्वान

समवेत शिखर संवाददाता



**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के परम मृदुभाषी, अविस्मरणीय व्यक्तित्व, ऊर्जावान, मिलनसार एवं सदैव सहयोगी परम सम्माननीय श्री ओंकार सिंह ठाकुर जी आज रायगढ़ से बिलासपुर प्रवास के दौरान जांजगीर-चांपा इकाई के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ देने पहुँचे।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय मंत्री डॉ. भुवनेश्वर देवांगन, जिला जांजगीर-चांपा इकाई के जिलाध्यक्ष डॉ. रविंद्र द्विवेदी एवं संभागीय सचिव प्रमोद हंसराज ने प्रांत से पधारे प्रांतीय प्रमुख संगठन मंत्री श्री ओंकार सिंह ठाकुर तथा प्रांतीय महामंत्री मनोज राय का कौशेय वस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। सौहार्दपूर्ण वातावरण में संगठनात्मक चर्चा भी हुई।

उल्लेखनीय है कि प्रमुख संगठन मंत्री श्री ओंकार सिंह ठाकुर जी ने प्रांतीय महामंत्री मनोज राय के साथ अपने बिलासपुर प्रवास के दौरान दृढ़ इच्छा व्यक्त करते हुए जांजगीर-चांपा जिले में प्रांतीय मंत्री डॉ. भुवनेश्वर देवांगन के निज निवास पर पधारे, जहाँ उन्होंने प्रांतीय मंत्री के साथ संभागीय सचिव प्रमोद हंसराज, नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष डॉ. रविंद्र द्विवेदी, सेवानिवृत्त शिक्षक रविंद्र सराफएवं कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप श्रीवास से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने जिलाध्यक्ष सहित निर्वाचित सभी पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल, सफ्ल एवं संगठन-हितैषी कार्यकाल की मंगलकामनाएँ प्रेषित कीं।प्रदेश प्रमुख संगठन मंत्री श्री ओंकार सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि संगठन नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष डॉ. रविंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में जांजगीर-चांपा जिले में नई ऊर्जा, एकजुटता एवं प्रभावशीलता के साथ आगे बढ़ेगा। उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं के समाधान, अधिकारों की रक्षा तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने हेतु सतत, समर्पित एवं सकारात्मक कार्य करने का आह्वान किया।इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने डॉ. भुवनेश्वर देवांगन परिवार द्वारा आयोजित दोपहर भोज का आनंद लिया। तत्पश्चात प्रांतीय संगठन मंत्री एवं प्रांतीय महामंत्री संगठनात्मक चर्चा हेतु संभागीय पदाधिकारियों के साथ बिलासपुर प्रस्थान किए।

उक्ताशय की जानकारी छत्तीसगढ शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. रविंद्र द्विवेदी ने दी है।

# गुरु घासीदास जयंती पर शिकसा का हुआ आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता



**जांजगीर।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा संत शिरोमणि गुरु घासीदास के जयंती के अवसर पर आओ भज ले सतनाम का आयोजन रमेश तिवारी जिला क्रीड़ा अधिकारी जांजगीर चांपा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ ।

श्रीमति चमेली साहू व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल सुकली ने व राजगीत देव प्रसाद पात्रें प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला सिल्ली मुंगेली ने प्रस्तुत किया ।गुरु घासीदास के जयंती पर आयोजित यह कार्यक्रम बहुत ही सुंदर बहुतों ने अपनी स्वरचित कविता के माध्यम से बाबा के संदेशों को प्रस्तुत किया है अकादमी में प्रतिभा की कोई कमी नहीं प्रतिभामंडित लोगो के बीच अपने आपको पाकर बहुत अच्छा लग रहा है उक्त उद्गार मुख्य अतिथि की आसंदी से रमेश तिवारी ने व्यक्त की।संस्थापक संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस ने कहा बाबा के संदेशों को लोगो तक पहुंचाना है हमारा शि कसा परिवार निरंतर गीत कविता के माध्यम से ऐसे आयोजनों में अपनी प्रस्तुति देते है।कार्यक्रम को कार्यक्रम के संयोजक व प्रदेश महासचिव डॉ.बोधीराम साहू,प्रदेश कोषाध्यक्ष जगन्नाथ देवांगन,कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान ने संबोधित करते हुए कहा विशेष अवसरों पर हमारा अकादमी इस तरह के आयोजन कर महान व्यक्तित्व के किए कार्यों से प्रेरणा के लिए प्रेरित करने का कार्य करते है, वहीं संस्थापक संयोजक के दूरगामी सोच से प्रतिभाओं को यहां स्थान मिल रहा है ।कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम कंवर प्रदेश संगठन मंत्री ने किया । कार्यक्रम में दिनेश कुमार दुबे प्रधान पाठक, देवनारायण राज प्रधान पाठक, चेतन सिंह चौहानशिक्षक,हर नारायण साहू व्याख्याता, ओ.पी.कौशिक ÷रतनपुरिहा÷ प्राचार्य, हरमन कुमार बघेल व्याख्याता, श्री मती किरण शर्मा व्याख्याता, हेमा चन्द्रवंशी प्रधान पाठक, श्रीमती दुर्गा पाठक जोशी प्रधान पाठक,श्रीमती रेखा पात्रे, सहायक शिक्षक,नेहा, श्रीमती शशिकला पाण्डेय उच्च वर्ग शिक्षक,श्रीमती सुनीता चौधरी, सरोज बंजारे,श्री मती किरण शर्मा व्याख्याता,मोहित शर्मा शिक्षक, राजीव गुप्ता सहित शिक्षकों ने प्रस्तुति दी ।

# गुरु घासीदास जयंती पर भव्य हिन्दू सम्मेलन हुआ



समवेत शिखर संवाददाता

**अंबिकापुर।** गुरुघासीदास जयंती के पावन अवसर पर हिन्दू जागरण समिति, गाँधीनगर द्वारा एक भव्य हिन्दू सम्मेलन का सफ्ल आयोजन किया गया। यह सम्मेलन देशभर में सभी मंडलों एवं बस्तियों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है, जिनकी संख्या एक लाख से अधिक होगी।

कार्यक्रम में बस्ती के सभी समाज प्रमुखों को मंच पर आमंत्रित कर समिति द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त प्रचारक अभयराम जी रहे। उन्होंने हिन्दू संस्कृति को एक श्रेष्ठ, समृद्ध एवं मानवता तथा विश्व कल्याण के लिए आदर्श विचार परम्परा बताते हुए कहा कि यह संस्कृति सबके प्रति आत्मीयता, स्नेह और विश्वास का भाव विकसित करती है।

उन्होंने पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज परिवर्तन की अवधारणा को विस्तार से स्पष्ट करते हुए कहा कि बड़े से बड़े परिवर्तन की शुरुआत छोटे-छोटे व्यवहारिक प्रयासों से होती है। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि जाति एवं वर्ग की दीवारें खड़ी करने के बजाय राष्ट्र के गौरव के लिए एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए। हमारा सामर्थ्य भारत को समृद्ध, सुदृढ़ एवं समर्थ बनाने में लगे—यही जीवन की वास्तविक सार्थकता है।अभयराम जी ने गुरुघासीदास के आदर्श जीवन से प्रेरणा लेते हुए सामाजिक कुरीतियों को त्यागने तथा बिना किसी भेदभाव के सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने का संदेश भी दिया।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 100 आरती थालों से भारत माता की आरती रही, जिससे सम्पूर्ण वातावरण अत्यंत भक्तिमय, भावपूर्ण एवं दर्शनीय बन गया।समिति के उपाध्यक्ष सरस्वती यादव, निशिकांत भगत, विपिन पाण्डेय, निरंजन राय, वीर बहादुर यादव, पूर्णानन्द यादव एवं मिटकूराम उज्ज्वल तिवारी ने उत्कृष्ट व्यवस्था एवं समन्वय के माध्यम से कार्यक्रम को सफ्लतापूर्वक सम्पन्न कराया।इस अवसर पर शीला पटेल एवं पंडित सोमनाथ शास्त्री जी ने भी सारगर्भित एवं प्रेरणादायी उद्बोधन दिया, मंच पर अंबिकापुर की महापौर मंजूषा भगत की भी उपस्थिति रही। शेष ठाकुर की मंडली द्वारा प्रस्तुत सुन्दरकाण्ड एवं भारत माता की आरती ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का सशक्त एवं प्रभावी संचालन यतेन्द्र गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष के. डी. दुबे, सचिव दिलीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोज कुशवाहा, उपाध्यक्षगण, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# गोयल किडन गार्डन स्कूल में मनाया गया फनफिस्ट

## नपा अध्यक्ष संगीता सिंह ने फनफिस्ट मेले का किया उद्घाटन

समवेत शिखर संवाददाता





**पत्थलगांव।** पत्थलगांव में आज गोयल किडन गार्डन स्कूल में फंनफिस्ट मेले का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्षासंगीता सिंह एवं नगर के गणमान्य लोगों की मौजूदगी में फीता काटकर किया गया। जिसमें स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक व्यंजनों के स्टॉल के अलावा खेलकूद प्रतियोगिता के भी स्टार लगाए गए ।नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपने-अपने स्तर में व्यंजनों के अलावा स्वच्छता का ध्यान रखते हुए डस्टबिन भी लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। फंनफिस्ट मेले के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष संगीता सिंह, अध्यक्षता नगर पालिका उपाध्यक्ष अजय बंसल , अग्रवाल सभा अध्यक्ष परशुराम अग्रवाल सविता बंसल पार्षद,पप्पल गोयल मौजूद रहे ।सर्वप्रथम माता सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। किडन गार्डन गार्डन स्कूल की संचालिका सुमन गोयल ने बताया कि 2020 में गोयल किडन गार्डन के स्कूल की शुरुआत की गई थी जहां आज विद्यालय में 250 बच्चों का अध्यापन कार्य कराया जा रहा है उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को 15 साल की उम्र से पहले कहीं बाहर छात्रावास स्कूल में नहीं भेजना चाहिए हम अभिभावकों की सोच होनी चाहिए कि बच्चों को प्रारंभिक मजबूत नींव के लिए हम अपने पास ही रखकर बच्चों को शिक्षा व अन्य कार्य कर सके ताकि बच्चे का लगाव हम लोगों की प्रति जागृत हो सके अन्यथा बच्चा हमेशा के लिए ही बाहर का हो जाता है । नगर पालिका अध्यक्ष संगीता सिंह ने कहा कि बच्चों का बचपन मिट्टी की तरह होता है जिस तरह कुम्हार मिट्टी को किसी भी तरह का रूप देकर उसे परिवर्तित कर देता है इसी तरह बच्चों का बचपन व प्रारंभिक शिक्षा जिस तरह से हमारे द्वारा दी जावेगी बच्चे इन्हीं बातों को ग्रहण करेंगे बच्चों का बचपन से ही जिस तरह से रूप देना हो उस रूप में ढल जाते हैं । नगर पालिका उपाध्यक्ष अजय बंसल ने कहा कि गोयल किडन गार्डन स्कूल के बच्चों की पढ़ाई का आकलन मेरे द्वारा करीब से देखा गया है जहां बच्चों को पढ़ाई से लेकर खेल , सांस्कृतिक कार्यक्रम व अन्य गतिविधियों को भी कराया जाता है । स्कूल के बच्चों द्वारा आगंतुक अतिथियों का स्वागत गीत गाकर स्वागत किया गया किरण गार्डन स्कूल के डायरेक्टर सुमन गोयल द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया वहीं स्कूल के संचालक पप्पल गोयल द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# करमी टिकरा सुपरवाइजर पर गिरी कार्रवाई की गाज

## कार्यकर्ताओं/सहायिकाओं के शिकायत उपरांत हुवे जांच पर हुई सेक्टर बदलने की कार्रवाई

समवेत शिखर संवाददाता

**पत्थलगांव।** आखिरकार करमी टिकरा सेक्टर की पर्यवेक्षक राजकुमारी साहू को प्रशासन ने करमी टिकरा सेक्टर से हटा किलकिला सेक्टर भेज दिया है, कार्यकर्ताओं/सहायिकाओं में असंतोष होने के कारण गंभीर आरोपों की जांच उपरान्त यह आदेश महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा जारी किया गया है।

छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका पंजी.409 की जिलाध्यक्ष श्रीमती कविता यादव से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 22/10/25 को करमीटिकरा सेक्टर की कार्यकताओं/सहायिकाओं के द्वारा एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना कार्यालय पत्थलगांव में परियोजना अधिकारी के पास करमी टिकरा सेक्टर की सुपरवाइजर श्रीमती राजकुमारी साहू के विरुद्ध गंभीर आरोप लगा शिकायत किया गया था,उक्त शिकायत के तारतम्य में संदर्भित शिकायतों के जांच हेतु दिनांक 15.12. 2025 को परियोजना कार्यालय के सभा कक्ष में अपरान्ह 2:00 बजे समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं / सहायिकाओं एवं पर्यवेक्षक श्रीमती राजकुमारी साहू का मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पत्थलगांव के उपस्थिति में जांच एवं बैठक आहुत किया गया है। जिसमें सेक्टर करमीटिकरा के सभी आं.बा.कार्यकर्ताओं / सहायिकाओं को उपस्थित होना अनिवार्य निर्देशित किया गया। इस कार्यवाही में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पत्थलगांव के द्वारा करमी टिकरा सेक्टर की सुपरवाइजर श्रीमती राजकुमारी साहू को यहां रखने या अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने संबंधी समर्थन/विरोध का राय कार्यकर्ताओं/सहायिकाओं से मांगा।जिसमें 33 आंगनबाड़ी केंद्र से 32 कार्यकर्ताओं/सहायिकाओं ने समर्थन में हस्ताक्षर किया तो वहीं 34 कार्यकताओं ने यहां से हटाए जाने के संबंध में सहमति देते हुवे पत्र में हस्ताक्षर किया है।यहां लगभग 60 प्रतिशत कार्यकर्ताओं/सहायिकाओं में सुपरवाइजर राजकुमारी साहू के विरुद्ध असंतोष देखने के कारण जनपद पंचायत सीईओ ने करमी टिकरा सेक्टर की सुपरवाइजर को यहां से अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने के संबंध में प्रतिवेदन बना डीपीओ महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय जशपुर भेजने परियोजना अधिकारी पत्थलगांव को निर्देशित किया।जिस संबंध में प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी योगेश भगत ने दिनांक 17/12/25 को आदेश जारी करते हुवे पत्थलगांव परियोजना क्षेत्र अंतर्गत करमी टिकरा की सुपरवाइजर राजकुमारी साहू पर प्रशासनिक कार्यवाही किया है और उन्हें करमी टिकरा सेक्टर से हटा किलकिला सेक्टर में भेज दिया है,योगेश भगत डीपीओ द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब करमी टिकरा सेक्टर में श्रीमती संतोषी चौहान को सुपरवाइजर के रूप में पदस्थ किया है।उक्त जारी आदेश के बाद न्याय मिलने पर जिलाध्यक्ष श्रीमती कविता यादव ने जशपुर कलेक्टर रोहित व्यास,पत्थलगांव सीईओ के के श्रीवास और परियोजना अधिकारी शशि का आभार व्यक्त करते हुवे कहा है कि मामले में सच की जीत हुई है।विष्णु सुशासन में चल रहे जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत हमें न्यायप्रणाली पर पूरा भरोसा था,आज इसी का परिणाम है कि करमी टिकरा सेक्टर की सुपरवाइजर को गंभीर शिकायत पर जांच उपरान्त प्रथम दृष्टया हटाया गया है।शासन प्रशासन से आगे निवेदन भी है कि मामले में सुपरवाइजर पर लगे गंभीर आरोपों की बिंदुवार जांच हो और दोषी के विरुद्ध कार्यवाही की जाए।

करमी टिकरा की सुपर वाइजर राजकुमारी साहू पर सेक्टर की कार्यकर्ताओं/सहायिकाओं ने दुर्व्यवहार करने सहित कई गंभीर आरोप लगाया था,इस संबंध में यहां की कार्यकर्ताओं/सहायिकाओं ने दिनांक 22/10/25 को परियोजना अधिकारी,एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना कार्यालय पत्थलगांव में आवेदन दिया था,जिसके उपरांत छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ का बैठक करमी टिकरा में दिनांक 22/11/25 को आयोजित हुआ,संघ के बैठक में कार्यकर्ताओं/सहायिकाओं ने सुपरवाइजर के विरुद्ध गंभीर आरोपों का पिटारा खोला,जिसकी लिखित शिकायत दिनांक 22/11/25 को सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय से किया गया।तत्पश्चात संघ के तरफसे दिनांक 05/12/25 को जशपुर कलेक्टर रोहित व्यास और जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा के पास मामले की लिखित शिकायत की गई।

# जंगल में सूअर को करंट मारने बिछाए गए तार में उलझे दो व्यक्ति की मौत

समवेत शिखर संवाददाता



**तुला/पत्थलगांव।** मामला इस प्रकार है कि 14.12.25 को मृतक विलियम कुजूर उम्र 31 वर्ष व दिलीप राम खड़िया निवासी ग्राम सेरमाटोली, चौकी कोल्हेनझरिया व थाना तुमला जिला जशपुर (छ ग) के परिजनों ने थाना तुमला में सूचना दर्ज कराई थी, कि दिनांक 12.12.25 को मृतक विलियम कुजूर व दिलीप खड़िया अपने कुछ साथियों के साथ ग्राम डांगबंधी के जंगल की ओर चिड़िया मारने हेतु गए हुए थे, जंगल में उनके कुछ साथी अन्य रास्ते से घर लौट आए, मृतक विलियम कुजूर व दिलीप खड़िया दूसरे रास्ते से घर लौट रहे थे, परंतु देर रात तक घर नहीं पहुंचे, जिस पर विलियम कुजूर व दिलीप खड़िया के परिजनों व उनके साथ जंगल गए साथियों के द्वारा, जंगल जाकर खोज बीन किया जा रहा था, आस पास, रिश्तेदारों में भी पता साजी किया गया, कहीं पता नहीं चला।परिजनों की सूचना थाना थाना तुमला में गुम इंसान दर्ज कर जांच पता साजी व विवेचना में लिया गया था।पतासाजी के दौरान पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए, ग्राम डांगबंधी के जंगल व आस पास के इलाकों में दोनों गुम व्यक्ति विलियम कुजूर व दिलीप खड़िया की खोज बीन की जा रही थी, साथ ही उनके साथ जंगल गए साथियों से भी पुलिस विस्तृत पूछताछ कर रही थी।चूंकि दोनों व्यक्ति अचानक गायब हुए थे, अतः पुलिस के द्वारा किसी संज्ञेय अपराध की अंदेशा पर,पारिवारिक विवाद,दुश्मनी जैसे दूसरे एंगल पर भी जांच की जा रही थी, पुलिस उक्त संबंध में ग्रामीणों से भी कथन ले रही थी , साथ ही पुलिस की मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया था। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से पता चला कि ग्राम डांग बंधी के एक व्यक्ति आरोपी आयटू लोहार, उम्र 30 वर्ष को डांग बंधी के कागजपुडा डेम के पास घूमते हुए देखा गया है, व उसकी गतिविधि भी संदिग्ध प्रतीत होती है, जिस पर पुलिस के द्वारा आरोपी आयटू लोहार को हिरासत में लिया गया।आरोपी आयटू लोहार से पूछताछ करने पर, वह बार बार अपना बयान बदलकर, पुलिस को गुमराह करने की कोशिश कर रहा था, परंतु पुलिस के मनोवैज्ञानिक पूछताछ के आगे वह झुक गया और बताया कि दिनांक 12.12.25 को उसके द्वारा ग्राम डांगबंधी के ही अपने चार साथियों के साथ मिलकर, जंगल के पास एक अरहर के खेत में, जंगली सूअर को मारने के लिए खुला बिजली का तार बिछाया गया था, रात्रि में वे जंगली सूअर के करंट से मरने की अंदेशा पर, बिजली करंट तार बिछाए, अरहर के खेत के पास जाकर देखा गया तो पाया कि करंट की चपेट में आकर पड़ोसी ग्राम सेरमाटोली के दो व्यक्ति क्रमशः विलियम कुजूर व दिलीप खड़िया की मृत्यु हो गई थी, जिससे भय में आकर उनके द्वारा , बिजली के तार को हटा कर, साक्ष्य छिपाने के लिए, दोनो के शव को बोरे में भरकर, कुछ दूरी पर स्थित कागजपुड़ा डेम में, बेशरम के पौधे की झाड़ी के नीचे छुपा दिया गया है। आरोपी आयटू लोहार की निशानदेही पर पुलिस के द्वारा काग़जपुड़ा डेम से, दोनो गुम इंसान विलियम कुजूर व दिलीप खड़िया के शव को बरामद कर लिया गया है। घटना स्थल के निरीक्षण व शव के पंचनामा के पश्चात डॉक्टर से शव का पोस्ट मार्टम कराया गया। शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉक्टर के द्वारा मृत्यु का कारण करंट से झुलसकर होना बताने पर, पुलिस के द्वारा मामले आरोपियों के विरुद्ध थाना तुमला में बी एन एस की धारा 105,238 व 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस के द्वारा आरोपी आयटू लोहार की निशानदेही पर मामले से जुड़े अन्य चारों आरोपियों को भी चिन्हित कर लिया गया है, जो कि मौके से फ़रार है।